# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## सप्तम पुष्प : 2023–2024

## (जन्म शताब्दी वर्ष)

















# जन्म शताब्दी वर्ष : 2024
# हमारे प्रेरणास्त्रोत




**पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा (नौगाँव),**
**जिला-महोबा (उ.प्र.) 471201**
**में स्थापित पूज्य दद्दाजी की प्रतिमा**

ॐ

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## सप्तम पुष्प : (सत्र : 2023-2024)

### जन्म शताब्दी वर्ष : 2024

(01.04.2023 से 31.03.2024 तक)

**न्यासी मंडल**

डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)
श्रीमती आशा रावत (सचिव)
श्रीमती मालती मिश्रा (न्यासी)
श्रीमती रेखा अवस्थी (कोषाध्यक्ष)
डॉ. रचना मिश्रा,
श्रीमती प्रमिला मिश्रा व संकल्प मिश्र

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

नेह निकुंज, बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)
नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| 1. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व | 9 |
| 2. | ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति माँ शांति मिश्रा | 11 |
| 3. | अध्यक्षीय मनोगत : | 14 |
| 4. | कार्यक्रम विवरण : | 19 |
| 1. | कचरा निष्पादन मशीन हस्तातंरण | 31 |
| 2. | वृक्षारोपण अभियान | 32 |
| 3. | वृक्षारोपण अभियान | 33 |
| 4. | षष्टम पुष्प : लोकार्पण एवं श्रीराम नवमी महोत्सव : 2023 | 34 |
| 5. | श्रीमती शांति मिश्राजी की षष्टम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ, श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह | 36 |
| 6. | श्रीमती शांति मिश्राजी की षष्टम पुण्यतिथि पर 23वाँ नि:शुल्क नेत्र शिविर | 39 |
| 7. | माताजी की पुण्यतिथि पर भजन संध्या एवं श्रद्धांजलि सभा | 40 |
| 8. | वृक्षारोपण अभियान | 42 |
| 9. | वृक्षारोपण अभियान | 43 |
| 10. | परशुराम जयंती पर वृक्षारोपण एवं वृक्ष वितरण | 44 |
| 11. | बीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा | 46 |
| 12. | बुद्ध पूर्णिमा पर वृक्षारोपण | 48 |
| 13. | इक्कीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा | 49 |
| 14. | बुद्ध पूर्णिमा पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा | 51 |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | वृक्षारोपण अभियान | 53 |
| 16. | वृक्षारोपण अभियान | 54 |
| 17. | डॉ. राकेश–प्रमिला मिश्राजी की 26वीं वर्षगाँठ पर वृक्षारोपण | 55 |
| 18. | वृक्षारोपण अभियान | 56 |
| 19. | वट सावित्री पर्व पर वृक्ष पूजन एवं वृक्षारोपण | 57 |
| 20. | बाईसवीं परिचर्चा | 58 |
| 21. | विश्व मासिक धर्म एवं महिला स्वच्छता दिवस पर सैनेटरी पैड वितरण एवं जन जागरण | 60 |
| 22. | खिलाड़ियों का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण, वृक्षारोपण अभियान | 61 |
| 23. | वृक्षारोपण अभियान | 63 |
| 24. | सेवा कार्यों हेतु सम्मान | 64 |
| 25. | विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान | 67 |
| 26. | वृक्षारोपण अभियान | 69 |
| 27. | वृक्षारोपण अभियान | 70 |
| 28. | प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स : 2023 | 71 |
| 29. | द सोल ऑफ इंडिया अवार्ड्स : 2023 | 74 |
| 30. | वृक्षारोपण अभियान | 78 |
| 31. | वृक्षारोपण अभियान | 79 |
| 32. | वृक्षारोपण अभियान | 80 |
| 33. | वृक्षारोपण अभियान | 81 |
| 34. | बाल उद्यान लोकार्पण | 82 |
| 35. | वृक्षारोपण अभियान | 85 |
| 36. | वृक्षारोपण अभियान | 86 |
| 37. | वृक्षारोपण अभियान | 87 |
| 38. | तेईसवीं परिचर्चा | 88 |
| 39. | वृक्षारोपण अभियान | 90 |
| 40. | गुरु पूर्णिमा पर वृक्षारोपण | 91 |

| | | |
|---|---|---|
| 41. | वृक्षारोपण अभियान | 92 |
| 42. | वृक्षारोपण अभियान | 93 |
| 43. | वृक्षारोपण अभियान | 94 |
| 44. | वृक्षारोपण अभियान | 95 |
| 45. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 96 |
| 46. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 98 |
| 47. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 100 |
| 48. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 102 |
| 49. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 104 |
| 50. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 106 |
| 51. | पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की जन्म शताब्दी पर कृषि मेला एवं चौपाल | 108 |
| 52. | जन्म शताब्दी अवसर पर श्रद्धांजलि सभा | 112 |
| 53. | जन्म शताब्दी पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ | 113 |
| 54. | जन्म शताब्दी शुभारंभ पर श्रद्धांजलि सभा एवं सामूहिक वृक्षारोपण | 114 |
| 55. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 116 |
| 56. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 117 |
| 57. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 118 |
| 58. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 119 |
| 59. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 120 |
| 60. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 121 |
| 61. | 24वाँ मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप | 122 |
| 62. | मेदांता मल्टी-स्पेश्यिलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन समारोह | 124 |
| 63. | श्रद्धांजलि सभा स्व. मदन दासजी देवी | 127 |
| 64. | सतना हाफ मैराथन का प्रचार-प्रसार | 128 |
| 65. | सतना हाफ मैराथन का प्रचार-प्रसार | 129 |
| 66. | सतना हाफ मैराथन की जानकारी एवं प्रचार | 130 |


| | | |
|---|---|---|
| 67. | हर घर तिरंगा अभियान | 131 |
| 68. | हर घर तिरंगा अभियान रैली | 132 |
| 69. | ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह | 133 |
| 70. | ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह | 134 |
| 71. | सतना हाफ मैराथन जागरुकता रैली | 135 |
| 72. | सतना हाफ मैराथन : 2023 | 136 |
| 73. | वृक्षारोपण अभियान | 147 |
| 74. | मैराथन हेतु आभार प्रदर्शन एवं कार्यकर्त्ता सम्मान समारोह | 148 |
| 75. | विश्वकर्मा जयंती एवं श्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिवस पर स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान | 151 |
| 76. | पितृ पक्ष में न्यास का विशेष अभियान | 153 |
| 77. | चि. संकल्प के जन्मदिवस पर भोजन वितरण | 155 |
| 78. | चि. संकल्प के जन्मदिवस पर पौधारोपण | 156 |
| 79. | वृक्षारोपण अभियान | 157 |
| 80. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र सत्संग भवन का लोकार्पण | 158 |
| 81. | पुरोहितों एवं पुजारियों का सम्मान | 160 |
| 82. | पितृपक्ष पर पौधारोपण | 162 |
| 83. | कार्यक्रम : 25वाँ निःशुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर | 164 |
| 84. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा | 166 |
| 85. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर अखंड मानस पाठ, भंडारा एवं सामग्री वितरण | 167 |
| 86. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि | 168 |
| 87. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दजी) की पुण्यतिथि पर रुद्राक्ष का पौधारोपण | 169 |
| 88. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 170 |
| 89. | भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीजी की 99वीं जयंती समारोह | 172 |

| | | |
|---|---|---|
| 90. | स्वास्थ्य शिविर हेतु जागरुकता रथ | 173 |
| 91. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र स्मृति व्याख्यान माला (सप्तम् पुष्प) | 174 |
| 92. | नववर्ष पर सुंदरकांड पाठ | 178 |
| 93. | 26वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप | 180 |
| 94. | व्याख्यान माला | 183 |
| 95. | 26वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन | 184 |
| 96. | नशा मुक्ति परिचर्चा एवं स्वच्छता अभियान | 186 |
| 97. | स्व. बाल आपटेजी स्मृति श्रद्धांजलि सभा | 188 |
| 98. | रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विविध मंदिरों में पुजारियों का सम्मान एवं भंडारा | 189 |
| 99. | गणतंत्र दिवस समारोह | 191 |
| 100. | गणतंत्र दिवस समारोह | 192 |
| 101. | माघ मेला में कल्पवास शिविर | 193 |
| 102. | 27वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, कोठी | 195 |
| 103. | 28वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, मझगवां | 199 |
| 104. | 29वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, नागौद | 201 |
| 105. | 30वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, उचेहरा | 203 |
| 106. | 31वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, मैहर | 206 |
| 107. | 32वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, अमदरा | 209 |
| 108. | 33वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, रामपुर बघेलान | 211 |
| 109. | 34वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, रामनगर | 214 |
| 110. | 35वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, अमरपाटन | 217 |
| 111. | 36वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, सिंहपुर | 219 |
| 112. | 37वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, बिरसिंहपुर | 221 |
| 113. | 38वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, जसो | 223 |
| 114. | 39वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, परसमनिया | 225 |
| 115. | 40वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, ताला | 227 |

| | | |
|---|---|---|
| 116. | सेनेटरी पैड वितरण | 233 |
| 117. | सेनेटरी पैड वितरण | 235 |
| 118. | बसंत पंचमी के अवसर पर नव बटुकों का उपनयन संस्कार कार्यक्रम | 237 |
| 119. | आंगनबाड़ी केंद्रों व सेवा बस्तियों में पोषण आहार व सामग्री वितरण | 239 |
| 120. | 41वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर | 240 |
| 121. | प्लास्टिक मुक्त सतना अभियान | 243 |
| 122. | बघेली कवि सम्मेलन : 2024 | 244 |
| 123. | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 247 |
| 124. | आपके द्वार-आपका अस्पताल | 249 |
| 125. | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 251 |
| 126. | आपके द्वार-आपका अस्पताल | 253 |
| 127. | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महाशिवरात्रि पर भजन एवं सम्मान समारोह | 255 |
| 128. | जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट : 2024 उद्घाटन समारोह | 257 |
| 129. | जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट : 2024 समापन समारोह | 259 |
| 130. | विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण का संकल्प | 263 |
| 131. | होली मिलन समारोह | 265 |
| 5. | समाचार-पत्रों में सेवा न्यास की झलकियाँ | 268 |

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व

## स्व. गणेश प्रसादजी : एक तपस्वी जीवन




**जन्मतिथि : 18.07.1924 ( श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 1981 )**
**स्मृतिशेष : 01.11.2016 ( कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2073 )**

नौगाँव नगर के निकट ग्राम धवर्रा निवासी पं. गणेश प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे। उनको चार पुत्रियाँ, एक पुत्र, पुत्रवधू व पौत्र हैं। पोस्टमास्टर से जीवन के कॅरियर की शुरुआत कर झाँसी में संघ प्रचारक बने। सन् 1948 में महात्मा गांधी हत्या के आरोप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के समय छह माह का कारावास हुआ। आपातकाल में भूमिगत रहकर 18 माह सक्रिय रहकर कार्य किया। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के प्रकांड विद्वान् पं. गणेश प्रसाद मिश्र एक मृदुभाषी, अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने कृषि कार्य में रुचि रखते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में 'वैद्य' की उपाधि प्राप्त की। पुराने लोग उन्हें आज भी 'बड़े डॉक्टर साहब' के नाम से जानते हैं। 'दद्दाजी' के नाम से सुविख्यात वे तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के सक्रिय स्वयंसेवक रहे। शिक्षक के नाते अनेक संघ शिक्षा वर्गों में एक-एक माह शिक्षक बनकर जाते रहे। शिक्षादान जैसे कार्य में उनकी विशेष रुचि होने से उन्होंने गणित, अंग्रेजी संस्कृत के विषय में बी.ए., एम.ए. के अनेक छात्र-छात्राओं को सदैव ज्ञानोपार्जन कराया। सरस्वती शिशु मंदिर, नौगाँव में आचार्य से लेखापाल तक उनका शानदार प्रदर्शन रहा। वे आजीवन गौसेवा में रत रहे। अपने अंतिम समय में पाँच गायों की सेवा-सुश्रूषा ही उनका मुख्य कार्य हो गया था। सागर संभाग में जब कोई प्राइवेट आई.टी.आई. नहीं थी तो उन्होंने कंपनी बाग ईसानगर रोड नौगाँव में आई.टी.आई. प्रारंभ की, जो उत्तरोत्तर उन्नति करती

गई। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि का ही परिणाम था कि उन्होंने अपनी चारों पुत्रियों को मास्टर डिग्री तथा बी.एड. तक शिक्षित कराया। वहीं एक पुत्री व पुत्र को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कराई। सभी पुत्रियाँ भी शिक्षकीय कार्य में हैं। वहीं पुत्र संघ के प्रचारकों की श्रेणी में आकर अ.भा. विद्यार्थी परिषद् के प्रांत अध्यक्ष, प्रांत प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत के दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। डॉ. राकेश मिश्र भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाहजी के कार्यकारी सचिव के रूप में दिल्ली में कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में भाजपा मुख्यालय में वे अनेक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

श्री मिश्रजी ने अयोध्या आंदोलन में 1990 की कार सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 1992 में विवादित ढाँचा विध्वंस में छतरपुर जिले के दो कारसेवकों में से वे एक थे, जो वहाँ पहुँच सके। 1990 की कश्मीर की 'एकता यात्रा' में डॉ. मुरली मनोहर जोशीजी के नेतृत्व में यात्रा के समापन में लाल चौक पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए गए। भारत भ्रमण व संस्कृति परिचय में उनकी गहन रुचि रही। लेह-लद्दाख में सिंधु दर्शन यात्रा रही हो या अमरनाथ की यात्रा, वे हर जगह सपत्नीक सहभागी रहे। अरुणाचल प्रदेश का परशुराम कुंड हो या कन्याकुमारी में धनुषकोटि तथा गंगोत्री में गौमुख तक की दुर्गम यात्रा या गंगासागर का पवित्र जल, सभी दुर्गम स्थानों पर आम पर्यटक की तरह उन्होंने यात्राएँ कीं। अपने अनुभवों का लेखन साझा किया। साधनों की शुचिता व नैतिकता के पक्षधर श्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्योहारों में प्रसन्नता मनाते, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन-दु:खियों की सेवा में लगे रहते थे।

93 वर्ष को आयु में वे पूर्ण स्वस्थ थे। 16 अप्रैल, 2016 को अचानक हुए मस्तिष्क आघात में वे कोमा में चले गए। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) व डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में तीन माह तक गहन चिकित्सा हुई। न्यूरो चिकित्सकों के लिए इतनी उम्र का यह पहला केस था, जिसमें रोगी इतनी तीव्र गति से ठीक होकर पुन: नौगाँव अपने घर पर ही विश्राम करने लगा। डॉक्टरों का मत था कि इनकी गौसेवा, खानपान, दिनचर्या से ही इनका जीवन प्रेरणादायी है। 1 नवंबर, 2016 को प्रात: 6:30 बजे वे इस लोक से मुक्ति पाकर गोलोक धाम को प्रस्थान कर गए। अंतिम संस्कार में देश-विदेश की महान् हस्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। संपूर्ण जिले के प्रमुख व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली से लेकर गाँव तक शोक की लहर दौड़ गई।

**ऐसे महान् प्रेरक व्यक्तित्व को प्रणाम और विनम्र श्रद्धांजलि!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति माँ शांति मिश्रा

## पति : स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र ( दद्दाजी )




**जन्मतिथि : 02.08.1927 ( श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत् 1984 )**
**स्मृतिशेष : 15.04.2017 ( वैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत् 2074 )**

ममता की मूर्ति, करुणामयी, सौम्य, मृदुभाषी एवं शांत, यथानाम तथागुण माँ 'शांति देवी' ने हमेशा कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए अपने नाम को चरितार्थ किया। 2 अगस्त, 1927 को सिंगरावन कलाँ (मायका) में पुराने जमींदार की बेटी के रूप में जन्म लेकर बड़े ही लाड़-प्यार में पली थीं। मात्र तेरह वर्ष की उम्र में विवाह-बंधन में बँधकर एक अत्यंत सामान्य परिवेश में आ गईं और उनकी परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया।

पति स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में रचे-बसे, घर-बार छोड़कर देशसेवा हेतु चले जाने के पश्चात् पतिपारायण होकर दोनों कुलों की मर्यादाओं का निर्वहन बड़ी दृढ़ता के साथ किया। पाक-कला में निपुणता, ससुराल की अकेली बहू द्वारा सभी का मान-सम्मान आदि दायित्वों का निर्वहन करते हुए वे ससुराल में अपनी बड़ी ननद (स्व. इंद्रा बाई), जो माँ तुल्य थीं, की प्रिय बन गईं।

सन् 1948 में पति झाँसी में पोस्टमास्टर की सेवा से त्याग-पत्र देकर संघ कार्य में प्रचारक हो गए। गांधीजी की हत्या के समय पति के छह माह जेल में रहने पर उन्होंने बड़े साहस के साथ अपने वृद्ध सास-ससुर एवं ननद का सहयोग किया। वे बड़ी धर्मपरायण, कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी एवं स्पष्ट बोलनेवाली थीं। संपूर्ण परिवार को एक सूत्र में बाँधने की कला में निपुण थीं, जिससे हर व्यक्ति अपने आप को उनसे जुड़ा हुआ पाता था।

विवाह के लगभग 10-12 वर्ष की कठिन परिस्थितियों के पश्चात् उन्होंने क्रमशः

चार पुत्रियों (आशा, मालती, रेखा व डॉ. रचना) तथा एक पुत्र (डॉ. राकेश) को जन्म दिया। उन परिस्थितियों में भी उन्होंने पति व ननद के सहयोग से पुत्रियों को बेटों जैसा लालन-पालन व शिक्षा-दीक्षा प्रदान की। अपने पुत्र-पुत्रियों में भेद न करते हुए उन्होंने सभी का समान लालन-पालन कर उन्हें संस्कारों का धनी बनाया, जिसकी वजह से आज उनकी जीवन-बगिया हरी-भरी और खुशहाल है।

धर्म में उनकी गहन रुचि थी। प्रत्येक तीज-त्योहार को व्यवस्थित एवं पूरे मनोयोग से मनाती थीं। सोते समय 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का पाठ जरूर करती थीं। लोककथाओं का उनके पास अथाह भंडार था, जिसका वे समय व परिस्थिति को देखते हुए उपयोग करके बच्चों का मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन कर उनका ज्ञानवर्धन भी करती थीं। शिक्षा के प्रति गहन रुचि होने के कारण उन्होंने पति (दद्दाजी) के सहयोग से अपने आपको पढ़ने-लिखने में पूर्णरूपेण दक्ष कर लिया। पुस्तकें व दैनिक समाचार-पत्र उनकी नियमित दिनचर्या के भाग थे।

उनमें नेतृत्व के भी गुण थे। धवर्रा गाँव में वार्ड मेंबर का चुनाव वे हमेशा निर्विरोध जीतीं और उप-प्रधान के पद पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों को भी बखूबी निभाया। पग-पग पर उन्होंने अपने पति का साथ दिया। आपातकाल के दौरान अठारह महीने तक जब दद्दाजी भूमिगत रहे, तब उन्होंने माँ एवं पिता की भूमिका बखूबी निभाई और दद्दाजी के देशहित के कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया।

भारत-भ्रमण एवं संस्कृति-परिचय में भी उनकी गहन रुचि रही। दद्दाजी के साथ चारों धाम की तीर्थयात्रा, लेह-लद्दाख में सिंधुदर्शन, अमरनाथ एवं गौमुख जैसी दुर्गम यात्राओं में भी सहभागी रहीं। जटाशंकर धाम एवं अबार माता के दर्शन उनके जीवन का महत्त्वपूर्ण पड़ाव था। गौसेवा के प्रति उनका विशेष रुझान था। जब भी समय मिलता, वे गौसेवा में लग जाती थीं।


स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सदैव सतर्क रहतीं एवं अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखती थीं। उनके इस व्यवस्थित जीवन के कारण उनकी स्मृति तीक्ष्ण थी एवं दाँत मजबूत थे। वे बिना चश्मे के लिख-पढ़ लेती थीं। छोटी-मोटी घरेलू दवाइयाँ व नुस्खे उन्हें खूब आते थे। गाँव में वे अनेक महिलाओं व बच्चों की देसी दवाई भी कर देती थीं। इसलिए लोग 'बाई का बटुआ' पूछते रहते थे।

90 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में अपने पुत्र डॉ. राकेश मिश्र के निवास पर अचानक हृदयाघात के कारण उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में ले जाया गया। पुत्रवधू प्रमिला एवं संकल्प (पोते) ने वरिष्ठ चिकित्सकों से उचित चिकित्सीय परामर्श किया; किंतु विधि की नियति के अनुसार वे स्वर्गवासी हो गई। पूरे परिवार में अचानक हुई इस दुःखद घटना से शोक की लहर दौड़ गई।

उस समय उनके पुत्र डॉ. राकेश मिश्र भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में थे। यह खबर मिलते ही वहाँ श्रीमती शांति मिश्रा के लिए शोक-सभा एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंतिम संस्कार में देश-विदेश के कई महान् व्यक्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यक्तियों, राजनेताओं एवं अधिकारियों ने स्वयं अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**माँ, दादी, परदादी, नानी एवं परनानी सभी रिश्तों को प्रेरणा प्रदान करनेवाली महान् व्यक्तित्व की धनी स्व. शांति मिश्रा को शत-शत नमन एवं वंदन!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**



## अध्यक्षीय मनोगत :

### "समाजसेवा, सांस्कृतिक संवर्द्धन, प्रकृति संरक्षण एवं स्वस्थ समाज निर्माण हेतु समर्पित रहा सात साल का सफर"

भारत के हृदय भाग में अवस्थित बुंदेलखंड क्षेत्र में विराट व्यक्तित्व और महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की स्मृतियों को संजोने, उनके सेवाभावी संदेश से समाज को सशक्त बनाने के लिए तथा दया, करुणा और ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति मिश्रा जी की प्रेरणा से सात वर्ष पूर्व (2017) में पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, विकास की बुनियादी संरचनाओं से लेकर मानवीय जीवन की आधारभूत सुविधाओं तक, अध्यात्म से आत्मनिर्भरता तक, सेवा से सरकार तक यानि हर क्षेत्र में जो निरंतर कार्य किए हैं, वह स्वयं में एक प्रेरणा का स्रोत है। सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे पं. मिश्र का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। यह वर्ष न्यास के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। संपर्क, संवाद, सेवा, समाधान कार्यक्रम चलाकर 856 गाँवों में जाकर मैंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से संपर्क किया, उनसे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया। इन गाँवों में माता अन्नपूर्णा एवं भगवान धन्वन्तरि का चित्र लोगों को हस्तगत कराया। न्यास के प्रयासों से भीमकुंड में सभा मंडपम् का निर्माण कराया गया, जिसका लोकार्पण भी किया गया। इस साल 17 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिससे स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए किये गये कार्यों से संतुष्टि मिली। किसानों की समृद्धि के लिए दस हजार किसानों को सब्जी का प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराया गया। इसी तरह प्रतिभा सम्मान समारोह, चतुर्थ मैराथन का आयोजन, माघ मेला, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया जो न्यास और इस क्षेत्र के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। न्यास के सेवा कार्यों को संकलित कर प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी सप्तम पुष्प प्रकाशित करते हुए सुखद अनुभूति हो रही है। दद्दाजी जैसे विराट व्यक्तित्व स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए ही जन्म लेते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए उनमें जो सेवा और समर्पण का भाव था, उससे वे महान साधक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे और चिर स्मरणीय बनाने हेतु सेवा न्यास कार्य कर रहा है।

न्यास के प्रेरणास्त्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र की जन्म शताब्दी पर कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन नौगाँव, भीमकुंड, प्रयागराज, दिल्ली सतना एवं मैहर जिले में किया गया। उनके जन्म शताब्दी वर्ष में 'संपर्क-संवाद-सेवा-समाधान' कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया तथा उनसे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी समझकर और उसके समाधान का प्रयास किया। इस दौरान लोगों से मिले स्नेह ने भाव विभोर किया।

इस बात के लिए भी सुखद अनुभूति हो रही है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने अपनी स्थापना के सात साल की अल्प अवधि में ही समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लिए वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना सामान्यतः नहीं की जा सकती है। समाज की सेवा हो या संस्कृति का संरक्षण, समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग हो या बुंदेलखंड की बुलंद विरासत को बचाने की बात, सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार हो या सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, पर्यावरण की रक्षा हो या स्वच्छता अभियान, स्वस्थ समाज का निर्माण हो या प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का अवसर देना। हर दृष्टि से "सेवा परमो धर्मः" और "नर सेवा नारायण सेवा" को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मानवता की सेवा के लिए एक ऐसी लकीर खींच दी है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सर्वे भवन्तु सुखिनः को साकार करने के उद्‌देश्य के साथ नित्य प्रतिदिन सेवा न्यास ने मानवता की जो सेवा की है, उससे महज एक क्षेत्र विशेष नहीं, बल्कि राष्ट्रीय क्षितिज पर हमने अपनी पहचान बना ली है।

देश के विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन कर समाजसेवा, संस्कृति संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में न्यास के इस एक वर्ष के कार्यों के लेखा जोखा के साथ हमें न्यास द्वारा प्रकाशित सप्तम पुष्प को प्रकाशित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। मानवता की सेवा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग, प्रतिभाओं का प्रोत्साहन, बौद्धिक संवर्धन, किसानों की आमदनी बढ़ाने एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का संकलन इसमें प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः :** स्वस्थ्य समाज का निर्माण के लिए न्यास निरंतर सक्रिय रहा है। न्यास की ओर से अब तक 41 स्वास्थ्य शिविरों का वृहद आयोजन सतना, मैहर एवं छतरपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जा चुका है, जिसमें गरीब लोगों को मुफ्त उपचार, दवाइयाँ, ऑपरेशन व आवागमन की सुविधा भी प्रदान की जाती रही है। मेदांता दि मेडीसिटी, गुरुग्राम (हरियाणा) ने मल्टी स्पेशियलिटी हैल्थ कैंपों का आयोजन कर मरीजों की संपूर्ण जाँच की, जिसमें 1 लाख 13 हजार 373 लोग लाभान्वित हुए हैं। मेदांता हास्पिटल गुरुग्राम द्वारा आयोजित

स्वास्थ्य शिविर में मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के हजारों मरीजों की विभिन्न बीमारियों की हजारों रुपए में होनेवाली जाँचें पूर्णत: नि:शुल्क की गईं। अब तक 48,973 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। इसी तरह 16,480 आंख एवं कान मरीजों के बीच चश्मा एवं श्रवण यंत्रों का वितरण किया गया। इस साल सतना एवं मैहर जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र एवं कान के लिए 14 विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इससे ग्रामीण क्षेत्र में असमर्थ लोगों को नेत्र का उपचार किया गया तथा कान की मशीन दी गई तो लोग विह्वल हो गए।

**अपना सपना-हरा भरा सतना :** न्यास ने पर्यावरण संरक्षण के लिए "अपना सपना, हरा-भरा सतना" का अभियान चलाया, जिसके तहत सतना एवं मैहर जिले में कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण करते हुए धरती पर हरियाली ला दी है। इसके तहत विभिन्न गाँवों में वृक्षारोपण किया गया। लगाए गए पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए नियमित ग्रीन एंबुलेंस का संचालन किया जाता है। लोगों को न्यास की ओर से विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। वृक्षारोपण हेतु हजारों की संख्या में फलदार पौधे विभिन्न अवसरों पर वितरित किए गए। "पॉलीथीन मुक्त भारत" अभियान के तहत न्यास की ओर से अब तक दो लाख से अधिक कपड़े के थैले वितरित किए गए हैं और यह अभियान निरंतर जारी है। प्लास्टिक का चूरा बनाने वाली मशीन सेवा न्यास ने धवर्रा गाँव के स्वसहायता समूह को दान में दी है।

**उन्नत खेती, समृद्ध किसान :** सेवा न्यास कृषकों की आर्थिक उन्नति, उन्नत वैज्ञानिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ हेतु राज्य सरकारों से पहल करके विभिन्न प्रकार के विभागों की प्रदर्शनी का आयोजन और संचालन में सहयोग प्रदान करता रहा है। आत्मनिर्भर गाँव बने इस दिशा में दस हजार किसानों को सब्जियों के बीज वितरित किए गए, यह कार्य पूरे वर्ष भर चलता रहता है। अपने पैतृक गाँव एवं अन्य दस गाँवों तक हर खेत तक बिजली पहुँचाकर न्यास ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने में महती भूमिका निभाई है।

**प्रतिभाओं को प्रोत्साहन :** सतना में सेवा न्यास सांस्कृतिक क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में पुस्तकें, कॉपी, पेन, छाता, घड़ी, पेंसिल, ड्रेस, बस्ते, ट्रॉफी, क्रीड़ा उपकरण कलेंडर के वितरण के साथ-साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी एवं समरसता का भाव भी जाग्रत करता है। मेधावी एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान करता है। सतना एवं मैहर जिले में स्कूल बैग एवं घड़ियों का वितरण जरूरतमंद छात्रों के बीच निरंतर किया

जा रहा है। अब तक 5764 छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है।

**पेयजल :** स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से कैट कंपनी द्वारा अभी तक सौ शासकीय विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों को बिना बिजली के चलने वाले पोर्टेबल आर.ओ. दिए जा चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक हैं। विद्यालयों में 500 लीटर की दो सौ टंकियों के वितरण व फिटिंग करके न्यास ने बालिकाओं के पेयजल एवं शौचालय हेतु पानी उपलब्ध कराया है।

**सामूहिक विवाह :** न्यास की ओर से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन "द्वारे-द्वारे परिणय यज्ञ" कार्यक्रम के माध्यम से किया गया था। इसमें अब तक 51 जोड़ियों का विवाह धूम-धाम से आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से भी निर्धन लोगों की पुत्री के विवाह में आर्थिक मदद दी गई है। इस तरह अब तक 624 लोगों को आर्थिक मदद दी गई है।

**धर्मो रक्षति रक्षितः :** न्यास की ओर से धर्म नगरी प्रयागराज में माघ महात्म्य कथा, श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन, संगीतमय भागवत-रामायण कथा, श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ, रामलीला मंचन, भजन-कीर्तन, सत्संग, पूजा-पाठ, गौ-सेवा, भोजन, भंडारों के साथ-साथ धार्मिक पुस्तक वितरण जैसे कार्यों को करते हुए सनातन धर्म के उत्थान, सत्कर्म हेतु प्रेरित कर संस्कृति एवं सभ्यता का प्रचार-प्रसार करता है। प्रयागराज में माघ मेले में प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें धार्मिक चेतना जगाई जाती है। बुंदेलखंड एवं विन्ध्य क्षेत्र के पांच सौ महिला/पुरुष हर वर्ष माघ माह में संगम तट पर कल्पवास करते हैं।

**सामूहिक उपनयन संस्कार :** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास धर्म व सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता है। सेवा न्यास का उद्देश्य भूले हुए संस्कारों को पुनः स्थापित करने के लिए कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें विधि-विधान पूर्वक बसंत पंचमी को संपन्न किया गया। इस अवसर पर 26 बटुकों के परिवार अपने बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार हेतु न्यास के कार्यक्रम में आए। सेवा न्यास धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा देने हेतु यह कार्यक्रम हर वर्ष करता है। माघ मेला परिसर में संत महंतों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम की अपनी महत्ता है। इससे पूर्व भी न्यास द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाता है। अब तक 125 बटुकों का यज्ञोपवीत कराया गया है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से निर्धन लोगों के पुत्र के उपनयन में आर्थिक मदद दी गई है। इस तरह अब तक 237 लोगों को आर्थिक मदद दी गई है।

**संस्कृत भाषा की उन्नति के लिए कार्य :** न्यास की ओर से संस्कृत भाषा के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाते रहते हैं। संस्कृत पाठशाला भीमकुंड में वैदिक पाठ का आयोजन किया जाता है। संस्कृत के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप दस हजार रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। अब तक 564 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहिन किया गया है।

**ग्रीन एंबुलेंस का संचालन :** "अपना सपना, हरा-भरा सतना" पेड़ों के वृक्षारोपण एवं संरक्षण हेतु एक सर्वसुविधा युक्त एंबुलेंस तैयार की गई है। न्यास की ओर से लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रीन एंबुलेंस का संचालन सतना में किया जाता है। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए पौधों की देखभाल की जाती है। न्यास की ओर से इस साल 3700 पेड़ लगाये गये हैं। अब तक 15000 पेड़ों का नि:शुल्क वितरण किया है।

**कंबल बैंक :** ठंड से बचाव के लिए न्यास की ओर से कंबल बैंक का संचालन किया जाता है। इसके द्वारा गरीबों को जाड़े के मौसम में कंबल उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 5000 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किये गये।

**स्वच्छता अभियान :** न्यास की ओर से सतना एवं मैहर जिले में व्यापक पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। सुरक्षित मासिक धर्म के लिए महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया जाता है। सतना जिले का यह अभियान अत्यंत लोक प्रिय हो गया है। अब तक 10,000 सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

**श्री रामलीला का भव्य आयोजन :** न्यास के सहयोग से शारदीय नवरात्रि पर ओरछा में दस दिनों तक श्री रामलीला का भव्य आयोजन गया। वर्ष 2022 में ऋषिकेश एवं 2023 में कुरुक्षेत्र में रामलीला का आयोजन किया गया, जिसका प्रसारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी किया गया है। इसे लगभग 60 लाख लोगों ने देखा।

**मैराथनों का आयोजन :** न्यास की ओर से खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड मैराथन एवं सतना हाफ मैराथन का चार बार आयोजन किया गया। इसमें देश के लगभग सभी राज्यों के 15,432 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन काफी उपयोगी और लोक प्रिय रहा। मैराथन देखने जहां लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी, वहीं विभिन्न समाचार चैनलों की ओर से सीधा प्रसारण किया गया। जिसे देश ही नहीं दुनिया के लोगों ने भी देखा। राष्ट्रीय स्तर पर सतना का नाम मैराथन क्षेत्र में प्रतिस्थापित हो चुका है।

**वैचारिक गोष्ठियाँ :** समाज के बौद्धिक विकास के हेतु समसामयिक विषयों

पर सेवा न्यास विभिन्न प्रकार की विचार गोष्ठियाँ भी आयोजित करता है। हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाता है, अभी तक सात विषयों पर व्याख्यान हो चुके हैं। जिसमें विशेष विषयों पर हुई इन परिचर्चाओं में राष्ट्रीय वक्ताओं ने अपना व्याख्यान दिया।

इस वर्ष पहली अप्रैल 2023 से 31 मार्च, 2024 तक न्यास की ओर से किये गये सेवा कार्यों एवं अन्य गतिविधियों का संकलन सप्तम पुष्प के रूप में आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

शुभकामनाओं सहित।

दिनांक : 31.03.2024

**डॉ. राकेश मिश्र**
(अध्यक्ष)

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना ( म.प्र. )

## विविध कार्यक्रमों का विवरण ( 2023-24 )

( 01.04.2023 से 31.03.2024 तक )

| क्र.सं. | | दिनांक एवं दिन | कार्यक्रम का नाम | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अप्रैल-2023 | 02.04.2023 (रविवार) | कचरा निष्पादन मशीन हस्तांतरण | नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा, (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 2 | | 04.04.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | बाल उद्यान पार्क, भरहुत नगर, मुख्त्यार गंज, सतना (म.प्र.) |
| 3 | | 06.04.2023 (गुरुवार) | वृक्षारोपण अभियान | हनुमान मंदिर (अखाड़ा), बुजवा मोहल्ला, सतना (म.प्र.) |
| 4 | | 09.04.2023 (रविवार) | षष्टम पुष्प: 2022-2023 का लोकार्पण एवं श्रीराम नवमी महोत्सव : 2023 | रुद्राणी बुंदेली कला ग्राम एवं शोध संस्थान, ओरछा, जिला निवाड़ी (म.प्र.) |
| 5 | | 10.04.2023 (सोमवार) | श्रीमती शांति मिश्राजी की षष्टम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड, श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह | नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा, (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 6 | | 10.04.2023 (सोमवार) | श्रीमती शांति मिश्राजी की षष्टम पुण्यतिथि पर 23वाँ नि:शुल्क नेत्र शिविर | नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा, (नौगांव), जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 7 | | 15.04.2023 (शनिवार) | माता जी की पुण्यतिथि पर भजन संध्या एवं श्रद्धांजलि सभा | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 8 | | 19.04.2023 (बुधवार) | वृक्षारोपण अभियान | प्रेम विहार कॉलोनी, प्रेम नगर, सतना (म.प्र.) |
| 9 | | 21.04.2023 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण अभियान | बाल उद्यान पार्क, भरहुतनगर, सतना (म.प्र.) |
| 10 | | 22.04.2023 (शनिवार) | परशुराम जयंती पर वृक्षारोपण अभियान एवं वृक्ष वितरण | परशुराम मंदिर, बदखर, सतना (म.प्र.) |
| 11 | | 23.04.2023 (रविवार) | बीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा विषय : कोविड-19 का पुन: खतरा, खांसी एवं वायरल बुखार के बढ़ते स्वरूप में स्वस्थ कैसे रहें ? डॉ. संदीप मित्तल, पल्मोलॉजिस्ट (श्वसन और नींद चिकित्सा विभाग) मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम (हरियाणा) | नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली से माध्यम : माइक्रोसॉफ्ट टीम सॉफ्टवेयर दिल्ली से वेबिनार |
| 12 | मई-2023 | 05.05.2023 (शुक्रवार) | बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर वृक्षारोपण अभियान | 1. राजेंद्र नगर, सतना (म.प्र.)<br>2. सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | मई-2023 | 06.05.2023 (शनिवार) | इक्कीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा विषय : आयुर्वेद द्वारा घरेलू उपायों से उपचार पं. लक्ष्मण दास रतन भारद्वाज जी (गुरुजी) वैद्य | नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली से माध्यम : माइक्रोसॉफ्ट टीम सॉफ्टवेयर दिल्ली से वेबिनार |
| 14 | | 06.05.2023 (शनिवार) प्रात: 10 बजे | बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा | 1. 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.)<br>2. शनि मंदिर, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 15 | | 09.05.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | राम बिहार कॉलोनी पार्क, गली नंबर 10, राजेंद्र नगर, सतना (म.प्र.) |
| 16 | | 10.05.2023 (बुधवार) | वृक्षारोपण अभियान | सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 17 | | 15.05.2023 (सोमवार) | डॉ. राकेश एवं प्रमिला मिश्रा जी की 26वीं वर्षगांठ पर वृक्षारोपण | सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 18 | | 16.05.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 19 | | 19.05.2023 (शुक्रवार) | 1. वट सावित्री व्रत पूजन<br>2. वृक्षारोपण अभियान | 1. खेरमाई मंदिर, सतना (म.प्र.)<br>2. एकलव्य नगर, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 20 | | 27.05.2023 (शनिवार) | बाईसवीं परिचर्चा विषय : डिजिटल युग में धोखे बाजों से अपने आपको कैसे सुरक्षित रखें?<br>सुश्री रीता यादव जी, उत्तर प्रदेश पुलिस, नोएडा साइबर क्राइम की विशेषज्ञ विशिष्ट महिला अधिकारी | नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली से माध्यम : माइक्रोसॉफ्ट टीम सॉफ्टवेयर दिल्ली से वेबिनार |
| 21 | | 29.05.2023 (सोमवार) | विश्व मासिक धर्म महिला स्वच्छता दिवस के अवसर पर सैनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम | एकलव्य नगर, सतना (म.प्र.) |
| 22 | जून-2023 | 01.06.2023 (गुरुवार) | 1. खिलाड़ियों के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर<br>2. वृक्षारोपण अभियान | महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर, शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं.-1 सतना, शासकीय वेंकट क्र.-2 सर्किट हाउस सतना |
| 23 | | 02.06.2023 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण कार्यक्रम | खेरमाई माता मंदिर, सतना (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | जून-2023 | 02.06.2023 (शुक्रवार) | सम्मान समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 25 | | 05.06.2023 (सोमवार) | विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान | सिविल लाइन कलेक्टर बंगला के सामने, सतना (म.प्र.) |
| 26 | | 06.06.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 27 | | 08.06.2023 (गुरुवार) | वृक्षारोपण अभियान | सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 28 | | 08.06.2023 (गुरुवार) | प्राइड ऑफ इंडिया अवाड्र्स : 2023 | हाउस ऑफ कॉमन्स, लंदन (यू.के.) |
| 29 | | 09.06.2023 (शुक्रवार) | द सोल ऑफ इंडिया अवाड्र्स : 2023 | हाउस ऑफ लॉर्डस, लंदन (यू.के.) |
| 30 | | 10.06.2023 (शनिवार) | वृक्षारोपण अभियान | हाउस ऑफ लॉड्र्स, लंदन (यू.के.) |
| 31 | | 13.06.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | अमृत पार्क हवाई पट्टी, सतना (म.प्र.) |
| 32 | | 15.06.2023 (गुरुवार) | वृक्षारोपण अभियान | पुष्कर्णी पार्क, सतना (म.प्र.) |
| 33 | | 19.06.2023 (सोमवार) | वृक्षारोपण अभियान | सीआईडी ऑफिस सतना (म.प्र.) |
| 34 | | 24.06.2023 (शनिवार) | "बाल उद्यान लोकार्पण, भरहुत नगर" | बाल उद्यान, भरहुत नगर, सतना (म.प्र.) |
| 35 | | 28.06.2023 (बुधवार) | वृक्षारोपण अभियान | स्मार्ट सिटी आवास कॉलोनी, पार्वती चौक, शंकर मंदिर, सतना (म.प्र.) |
| 36 | | 29.06.2023 (गुरुवार) | वृक्षारोपण अभियान | सिंह हार्डवेयर कोलगवां, बिरला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 37 | | 30.06.2023 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण अभियान | सार्थक हॉस्पिटल, पन्ना रोड, सतना (म.प्र.) |
| 38 | | 30.06.2023 (शुक्रवार) | तेईसवीं परिचर्चा<br>विषय : तंबाकू जनित कैंसर की समस्या व उसका निदान एवं तंबाकू छोड़ने हेतु उपाय डॉ. राज कुमारजी निदेशक, वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली से माध्यम : माइक्रोसॉफ्ट टीम सॉफ्टवेयर दिल्ली से वेबिनार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39 | जुलाई-2023 | 01.07.2023 (शनिवार) | वृक्षारोपण अभियान | अमृत पार्क, सतना (म.प्र.) |
| 40 | | 03.07.2023 (सोमवार) | गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान | बीटीआई ग्राउंड, सतना (म.प्र.) |
| 41 | | 04.07.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | सेवा न्यास पार्क संतोषी माता हनुमान मंदिर, सतना (म.प्र.) |
| 42 | | 06.07.2023 (गुरुवार) | वृक्षारोपण अभियान | बांधवगढ़ कॉलोनी, मिहानी पुरम, सतना (म.प्र.) |
| 43 | | 07.07.2023 (शुक्रवार) | वृक्षारोपण अभियान | डिपो मंदिर के सामने, तेजा पैलेस, सतना (म.प्र.) |
| 44 | | 11.07.2023 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | बिरला रोड, नवरंग पार्क, सतना (म.प्र.) |
| 45 | | 11.07.2023 (मंगलवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शा.उ.उ.मा.वि. व्यंकट क्रं.01, जिला-सतना (म.प्र.) |
| 46 | | 12.07.2023 (बुधवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | दि लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला सतना (म.प्र.) |
| 47 | | 13.07.2023 (गुरुवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | द ब्लूम्स एकेडमी, जिला-सतना (म.प्र.) |
| 48 | | 14.07.2023 (शुक्रवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | अनुपमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला-सतना (म.प्र.) |
| 49 | | 15.07.2023 (शनिवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | प्रियंवदा बिरला उ.मा.वि., जिला-सतना (म.प्र.) |
| 50 | | 17.07.2023 (सोमवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | सरस्वती शिशु मंदिर /उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिला-सतना (म.प्र.) |
| 51 | | 18.07.2023 (मंगलवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्म शताब्दी पर "कृषि मेला एवं चौपाल" | पं. गणेश प्रसाद मिश्र, खेल परिसर, धवर्रा, वि.खं.-जैतपुर, जनपद-महोबा (उ.प्र.) |
| 52 | | 18.07.2023 (मंगलवार) | जन्म शताब्दी के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 53 | | 18.07.2023 (मंगलवार) | जन्म शताब्दी के अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ | श्री नारायण संस्कृत पाठशाला, भीमकुंड, छतरपुर (म.प्र.) |
| 54 | | 19.07.2023 (बुधवार) | दद्दाजी की जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि सभा एवं सामूहिक वृक्षारोपण | "नगर वन" समार्ट सिटी, सतना (म.प्र.) |
| 55 | | 19.07.2023 (बुधवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शा. उ.मा. वि. घूरडांग, सतना (म.प्र.) |
| 56 | | 20.07.2023 (गुरुवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय उ.मा. विद्यालय, माधवगढ़, जिला सतना (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 57 | जुलाई-2023 | 20.07.2023 (गुरुवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय हाई स्कूल कामता टोला, जिला सतना (म.प्र.) |
| 58 | | 21.07.2023 (शुक्रवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, धवारी, जिला सतना (म.प्र.) |
| 59 | | 21.07.2023 (शुक्रवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय हाईस्कूल, धवारी, जिला सतना (म.प्र.) |
| 60 | | 25.07.2023 (मंगलवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | जे.पी. विद्यापीठ हायर सेकेंड्री स्कूल, महादेवा रोड, जिला सतना (म.प्र.) |
| 61 | | 29.07.2023 (शनिवार) | चौबीसवाँ मल्टी-स्पेश्यिलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप शुभारंभ | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना (म.प्र.) |
| 62 | | 30.07.2023 (रविवार) | मल्टी-स्पेश्यिलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना (म.प्र.) |
| 63 | अगस्त-2023 | 01.08.2023 (शुक्रवार) | सतना हाफ मैराथन की जानकारी व प्रचार प्रसार कार्यक्रम | 1. शा.उ.मा. विद्यालय, व्यंकट क्र. 2, सतना (म.प्र.)<br>2. विट्स स्कूल और विट्स कॉलेज, सतना (म.प्र.) |
| 64 | | 06.08.2023 (रविवार) | श्रद्धांजलि सभा स्व. मदन दास जी देवी | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 65 | | 07.08.2023 (सोमवार) | सतना हाफ मैराथन: 2023 रैली एवं प्रचार | सतना पुलिस ग्राउड, सतना (म.प्र.) |
| 66 | | 09.08.2023 (बुधवार) | सतना हाफ मैराथन की जानकारी कार्यक्रम | 1. शा.उ. माध्यमिक विद्यालय, कोटर, अवेर, वनवासी छात्रावास, सतना<br>2. शा.उ. माध्यमिक विद्यालय, बिहरा, गुलेहटा |
| 67 | | 10.08.2023 (गुरुवार) | सतना हाफ मैराथन की जानकारी एवं प्रचार कार्यक्रम | 1. गायत्री पब्लिक स्कूल, महदेवा<br>2. सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर<br>3. भारतीय ज्ञान मंदिर, नई बस्ती<br>4. शा.उ.मा.वि. वैंकट क्र 1,<br>5. शा. कन्या धवारी विद्यालय<br>6. श्री रामा कृष्णा कालेज<br>7. क्रस्तुकला उ.मा. विद्यालय<br>8. क्रस्टो स्पोर्ट क्लब<br>9. आर.पी.एस. फिटनेस क्लब टाउन हाल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 68 | अगस्त-2023 | 11.08.2023 (शुक्रवार) | सतना हाफ मैराथन का प्रचार एवं कार्यक्रम | 1. परेड ग्राउड, सतना<br>2. कृपाल पुर, डॉ. अम्बेडकर विद्यालय, कृपालपुर<br>3. महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा. विद्यालय<br>4. हाई स्कूल सिंधी कैम्प<br>5. शा.उ.मा. विद्यालय, घूरडांग<br>6. गुरुकुल हाई सेकेंड्री स्कूल<br>7. नवीन शिक्षा निकेतन, डालीबाबा चौक<br>8. गुजराती हाइर सेकेंड्री स्कूल<br>9. विट्स कॉलेज<br>10. रामा कृष्णा कॉलेज<br>11. वेंकटेश क्लब, सतना<br>12. एकेडमिक हाइट्स स्कूल |
| 69 | | 13.08.2023 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन की जानकारी कार्यक्रम | 1. ए.के.एस. विश्व विद्यालय<br>2. शा.उ.मा.वि., लहरौरा |
| 70 | | 13.08.2023 (रविवार) | हर घर तिरंगा अभियान | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 71 | | 14.08.2023 (सोमवार) | हर घर तिरंगा अभियान | खाद भण्डार से खेल परिसर तक तिरंगा रैली, धवर्रा (नौगाँव) |
| 72 | | 15.08.2023 (मंगलवार) | ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 73 | | 15.08.2023 (मंगलवार) | ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 74 | सितंबर-2023 | 02.09.2023 (शनिवार) | सतना हाफ मैराथन हेतु बाइक रैली | शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, व्यंकट क्रं.-1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.) |
| 75 | | 03.09.2023 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2023 | शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, व्यंकट क्रं.-1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.) |
| 76 | | 13.09.2023 (बुधवार) | वृक्षारोपण अभियान | सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर, सतना (म.प्र.) |
| 77 | | 15.09.2023 (शुक्रवार) | मैराथन का आभार प्रदर्शन एवं कार्यकर्त्ता सम्मान समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 78 | | 17.09.2023 (रविवार) | विश्वकर्मा जयंती एवं श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 79 | सितंबर-2023 | 20.09.2023 (बुधवार) | पितृ पक्ष में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का विशेष अभियान | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 80 | | 30.09.2023 (शनिवार) | चि. संकल्प के जन्मदिवस पर भोजन वितरण | डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली |
| 81 | | 30.09.2023 (शनिवार) | चि. संकल्प के जन्मदिवस पर पौधारोपण | बिरला रोड सारंगी बुक डिपो, सतना (म.प्र.) |
| 82 | अक्तूबर-2023 | 04.10.2023 (बुधवार) | वृक्षारारेपण कार्यक्रम | बिरला रोड, सारंगी बुक डिपो के सामने, रमा प्लाई, सतना (म.प्र.) |
| 83 | | 06.10.2023 (शुक्रवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र के नाम से निर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण | भीमकुंड, सतना (म.प्र.) |
| 84 | | 08.10.2023 (रविवार) | पुरोहित एवं पुजारियों का सम्मान | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 85 | | 09.10.2023 (सोमवार) | पितृपक्ष पर पौधारोपण | त्रिपाठी ट्रांसपोर्ट के सामने, बिरला रोड, सतना |
| 86 | | 28.10.2023 (शनिवार) | 25वाँ नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर | सार्थक हॉस्पिटल, पन्ना रोड, सतना (म.प्र.) |
| 87 | नवंबर-2023 | 01.11.2023 (बुधवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 88 | | 14.11.2023 (मंगलवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर श्री रामचरित मानस अखंड पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा | 'नीलकंठ धाम' धवर्रा (नौगांव) जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 89 | | 15.11.2023 (बुधवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि | 'नीलकंठ धाम' धवर्रा (नौगांव) जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 90 | | 16.11.2023 (गुरुवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर रुद्राक्ष के पौधे का हुआ रोपण | 'नीलकंठ धाम' धवर्रा (नौगांव) जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 91 | दिसंबर-2023 | 23.12.2023 (शनिवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय कन्या स्नातकोर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) |
| 92 | | 25.12.2023 (सोमवार) | भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की 99वीं जयंती समारोह | कुम्हारन सेवा बस्ती धवारी, सतना (म.प्र.) |
| 93 | | 26.12.2023 (मंगलवार) | 26वाँ स्वास्थ्य शिविर रथ रवाना | न्यास मुख्यालय से मैहर, सतना (म.प्र.) |
| 94 | | 30.12.2023 (शनिवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र स्मृति व्याख्यान माला<br>विषय : राम राज्य, सुराज एवं सुशासन | महाराजा छत्रसाल आडीटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर (म.प्र.) |
| 95 | | 01.01.2024 (सोमवार) | नववर्ष के प्रथम दिन सुंदरकांड पाठ | पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज, बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 96 | जनवरी-2024 | 06.01.2024 शनिवार | 26वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप आरम्भ (एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली और श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीटयूट) | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 97 | | 07.01.2024 रविवार | 26वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन (एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली और श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीटयूट) | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 98 | | 18.01.2024 (गुरुवार) | नशा मुक्ति परिचर्चा एवं स्वच्छता अभियान | कोठी मोड, सिविल लाइन, धवारी हनुमान मंदिर, सतना (म.प्र.) |
| 99 | | 18.01.2024 (गुरुवार) | स्व. बाल आपटेजी स्मृति श्रद्धांजलि सभा | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 100 | | 26 जनवरी, 2024 (शुक्रवार) | गणतंत्र दिवस समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 101 | | 26 जनवरी, 2024 (शुक्रवार) | गणतंत्र दिवस समारोह | नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव), जिला महोबा-471201 (उ.प्र.) |
| 102 | | 27 जनवरी, 2024 (शनिवार) | माघ मेला में कल्पवास शिविर | माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2. दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 103 | | 22.01.2024 (सोमवार) | रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विविध मंदिरों के पुजारियों का सम्मान कार्यक्रम | विविध मंदिर, सतना (म.प्र.) |
| 104 | | 28.01.2024 (रविवार) | 27वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, कोठी | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोठी |
| 105 | | 29.01.2024 (सोमवार) | 28वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, मझगवां | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझगवां |
| 106 | | 30.01.2024 (मंगलवार) | 29वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, नागौद | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नागौद |
| 107 | | 31.01.2024 (बुधवार) | 30वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, उचेहरा | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उचेहरा |
| 108 | | 01.02.2024 (गुरुवार) | 31वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, मैहर | सिविल अस्पताल, मैहर |
| 109 | | 02.02.2024 (शुक्रवार) | 32वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, अमदरा | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमदरा |
| 110 | | 03.02.2024 (शनिवार) | 33वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, रामपुर बघेलान | सिविल अस्पताल, रामपुर बघेलान |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 111 | फरवरी-2024 | 04.02.2024 (रविवार) | 34वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, रामनगर | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामनगर |
| 112 | | 05.02.2024 (सोमवार) | 35वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, अमरपाटन | सिविल अस्पताल, अमरपाटन |
| 113 | | 06.02.2024 (मंगलवार) | 36वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, सिंहपुर | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिंहपुर |
| 114 | | 07.02.2024 (बुधवार) | 37वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, बिरसिंहपुर | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिरसिंहपुर |
| 115 | | 08.02.2024 (गुरुवार) | 38वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, जसो | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जसो, (नागौद) सतना (म.प्र.) |
| 116 | | 09.02.2024 (शुक्रवार) | 39वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, परसमनिया | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, परसमनिया (उचेहरा) |
| 117 | | 10.02.2024 (शनिवार) | 40वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, ताला | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ताला, (अमरपाटन) सतना (म.प्र.) |
| 118 | | 12.02.2024 (सोमवार) | सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम | शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) |
| 119 | | 13.02.2024 (मंगलवार) | सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम | शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहरानाला , सतना (म.प्र.) |
| 120 | | 14.02.2024 (बुधवार) | 1. बसंत पंचमी पर्व पर नव बटुकों का उपनयन संस्कार<br>2. सरस्वती पूजा<br>3. आँगनबाड़ी केंद्रों व सेवा बस्तियों में पोषण आहार व सामग्री वितरण कार्यक्रम | माघ मेला शिविर सेक्टर 3, पुल नंबर 2, दक्षिणी पटरी त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम प्रयागराज (उ.प्र.)<br>सेवा न्यास मुख्यालय, सतना (म.प्र.)<br>कोलगवां बिरला रोड एवं महुआ बस्ती, सतना (म.प्र.) |
| 121 | | 21.02.2024 (बुधवार) | 41वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, प्रयागराज | माघ मेला शिविर सेक्टर 3, पुल नंबर 2, दक्षिणी पटरी त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 122 | | 23.02.2024 (शुक्रवार) | प्लास्टिक मुक्त सतना बनाने का अभियान | सतना |
| 123 | | 28.02.2024 (बुधवार) | बघेली कवि सम्मेलन: 2024 | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 124 | | 29.02.2024 (गुरुवार) | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 125 | मार्च-2024 | 04.03.2024 (सोमवार) | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | आदर्श नगर, मुख्तियारगंज, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 126 | | 05.03.2024 (मंगलवार) | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 'रामटेकरी ट्रांसपोर्ट नगर, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 127 | | 06.03.2024 (बुधवार) | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 'घूरडांग खदान बस्ती, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 128 | | 08 मार्च, 2024 ( शुक्रवार) | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तथा महाशिवरात्रि पर भजन एवं सम्मान समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, जिला- सतना (म.प्र.) |
| 129 | | 09.03.2024 (शनिवार) | जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट : 2024 (उद्घाटन समारोह) | व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तयारगंज, सतना (म.प्र.) |
| 130 | | 10.03.2024 (रविवार) | जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट : 2024 (समापन समारोह) | व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तयारगंज, सतना (म.प्र.) |
| 131 | | 22.03.2024 (शुक्रवार) | विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण संकल्प | गांधी पुस्तकालय, टाउन हॉल, सतना (म.प्र.) |
| 132 | | 26.03.2024 (मंगलवार) | होली मिलन समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |

## जन्म शताब्दी वर्ष : 2024



# कार्यक्रम : कचरा निष्पादन मशीन हस्तांतरण

**दिनांक : 02 अप्रैल, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नीलकंठ धाम, ग्राम- धवर्रा, ( नौगाँव ) जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास धवर्रा द्वारा कचरा निष्पादन मशीन विकास खंड अधिकारी श्रीमती सौम्या आलोक, जैतपुर ब्लॉक, जिला-महोबा को प्रदान की गई।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा प्रदान की गई यह मशीन न्यास के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रैक्टिकल करवाया गया एवं महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया है।

शादी विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों पर उपयोग होने वाली पत्तल, कटोरी, गिलास, चम्मच, पॉलिथीन आदि को यह मशीन खत्म करती है और उसको दाने आकार में परिवर्तित कर के पैकेट तैयार करती है। यह मार्केट में कबाड़ की दुकानों पर 30 प्रति किलो की दर से यह दाने बिक जाते हैं, जिससे सफाई में लगे हुए सफाई कर्मियों को इससे अतिरिक्त आय भी होती है और कचरा भी खत्म होता है।

प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण को बहुत हानि पहुँचाता है। इस कचरे से खेतों को हानि न पहुँचे, इसके लिए दूरगामी सोच को देखते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने लाखों रुपए की यह मशीन मँगाकर ग्राम पंचायत को बी.डी.ओ. के माध्यम से समर्पित किया। यह मशीन धवर्रा गाँव की महिला स्वयं सहायता समूह की माताओं बहनों को प्रदान की गई।



*कचरा निष्पादन मशीन का हस्तांतरण करतीं बीडीओ श्रीमती सौम्या आलोक*

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी पर्यावरण के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते हैं। हमारे पर्यावरण को प्लास्टिक से बने उत्पादों से बहुत अधिक नुकसान पहुँच रहा है जिसके निष्पादन के लिए डॉ. राकेश मिश्राजी के द्वारा यह अनोखी एवं महत्त्वपूर्ण पहल की गई है। इसकी सफलता के बाद आगे इस कार्य को और विस्तार से किया जाएगा। न्यास की ओर से कार्यकर्ता श्री अनूप मिश्रा, श्री बृजेश बाजपेई, श्रीराम रिछारिया, श्री रिंकू राजा, श्री राहुल दुबे, श्री यादवेंद्र परिहार, श्री नारायण अनुरागी आदि न्यास के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया एवं मशीन प्रदान की गई।

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 04 अप्रैल, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बाल उद्यान पार्क, भरहुत नगर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा आयोजित 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के तहत वृक्षारोपण बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर में वृक्षारोपाण किया गया। इसमें श्री महेंद्र तिवारी, कार्यालय प्रमुख समेत न्यास के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान जारी रखते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता का संकल्प लिया गया।



*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता श्रीमती सीलम सैनी, करुणेश अनुरागी, राजेश त्रिपाठी, जितेंद्र, अग्निहोत्री, महेंद्र तिवारी और श्रीमती अर्चना शिव पटेल एवं रोपित ट्री गार्ड*



## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 06 अप्रैल, 2023 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : हनुमान मंदिर ( अखाड़ा ), बुजवा मोहल्ला, सतना ( म.प्र. )**

हरा-भरा सतना अभियान के अंतर्गत पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा हनुमान मंदिर (अखाड़ा) बुजवा मोहल्ला सतना के बगल में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तत्पश्चात् पूर्व में लगाए गए पौधों की देखभाल के लिए एवं डिजिटलीकृत करने के लिए सभी कार्यकर्ता अवलोकन करने निकल पड़े।



*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता श्री सुनील यादव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री ब्रजेश सिंह*



# कार्यक्रम : षष्टम पुष्प : लोकार्पण एवं श्रीराम नवमी महोत्सव : 2023

**दिनांक : 09 अप्रैल, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : ओरछा, जिला निवाडी ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतत समाज सेवा, सहयोग, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्रियाशील गतिविधियों का लेखा जोखा वार्षिक पुस्तिका 'षष्टम पुष्प' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रसिद्ध फिल्म निर्माता व अभिनेता विजय कश्यप ने कहा कि बुंदेलखंड में इस प्रकार की सेवा करना डॉ. राकेश मिश्र से सीखने लायक है। लोकार्पण समारोह का आयोजन रुद्राणी बुंदेली कला ग्राम एवं शोध संस्थान ओरछा में संपूर्ण रामलीला मंचन के अवसर पर किया गया।

इस अवसर पर श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक पूर्व विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यास की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए जानेवाले सेवा कार्यों को संकलित कर पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है। इसी कड़ी में यह 'षष्टम पुष्प' आपके बीच उपलब्ध है। इसमें न्यास की ओर से पहली अप्रैल, 2022 से लेकर 31 मार्च, 2023 तक किए गए कार्यों का विवरण संकलित है।

डॉ. वेद प्रकाश टंडनजी ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा न्यास की ओर से वर्ष भर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर, नि:शुल्क नेत्र एवं कान परीक्षण तथा चश्मा व श्रवण यंत्र का वितरण, वृक्षारोपण, रोपित वृक्षों की देखभाल के लिए ग्रीन एंबुलेंस का संचालन, स्वच्छता अभियान एवं सामग्री वितरण, सतना हाफ मैराथन, खेलकूद प्रतियोगिताएँ, सामूहिक परिणय कार्यक्रम, विचारगोष्ठियों के आयोजन समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन डॉ. राकेश मिश्रजी पूज्य दद्दाजी व माताजी की स्मृति में करते हैं। इनसे सीखने लायक बहुत कुछ विवरण इस पुस्तिका में संकलित किया गया है।

प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राजा बुंदेलाजी ने कहा कि न्यास की ओर से विभिन्न अवसरों पर भी कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। सतना एवं धवर्रा, नौगाँव समेत बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा एवं सहयोग का कार्य न्यास की ओर से निरंतर होता रहता है। मुझे भी इसमें सम्मिलित होने का सुअवसर मिला है और हम उनके आभारी हैं।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने अपने संबोधन में बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की स्थापना के बाद से नियमित समाज सेवा का कार्य हो रहा है और इन कार्यों का विवरण संकलित कर प्रतिवर्ष पुस्तिका का प्रकाशन किया जाता है,

जिसका यह छठा अंक आपके साथ साझा करते हुए मुझे बेहद खुशी है कि राम राजा सरकार ओरछा के दरबार में यह लोकार्पण किया गया है। समाज सेवा के उद्देश्य से न्यास की स्थापना के लिए प्रेरित करने वाली माता शांति मिश्राजी की पुण्यतिथि के अवसर पर इसका प्रकाशन किया गया है। यह अभिनंदनीय प्रयास है।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामलीला समिति नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. वी.पी. टंडन, श्री राम महोत्सव के संस्थापक निदेशक श्री राजा बुंदेला, श्री राम नरेश तिवारी (राष्ट्रीय सचिव, किसान मोर्चा), श्री अखिलेश अयाचित, पूर्व विधायक श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक, श्री राम तीर्थ सिंघल (महापौर), श्री रामरतन कुशवाहा (विधायक), श्री शिवशंकर सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा) श्री अमित राय, श्री संतोष शर्मा, श्री रमेश अग्रवालजी, डॉ. नंद किशोर नापित, श्रीमती वंदना टंडन, श्री विकास चौधरी, श्रीमती आशा रावत, मालती मिश्रा, रेखा अवस्थी, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, श्री अविनाश रावत, श्री ब्रजेश अग्रवाल, श्री विनीत रावत, श्रीमती मनीषा सिंह (सतना), श्री नितिन मिश्र, श्री ब्रजेश सिंह, श्रीमती अलका सिंह समेत बुंदेलखंड के बड़ी संख्या में नागरिक व महानुभाव उपस्थित रहे।



*ओरछा में षष्टम पुष्प का लोकार्पण करते हुए विशिष्ट अतिथिगण*



*ओरछा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट महानुभाव एवं अतिथिगण*

# कार्यक्रम : श्रीमती शांति मिश्राजी की षष्टम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ, श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह

**दिनांक : 10 अप्रैल, 2023 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ घाम', धवर्रा ( नौगाँव ) जिला : महोवा ( उ.प्र. )**

समाज सेवा एवं मानव कल्याण के लिए सदैव सक्रिय रहने वाली संस्था पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा की स्थापना के लिए प्रेरित करने वाली श्रीमती शांति मिश्रा की छठी पुण्यतिथि पर 10 अप्रैल को अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि स्वयं समाज की सेवा में समर्पित रहने वाली माताजी की प्रेरणा से स्थापित यह न्यास सेवा और सहयोग के पथ पर अग्रसर है। उनकी छठी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही सुंदरकांड का पाठ, सामग्री वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। सेवा न्यास स्वस्थ समाज के उद्देश्य से लगातार क्रियाशील रहा है। डॉ. मिश्र ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सेवा कार्य कर रहा है। इन कार्यों के एक साल का लेखा-जोखा संकलित कर स्मारिका का प्रकाशन किया गया। इस वर्ष स्मारिका 'षष्टम पुष्प' का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर छतरपुर डी.आई.जी. श्री ललित शाक्यवार, श्री विनय द्विवेदी, (एस.डी.एम.), श्री मरकाम (एस.डी.पी.ओ.), श्री कमलेश सिंह, महोबा, श्री चित्रसेन सिंह (सीडीओ महोबा), श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव (डीपीआरओ महोबा), श्रीमती अभिलाषा शिवहरे (पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका) श्री सूरज देव मिश्रा, श्री नरेंद्र मिश्रा, रवि रिछारिया, श्री संतोष यादव, श्री संतोष शर्मा निवाडी, श्री नीरज भार्गव, अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, धीरेंद्र गुप्ता, श्री प्रतीक 'सन्नो' सक्सेना, श्री आलोक जायसवाल, श्री नरेश वर्मा (जिला कार्यवाह), श्री वीरेंद्र पाराशर (व्यवस्थापक) श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', सतना, श्री हरिश्चंद्र त्रिवेदी 'हरसू' श्री बी.जी. अहिरवार, श्री साहित्य मिश्र, श्रीमती आशा सिंह, पूर्व पार्षद, श्री सुभाष दीक्षित, श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक), श्रीमती मनीषा सिंह, श्री ब्रजेश सिंह, नितिन मिश्रा समेत विभिन्न क्षेत्रों के महानुभाव उपस्थित रहे।



*माता शांति मिश्राजी की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते श्री संतोष गंगेले 'कर्मयोगी', श्री ललित शाक्यवार (डी. आई.जी.) एवं डॉ. राकेश मिश्र*



*सुंदरकांड पाठ करते न्यास के कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं परिवार के सदस्य*



*माता शांति मिश्राजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हरिश्चंद्र द्विवेदी, श्री रमाकांत पटैरियाजी, विनीत रावत व अन्य*



माँ अन्नपूर्णा देवी के चित्र भेंट करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी



लोकार्पण करते हुए न्यास के पदाधिकारी एवं श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक)



न्यास के कार्यों से अवगत कराते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री ललित शाक्यवार (डी.आई.जी), श्री मरकाम (एस.डी.ओ.पी.), श्री नरेंद्र मिश्रा, श्री संतोष शर्मा (पूर्व डी.ओ.)

# कार्यक्रम : श्रीमती शांति मिश्राजी की षष्टम पुण्यतिथि पर 23वाँ नि:शुल्क नेत्र शिविर

**दिनांक : 10 अप्रैल, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा, ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

नीलकंठ धाम धवर्रा में होनेवाले कार्यक्रम में बुंदेलखंड क्षेत्र में आँख की बीमारियों की देखभाल व मुफ्त जाँच के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 23वाँ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।




इसलिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ताकि अपने क्षेत्र वासियों को आँख के डाक्टरों की मुफ्त सेवाएँ मिल सकें। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का यह विशेष प्रयास है कि सभी जरूरत मंदों को घर बैठे हर संभव इलाज मिल सके।

शिविर में आँखों के इलाज के लिए श्री सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट (म.प्र.) के डॉक्टरों की विशेष टीम ने 225 मरीजों की जाँच की एवं दवाईयाँ एवं चश्मा नि:शुल्क प्रदान किए। 15 मोतियाबिंद मरीजों को बस द्वारा चित्रकूट आपरेशन हेतु ले जाया गया व दो दिन बाद आँखों का उपचार कर वापिस उसी स्थान छोड़कर गए।





*स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण करते चिकित्सक एवं श्री विनय द्विवेदी (एम.डी.एम. नौगाँव), श्री प्रतीक सक्सेना 'सन्नो', श्री बॉबी असाटी एवं श्री संतोष गंगेलेजी 'कर्मयोगी'*

# कार्यक्रम : माताजी की पुण्यतिथि पर भजन संध्या एवं श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 15 अप्रैल, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

श्रीमती शांति मिश्राजी की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर सतना में भजन संध्या में श्रीमती सविता गुप्ता की भजन मंडली ने भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की, जिसमें पूर्व विधायक श्री शंकर लाल तिवारी, विंध्य चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा, श्रीमती नीलम रिछारिया (प्राचार्या) डॉ. जी.पी. रिछारिया, श्री अशोक गुप्ताजी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने रखकर सिंहावलोकन करना अच्छी परंपरा है। डॉ. राकेश मिश्रजी समाज सेवा का लेखा जोखा जनता के समक्ष रखते हैं यह सबको सीख लेने की जरूरत है। पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारीजी ने कहा कि सतना में सेवा न्यास की गतिविधियों से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाईयाँ। छठी पुण्यतिथि पर धवारी मुक्तिधाम महदेवा रोड में वृहद वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिक निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन ने बाईजी को शत् शत् नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दो पीपल के पेड़ व दो अमरूद के वृक्ष लगाकर माताजी की चिर स्मृति बनाया गया। पालन चतुर्वेदी ने कहा कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के माध्यम से नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मैं उन्हें बहुत-बहुत साधुवाद देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चंदा शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती रश्मि सैनी ने किया। कार्यक्रम उपरांत फल एवं प्रसाद वितरण हुआ।






*षष्टम पुष्प का लोकार्पण करते हुए श्री राजेश चतुर्वेदी (पालन) स्पीकर नगर निगम सतना, श्री मणिकांत माहेश्वरी (अध्यक्ष, संस्कार भारती, महाकौशल प्रांत) श्री अनंत सोनी (चेयरमैन, एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना)*



*भजन एवं सुंदरकांड का पाठ करते न्यास के कार्यकर्ता एवं गणमान्य महानुभाव*




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता*
*श्री करुणेश अनुरागी, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू' श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती अर्चना शिवा पटेल,*
*श्री गोपाल बाबा डागौर एवं श्रीमती मधु बाल्मीकि*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 19 अप्रैल, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : प्रेम विहार कॉलोनी, प्रेम नगर, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' के अंतर्गत सेवा न्यास के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर रहे हैं। श्रीमती चंदा शर्मा की बेटी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर प्रेम बिहार कॉलोनी में सेवा न्यास कार्यकर्ताओं की टीम ने आम का पौधा ट्री गार्ड सहित रोपण किया।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी हमेशा कहा करते थे कि एक पौधारोपण करने में और उसकी सेवा करने, पाल पोस कर बड़ा करने में सौ पुत्रों के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। 'चलो चलें हम पेड़ लगाएँ—धरती पर हरियाली लाएँ' का नारा सेवा न्यास ने दिया है। इसे चरितार्थ करते हुए सतना नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए 9 जोनों में बाटा गया है। यह अभियान हर दिन चलता है व सबको इसमें जुड़ना चाहिए।




*श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री ब्रजेश सिंह, शिवा पटेल, करुणेश अनुरागी, शिवम् बडोलिया वृक्षारोपाण करते हुए*




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, सीलम सैनी आदि*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 21 अप्रैल, 2023 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बाल उद्यान पार्क, भरहुतनगर, सतना ( म.प्र. )**

बाल उद्यान पार्क, भरहुतनगर, सतना (म.प्र.) सेवा न्यास की कार्यकर्ता कु. वैष्णवी सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने जन्म दिन की शुभकामनाएँ दीं। लोगों ने विशेष अवसर पर वृक्षारोपण करने एवं पेड़ों की रक्षा का संकल्प किया।

सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने अपनी पुत्री कु. वैष्णवी सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के साथ बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर में वृक्षारोपण किया।

कु. वैष्णवी सिंह ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि संतानों की पहली गुरु माता-पिता होते हैं। मैंने अपने माता-पिता से प्रेरणा लेकर अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया था, आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के माध्यम से वह संकल्प पूरा हुआ है।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता श्री सुनील यादव, ब्रजेश सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, कु. समायरा सिंह, कु. वैष्णवी सिंह, सीलम सैनी, राजेश त्रिपाठी, करुणेश अनुरागी, शिवा पटेल आदि*

# कार्यक्रम : परशुराम जयंती पर वृक्षारोपण एवं वृक्ष वितरण

**दिनांक : 22 अप्रैल, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : परशुराम मंदिर, बदखर, सतना ( म.प्र. )**

अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार श्री परशुराम भगवान के अवतरण दिवस पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया। सतना नगर वासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण मुक्ति के लिए अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ एवं अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण का संदेश देते हुए साहित्य का वितरण किया। उपस्थित जनसमुदाय से संकल्प को दोहराया गया। सेवा न्यास के तत्त्वावधान में भगवान श्री परशुरामजी की जयंती पर पीपल का वृक्ष परशुराम मंदिर बदखर में लगाकर प्रभु को समर्पित किया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने कहा है कि हमारे धर्म शास्त्रों में पेड़ लगाना व उसकी पूजा करने का विधान है। हम प्रकृति पूजक समाज के लोग हैं। वेद शास्त्रों में वर्णित तीन कथाओं के कुछ अंशों का विवरण देते हुए कहा कि वैशाख अमावस्या कथा से जुड़ी तीन लोकप्रिय कहानियाँ है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

अक्षय तृतीया एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार श्री परशुराम भगवान की जयंती पर वृहद वृक्षारोपण कर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने नगर को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया है। 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत सुनील यादव ने अपनी वैवाहिक वर्षगाँठ पर बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर में उपस्थित होकर पौधारोपण किया।

श्रीमती अर्चना सुनील यादव ने कहा कि सेवा न्यास ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पाँच वर्षों तक रोपण किए गए पौधों की देखभाल खाद मिट्टी पानी डाला जाता है और शिशु की तरह उसकी सेवा की जाती है उसका पालन पोषण किया जाता है। मेरी वैवाहिक वर्षगाँठ है, इस दिन को यादगार बनाने के लिए बाल उद्यान में आँवले का वृक्ष और आम का वृक्ष लगाया और सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिए हृदय से अभिनंदन व्यक्त करता हूँ।



*श्री ब्रजेश सिंह, शिवा पटेल, करुणेश अनुरागी, शिवम् बडोलिया वृक्षारोपाण करते हुए*





*श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती अर्चना सुनील यादव, शिवम् बडौलिया, अनुराग तिवारी अनिल सैनी एवं क्षेत्रवासी*




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं नगर वासी*

# कार्यक्रम : बीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा

**विषय : कोविड-19 का पुनः खतरा, खाँसी एवं वायरल बुखार के बढ़ते स्वरूप में स्वस्थ कैसे रहें ?**

**डॉ. संदीप मित्तल**

**पल्मोलॉजिस्ट ( श्वसन और नींद चिकित्सा विभाग ) मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम ( हरियाणा )**

**दिनांक : 23 अप्रैल, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 142, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-110001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा वर्चुअल 20वीं स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश से 1330 लोगों का समाधान हुआ।





पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने डॉ. संदीप मित्तल, मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम का सभी से परिचय कराया। डॉ. राकेश मिश्रजी ने कहा कि डॉक्टर संदीप मित्तलजी सतना, प्रयागराज एवं नौगाँव में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कई बार मरीजों से रू-ब-रू हो चुके हैं। प्रसिद्ध पल्मोलाजिस्ट श्वास रोग विशेषज्ञ हैं। कोविड-19 का पुन: खतरा खाँसी एवं वायरल फीवर के बढ़ते स्वरूप में स्वस्थ कैसे रहे विषय पर परिचर्चा में डॉ. मित्तल ने कहा कि इस बार यूके, ब्राजील और साउथ अफ्रीका में स्ट्रेन पाए गए हैं। भारत में जो वायरस है उसकी संरचना में बहुत जल्दी ट्रांसमिट होने की क्षमता है। यह एक साथ सात आठ लोगों को संक्रमित कर सकता है। इस तरह से इसमें डबल म्यूटेशन है।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहानजी के समक्ष स्वास्थ्य शिविर लगाने के संदर्भ में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा संकल्प लिया गया था। आपसे आग्रह है कि जरूरतमंदों ग्रामीण जनों बुंदेलखंड, बघेलखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के निवासरत

मरीजों को आपसे लाभ प्राप्त होता रहे। डॉ. संदीप मित्तलजी ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे डाक्टरों की टीम भी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुँचने के लिए आतुर रहते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सचिन त्रिपाठी ने वर्चुअल ऑनलाइन जुड़े भारत के विभिन्न शहरों गाँव देहात दूरस्थ क्षेत्रों एवं विदेश में रह रहे भारतवंशियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




*परिचर्चा को संबोधित करते डॉ. संदीप मित्तल एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*

# कार्यक्रम : बुद्ध पूर्णिमा पर वृक्षारोपण

**दिनांक : 05 मई, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 1. राजेंद्र नगर, सतना ( म.प्र. )**
**2. सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को हरा भरा करने के लिए पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत राजेंद्र नगर एवं संतोषी माता मंदिर में पौधारोपण कर अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

बिरला रोड पर माँ संतोषी माता मंदिर के बगल में, न्यास द्वारा पार्क में कंजी का पौधा लगाया गया। इस पौधे की तीज के व्रत में महिलाओं के दातुन करने के काम आता है, उसका पौधा आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा श्री धर्मिल शाहजी के जन्मदिन पर लगाया गया। इस अवसर पर एल.पी. तिवारी, मोहन तिवारी ने सेवा न्यास के साथ बस्ती के अनेक लोगों द्वारा पौधारोपण किया गया। राजेंद्र नगर गली नंबर 10 में राम बिहार कॉलोनी के पार्क में भी कंजी का पौधा लगाया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा श्री सुशील सोई के जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया।




*बुद्ध पूर्णिमा पर वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता*




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : इक्कीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा

**विषय : आयुर्वेद द्वारा घरेलू उपायों से उपचार**
**पं. लक्ष्मण दास रतन भारद्वाजजी ( गुरुजी ) वैद्य**
**दिनांक : 06 मई, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नेहनिकुंज बम्हनगाँव, सतन**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा स्वस्थ समाज निर्माण के लिए लगातार किए जा रहे सेवा कार्यों के तहत ऑनलाइन स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें ऑनलाइन पं. लक्ष्मण दास रतन भारद्वाज (गुरुजी) ने असाध्य रोगों हेतु घरेलू नुस्खे बताते हुए लोगों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि लहसुन, प्याज, अदरक, हल्दी हमारे रसोई घर में उपलब्ध है। इसके द्वारा पैर से लेकर सिर तक की असाध्य रोगों का इलाज की दवा है।

इस अवसर पर सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस इक्कीसवीं परिचर्चा में आयुर्वेद द्वारा घरेलू उपायों से उपचार बताया गया। इसमें मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, सतना रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक प्रदीप अवस्थी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, बघेलखंड, बुंदेलखंड समेत अन्य राज्यों के गाँव देहात दूरदराज इलाकों से छह हजार से अधिक मरीजों एवं जरूरतमंदों ने वैद्यजी से सीधे प्रश्न पूछकर उनका समाधान प्राप्त किया।




वैद्य लक्ष्मण दासजी गुरुजी ने सभी के उत्तर दिए। इसमें देश विदेश से लोग जुड़े हुए लगभग सभी के प्रश्न एक जैसे ही थे, जिनका समाधान बड़े ही सरल और सहज भाव में गुरुजी ने बीमारी के लक्षणों के आधार पर अपनी बीमारी पहचाने और उसका आयुर्वेद पद्धति से इलाज करने की सलाह दी।

लोगों ने मधुमेह, रक्तचाप, महिलाओं से संबंधित रोग, खुजली व शीत, पिंपल्स

एवं दाने, कब्ज, बवासीर, पेट साफ नहीं होने सहित अन्य शारीरिक परेशानियों से संबंधित प्रश्न पूछे। वैद्यजी सभी सवालों का समुचित समाधान बताते हुए सभी को संतुष्ट किया।

स्वास्थ्य परिचर्चा में सचिन त्रिपाठी ने देश विदेश से जुड़े लोगों एवं गुरुजी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने सभी का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि बहुत ही शीघ्र ही तंबाकू के सेवन के नुकसान एवं मुँह के कैंसर पर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान मंत्री श्री राम खेलावन पटेल, पूर्व विधायक श्री शंकर लाल तिवारी, श्री हरीशकांत त्रिपाठी, श्री प्रदीप अवस्थी, श्री विकास कुमार सिंह समेत बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी-अपनी परेशानियों के साथ सामान्य जानकारी प्राप्त की।




*वैद्य लक्ष्मण दास भारद्वाजजी परिचर्चा में मार्गदर्शन देते हुए*



*परिचर्चा में पं. लक्ष्मण दास रतन भारद्वाजजी (गुरुजी) वैद्य एवं न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, श्री रामखेलावन पटेल (मंत्री, म.प्र. शासन), श्री हरीशकांत त्रिपाठी (सदस्य जिला पंचायत) एवं श्रीमती मनीषा सिंह*

## कार्यक्रम : बुद्ध पूर्णिमा पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा

**दिनांक : 06 मई, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 1. 'नेह निकुंज' बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**
**2. शनि मंदिर, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में भगवान प्रभु श्रीराम का विधिवत पूजन पाठ के उपरांत सुंदरकांड एवं भजन का आयोजन किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने आए हुए समस्त अतिथियों को माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र एवं सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित षष्टम पुस्तिका भेंट किया। क्षेत्र के श्रद्धालुओं व भक्तजनों ने भाव विभोर होकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज, रीवा रोड में सुंदरकांड पाठ में शहर के गणमान्य नागरिक एवं धर्मावलंबी माता बहिनों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दाजी हमेशा कहा करते थे कि "नर सेवा ही नारायण सेवा" है। उसे चरितार्थ करते हुए सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा शनि मंदिर में जरूरतमंदों को भोजन कराया। भोजन प्रसाद ग्रहण करने वाले दिव्यांगों, बुजुर्गों, खुले आसमान में अपना रैन बसेरा बनाकर रहने वाले गरीब, असहायों ने खुले मन से सेवा न्यास परिवार के समस्त कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया।

श्री रामखेलावन पटेल (मंत्री मध्य प्रदेश शासन) सतना लोकसभा सांसद श्री गणेश सिंह, नगर निगम सतना महापौर श्री योगेश ताम्रकार, श्री उत्तम बनर्जी (सह प्रांत कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री सूर्यकांत केलकर, पूर्व विधायक श्री शंकरलाल तिवारी, डॉ. एच.पी. तिवारी, लोकतंत्र सेनानी श्रीमती निर्मल जीत सलूजा, श्री अशोक गुप्ता, श्री बालकृष्ण शुक्ला, श्री हरीश कांत त्रिपाठी, श्री अवधेश शुक्ला, डॉ. ए.के. झा, श्री प्रदीप अवस्थी, श्री संजय शाह, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री विनोद यादव, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, श्री विवेक अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल, श्री संजय तीर्थवानी, पार्षद श्री महेंद्र पांडे, श्री मिथिलेश सिंह, श्रीमती शुभा दत्ता, प्रो. नीलम रिछारिया, श्रीमति अनुराधा अग्रवाल, श्रीमती रिंकू अग्रवाल, श्री संदीप सोई, श्रीमती आशा शुक्ला, श्री आशु चतुर्वेदी, श्री विजय यादव, श्री कामता पांडेय, श्री

सौभाग्य केसरी, श्री कृष्णा पांडे, श्री शैलेंद्र त्रिपाठी, श्री श्याम लाल गुप्ता, श्री अशोक गुप्ता, श्री नरेंद्र शर्मा, श्री मुरारी लाल सोनी, श्री दिलीप क्षीरसागर, श्री आनंद मोहन मिश्रा, प्रो. जी.पी. रिछारिया, श्री अजय सोनी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक श्रद्धालु बंधुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।




*शनि मंदिर सतना में बुद्ध पूर्णिमा पर प्रसाद वितरण करते हुए न्यास कार्यकर्त्ता*



*बुद्ध पूर्णिमा पर माँ अन्नपूर्णाजी का चित्र भेंट करते हुए, श्री शंकर लाल तिवारी (पूर्व विधायक), श्रीमती आशा शुक्ला, श्री प्रदीप अवस्थी (स्टेशन प्रबंधक रेलवे, सतना) एवं डॉ. राकेश मिश्र*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 09 मई, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : राम बिहार कॉलोनी पार्क, गली नंबर 10, राजेंद्र नगर, सतना ( म.प्र. )**

श्री सुशील सोईजी के जन्मदिन पर राजेंद्र नगर गली नंबर 10 में राम बिहार कॉलोनी के पार्क में कंजी का पौधा लगाया गया। साथ ही इस अवसर पर पार्षद श्री महेंद्र पांडेजी श्रीमति अनुराधा अग्रवालजी, श्री रिंकू अग्रवालजी, श्री संदीप सोईजी और सभी न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*श्री महेंद्र पांडेय ( पार्षद ), श्री रिंकू अग्रवाल, श्री संदीप सोई एवं क्षेत्रवासी*




*वृक्षारोपण का संकल्प करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं श्रीमती अनुराधा अग्रवाल,*
*श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, वृक्ष लगाने की अपील करते हुए श्री विजय सिंह पटेल*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 10 मई, 2023 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

माँ संतोषी माता मंदिर के बगल में न्यास पार्क में नीम का पौधा लगाया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा धर्मिल शाहजी के जन्मदिन पर लगाया और साथ ही इस अवसर पर श्री एल.पी. तिवारीजी, श्री मोहन तिवारीजी और सभी न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं श्री एल.पी. तिवारी, धर्मिल शाहजी, मोहन तिवारी आदि*

# कार्यक्रम : डॉ. राकेश-प्रमिला मिश्राजी की 26वीं वर्षगाँठ पर वृक्षारोपण

**दिनांक : 15 मई, 2023 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं प्रमिला मिश्राजी की 26वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में बेल का वृक्ष लगाया गया। जिससे उनकी सारी मनोकामनाएँ और सारे संकट शिव भगवान दूर करते जाएँ और उनकी जोड़ी अमर रहे। इस अवसर पर न्यास के सभी कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा विभिन्न अवसरों को यादगार बनाने व सतना को हरा भरा करने के उद्देश्य से नियमित वृक्षारोपण चल रहा है। इसी कड़ी में शहर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बेल का पेड़ लगाया गया। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा सतना नगर के संतोषी माता के बगल में हनुमान मंदिर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती आशा शुक्लाजी ने कहा कि शिवपूजन में बेलपत्र एक अनमोल पौधा होता है जो शिवजी को चढ़ाने मात्र से हर मनोकामना पूरी होती है एवं सारे संकट दूर हो जाते हैं।

इनकी रही उपस्थिति : श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती आशा शुक्लाजी, श्री श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्री महेंद्र तिवारीजी, श्री सुनील यादवजी, श्री बृजेश सिंहजी, श्री अनुराग तिवारी, श्री विजय पटेल, श्री विजय दुबेजी, श्री अंकित रजक एवं श्री संजय गुप्ता सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया एवं वृक्षारोपण का संकल्प लिया।





*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 16 मई, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा श्री लेखराज सोनीजी के पिताजी और श्री राकेश सोनीजी के दादाजी स्वर्गीय श्री मैठा रामजी की पुण्य स्मृति में बेल का पौधा लगाया गया जिसमें न्यास के कार्यकर्ता मौजूद रहे। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के तहत स्व, मैठा रामजी के पुत्र लेखराज सोनीजी के द्वारा पुण्यतिथि पर संतोषी माता हनुमान मंदिर न्यास पार्क में पौधारोपण किया सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा लावारिस पौधे जिनका प्रकृति संरक्षण कर रही थी आज सभी न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा उन पौधो का भी संरक्षण साफ सफाई कर खाद पानी डालकर जालियाँ लगाकर सुरक्षित किया।










*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं लेखराज सोनी के परिवारजन*

# कार्यक्रम : वट सावित्री पर्व पर वृक्ष पूजन एवं वृक्षारोपण

**दिनांक : 19 मई, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 1. खेरमाई मंदिर, सतना ( म.प्र. )**
**2. एकलव्य नगर, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

वट सावित्री व्रत के शुभ अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की बहिनों ने अपने पति एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए वटवृक्ष की परिक्रमा करते हुए परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। बिरला रोड में सेवा न्यास की कार्यकर्ता बहिनों द्वारा 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया और जन जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को प्रदूषण मुक्त करने के लिए वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। श्रीमती मनीषा सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि जल का निर्माण नहीं किया जा सकता सिर्फ इसका संरक्षण ही किया जा सकता है। इसलिए आइए सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान से जुड़कर जल संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण करने का संकल्प लें। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सक्रिय कार्यकर्ता बृजेश सिंह की पुत्री शमायरा सिंह के जन्मोत्सव पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया था। जिसे आज एकलव्य नगर, बिरला रोड में कदम का पौधारोपण किया गया। सभी पर्यावरण प्रेमियों से आग्रह है कि आप अपने व अपने परिवार जनों के जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ व अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करने का संकल्प लें। सेवा न्यास आपका संकल्प पूरा करने के लिए आपके साथ है।

इनकी रही उपस्थिति : श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय सिंह, श्री सुनील यादव, श्रीमती प्रीति त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री अनुराग तिवारी, श्री विजय दुबे, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता मोहल्ले वासी उपस्थित रहे।





*वटसावित्री का पूजन करती महिलाएँ और पेड़ लगाने का संकल्प कराती श्रीमती मनीषा सिंह (महिला प्रमुख) तथा न्यास कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : बाईसवीं परिचर्चा

**विषय : डिजिटल युग में धोखे बाजों से अपने आपको कैसे सुरक्षित रखें ? : सुश्री रीता यादवजी**
**उत्तर प्रदेश पुलिस, नोएडा साइबर क्राइम की विशेषज्ञ विशिष्ट महिला अधिकारी**
**दिनांक : 27 मई, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 142, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा बाईसवीं परिचर्चा आयोजित की गई। सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुश्री रीता यादव एवं विकासजी से परिचय कराया। परिचर्चा का शुभारंभ हुआ।

डिजिटल युग में धोखेबाजी से अपने को सुरक्षित कैसे रखें ? विषय पर आयोजित परिचर्चा में माइक्रोसॉफ्ट टीम एप के माध्यम से देश विदेश से 2630 लोग जुड़कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।




मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप पर माइक्रोसॉफ्ट टीम्स एप डाउनलोड कर परिचर्चा में देश एवं विदेश के साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, चंडीगढ़ एवं विभिन्न शहरों से साइबर क्राइम से पीड़ित लोगों ने भी अपनी समस्यायें बताईं और उनका समाधान मिला।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुश्री रीता यादव ने कहा कि इन दिनों फेसबुक, ट्विटर इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर क्राइम ज्यादा हो रहे हैं। मीठी-मीठी बातें कर दोस्ती बनाते हैं और आपकी बातें संदेश रिकॉर्ड कर ब्लैक मेलिंग करते हैं। इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहें। अगर कोई आपके साथ में फ्रॉड होता है तो तुरंत ही अपने नजदीकी पुलिस थाने में साइबर क्राइम टीम से संपर्क करें।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुश्री रीता यादवजी एवं विकासजी से अपने साथ होने वाली ठगी से बचाव व सहायता के लिए प्रश्न पूँछकर समाधान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कभी भी अपरिचित साफ्टवेयर डाउनलोड नहीं करना चाहिए। एप डाउनलोड

करने के पहले उसका रिव्यू अवश्य समझना चाहिए। कभी भी किसी एप को फोटो, वीडियो या फाइल साझा नहीं करना चाहिए। बच्चों के खेल संबंधी एप से बैंक खातों तक सेंध लगाई जाती है। टीम व्यूर एप सबसे खतरनाक है। यह पूरा सिस्टम ही अपने पास हैक कर लेता है। नाइजीरिया व अन्य देशों से संचालित होने वाले हैकर हमें लिंक भेजकर जाल में उलझाते हैं। मुफ्त के चक्कर में न पड़कर हमको जागरूक बनना होगा। मनमोहक ऑफर व गानों को लाइक बढ़ाने एवं प्वाइंट के नाम पर हम फँसते जाते हैं। इससे सतर्क रहना चाहिए।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र के अधिकांश लोगों ने पूछा कि केवाईसी कराने के संदर्भ में हो रहे साइबर क्राइम से कैसे बचें?

विकासजी ने प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि बैंक कभी भी किसी भी अपने ग्राहक को केवाईसी के लिए फोन पर संपर्क नहीं करता इसलिए सावधान रहें।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. राकेश मिश्र ने देश, विदेश एवं ग्रामीण अंचलों से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया।सफल संचालन के लिए सचिन त्रिपाठी व संकल्प मिश्र लंदन का आभार व्यक्त किया।




*परिचर्चा को संबोधित करते सुश्री रीता यादव एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*

## कार्यक्रम : विश्व मासिक धर्म एवं महिला स्वच्छता दिवस पर सैनेटरी पैड वितरण एवं जन जागरण

**दिनांक : 29 मई, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : एकलव्य नगर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में शहर के एकलव्य नगर, बिरला रोड के पास वाली सेवा बस्ती में बहिनों को जागरूक कर सेनेटरी पैड वितरण किया गया।

महिलाओं को साफ-सफाई से रहने का तरीका बताते हुए मनीषा सिंह ने कहा कि मासिक धर्म के संबंध में कुरीतियों की समस्या सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी कहीं-कहीं देखी जाती है। इन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक नियमित शारीरिक प्रक्रिया है, किंतु इसे लेकर समाज में कई ऐसी कुरीतियाँ व्याप्त हो गई हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान आम तौर पर महिलाओं को किसी सामान को छूने या कहीं आने-जाने पर पाबंदी लगाई जाती है। वहीं मासिक धर्म को कन्या के विवाह के अवसर से भी जोड़ा जाता है।

न्यास की कार्यकर्ता सीलम सैनी (सांस्कृतिक प्रमुख) ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा न्यास आपके बीच में हमेशा निःशुल्क पैड वितरण करता रहेगा। जिसके आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

इनकी रही उपस्थिति : श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने सेवा न्यास द्वारा प्रदत्त पैड प्राप्त करके सेवा न्यास की बहिनों का आभार व्यक्त किया।





*महिलाओं के बीच सैनेटरी पैड की जागरूकता तथा सैनेटरी पैड का वितरण करती न्यास की कार्यकर्ता बहिनें*

## कार्यक्रम : 1. खिलाड़ियों का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण
## 2. वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 01 जून, 2023 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 1. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर; ( 2 ) शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 1. सतना, ( 3 ) शासकीय व्यंकट क्र. 2. सर्किट हाउस सतना ( 4 ) खेरमाई माता मंदिर में पौधारोपण**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने कहा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा चलाए जा रहे खेलो इंडिया अभियान के तहत विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया गया।

समर कैंप में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर, शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 सतना, शासकीय वेंकट क्र. 2 सर्किट हाउस सतना में आयोजित समर कैंप में सेवा न्यास के द्वारा चलाए जा रहे नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान की जानकारी दी गई। अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं मेदांता दि मेडिसिटी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, सतना हाफ मैराथन, 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' वृक्षारोपण अन्य कार्यक्रम की जानकारियाँ दी गईं। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सेवा न्यास द्वारा रोपण किए गए पौधों की देखभाल के लिए चलाई जा रही ग्रीन एंबुलेंस की विधिवत जानकारी देते हुए सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया।

शा. व्यंकट क्र. 2 के श्री धीरेंद्र सिंह, श्री ब्रजेंद्र मिश्र, श्री मिथलेश चतुर्वेदी, श्री संदीप टंडन, श्री नमन उपाध्याय, श्री अबीर द्विवेदी, श्री रवि द्विवेदी, महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती रचना जोशी, श्रीमती स्वीटी श्रीवास्तव, श्री दयाराम द्विवेदी, श्री संतोष पटेल, व्यंकट न. 1 श्री संदीप भारती, श्री रामकुमार सेन को माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र एवं सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित षष्टम पुष्प पुस्तक भेंट किया गया।

सतना नगर वासियों से पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए पौधारोपण करने का अनुरोध किया गया। खिलाड़ी बच्चों को अन्न का महत्त्व बताने हेतु जूठन न छोड़ने का संकल्प दिलाया कि "उतना ही लें थाली में कि व्यर्थ न जाए नाली में"। माँ अन्नपूर्णा व धंवंतरि के चित्रों को शिक्षकों को भेंट किया गया।





*समर कैंप में माँ अन्नपूर्णाजी के चित्र भेंट करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं श्री राजीव व्यास*



*श्री रवि द्विवेदी, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, महेंद्र पांडे एवं खेल अधिकारीगण*



*ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में उपस्थित छात्र-छात्राएँ, सेवा न्यास कार्यकर्त्ताओं के साथ*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 02 जून, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : खेरमाई मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

श्रीमती शिवांगी गुप्ता के जन्मदिन पर खेरमाई माता मंदिर में हुआ वृक्षारोपण अपना सपना, हरा-भरा सतना अभियान के अंतर्गत सेवा न्यास के सहयोग से शासकीय सेवा में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारी श्री अमित गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शिवांगी गुप्ता के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर फलदार आम का पौधारोपण किया गया। सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने पुस्तक भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया।

"अपना सपना, हरा-भरा सतना" अभियान के तहत पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा श्रीमती शिवांगी गुप्ताजी के जन्मदिन पर आम का पौधा, खेरमाई मंदिर में लगाया गया। इस अवसर पर मोहल्ले के लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. राकेश मिश्रजी, श्रीमती मनीषा सिंहजी, सुनील यादवजी, श्री अमित गुप्ताजी, श्री विजय सिंह पटेलजी, श्री नितिन मिश्राजी, श्री करुणेश अनुरागीजी, श्री महेंद्र तिवारीजी, श्री नीलू त्रिपाठीजी, श्री जितिन यादवजी, श्री विजय यादवजी, श्री शिवा पटेलजी, श्री मनीष यादवजी, श्री उमेश यादवजी, श्री कार्तिक सोनीजी, श्री अनु मिश्राजी उपस्थित रहे।




*खेरमाई मंदिर में वृक्षारोपण करते हुए श्रीमती शिवांगी गुप्ता के जन्म दिवस पर डॉ. राकेश मिश्र, मनीषा सिंह, महेंद्र तिवारी, करुणेश अनुरागी, विजय पटेल, सुनील यादव, सीलम सैनी आदि*

## कार्यक्रम : सेवा कार्यों हेतु सम्मान

**दिनांक : 02 जून, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्ववाली सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, पूर्व महापौर करनी श्री शशांक श्रीवास्तव, सतना के सांसद श्री गणेश सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री सतीश शर्मा का सम्मान अंगवस्त्र और माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंटकर किया गया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के तहत सतना में जो वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, उसका परिणाम देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि न्यास न सिर्फ वृक्ष लगाता है, बल्कि उसका पोषण एवं देखरेख भी करता है। डॉ. मिश्र ने पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति के संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की चर्चा करते हुए बताया कि सहयोग और दृढ संकल्प से हर कार्य को पूर्ण किया जा सकता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पेड़ पौधे की काफी अहमियत है। हर एक पेड़ अनेक लाभ देते हैं। उन्होंने बताया कि एक-एक पेड़ कई जीवों का भला करता है। श्री मरांडी ने न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के साथ अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हो रहे कार्यों से क्षेत्र को लाभ मिल रहा है। उन्होंने न्यास के कार्यों की सफलता की कामना की।

राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम को अलौकिक बताते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा किया जा रहा कार्य अति सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज यहाँ पहुँचकर मुझे अपार ख़ुशी मिली है। न्यास के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य अद्‍भुत है। न्यास का वृक्षारोपण अभियान बेमिसाल है। एक पेड़ लगाने का मतलब है एक बच्चे का जन्म लेना। लोग पेड़ लगाते हैं और भूल जाते हैं; लेकिन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अनोखा कार्य कर रहा है, जो पेड़ लगाने के बाद उसकी देखभाल भी करता है। वाकई यह अति प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थाएँ भी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास से प्रेरणा

लेकर वृक्षारोपण और अन्य सामाजिक कार्यों को करें तो क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। ग्रीन एंबुलेंस चलाकर पेड़ों की सेवा करना राकेशजी की टीम का दृढ़ संकल्प दर्शाता है। यह एक अभिनव प्रयोग जो सतना में चल रहा है वह दूसरों को लिए भी अनुकरणीय है।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर श्री शशांक श्रीवास्तव, सतना के सांसद श्री गणेश सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री सतीश शर्मा ने भी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

अतिथियों का स्वागत मनीषा सिंह ने श्रीमती सीमा द्विवेदी का, श्री कृष्णा पांडेय ने श्री बाबूलाल मरांडी का, श्री गणेश सिंह का श्री जेपी गुप्ता ने, श्री शशांक श्रीवास्तव का अर्जुन तिवारीजी ने, श्री सतीश शर्माजी का महेंद्र तिवारीजी ने अंग वस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट किए।समारोह का संचालन न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश नीलू त्रिपाठी ने किया।

इनकी रही उपस्थिति : श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती अंजना तिवारी, श्रीमती प्रियांशा उर्मलिया, श्री जेपी गुप्ता, श्री कृष्णा पांडेय, श्री अर्जुन तिवारी, श्री करुणेश अनुरागी, श्रीमती प्रभा पांडेय, श्री सुनीता शर्मा, श्रीमती संतोष तिवारी, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती संध्या सैनी, श्रीमती सीलम सैनी, श्री बलराम गुप्ता, श्री शिवा पटेल, श्री आशीष सिंह, श्री कमलेश सिंह, श्री राजन शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



*श्रीमती सीमा द्विवेदी (सांसद राज्य सभा) एवं श्री सतीश शर्मा (जिलाध्यक्ष) को सम्मानित करती श्रीमती मनीषा सिंह, श्री कमलेश्वर अग्रवाल*



*न्यास कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में स्व. बाल आपटे स्मृति वाचनालय का अवलोकन करते झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबू लाल मरांडी, सांसद श्री गणेश सिंह, सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्री सतीश शर्मा एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, श्री सुरेंद्रजी*



*कार्यकर्ताओं को संबोधित करते श्री बाबू लाल मरांडीजी (पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड)*



*सम्मान समारोह को संबोधित करते श्री बाबू लाल मरांडी, सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्री शशांक श्रीवास्तव (पूर्व महापौर, कटनी)*

# कार्यक्रम : विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 05 जून, 2023 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : ( 1 ) सिविल लाइन, कलेक्टर बंगला के सामने, सतना ( म.प्र. )**

**( 2 ) शा. व्यंकट उ.मा.वि. क्र. 1, सतना ( म.प्र. )**

विश्व पर्यावरण दिवस पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर सतना) के जन्मदिवस पर सिविल लाइन कलेक्टर बंगला के सामने पौधारोपण किया गया। स्वयं कलेक्टर महोदय की उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास सिविल लाइन की छात्राओं एवं सेवा न्यास कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

छात्रावास की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संकल्प में कहा गया कि हम अपने पर्यावरण को संतुलित करने के लिए उसका संरक्षण करने के लिए अपने जन्मदिवस पर पौधारोपण करेंगे एवं रोपण किए गए पौधे की सेवा करेंगे। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत ग्रीन एंबुलेंस सेवा नि:शुल्क चलाई जा रही है। शहर में हर दिन पेड़ लगाने का काम दो वर्षों से लगातार चल रहा है। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेवा न्यास के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर बंगले पर पहुँचकर पेड लगाकर उसे ट्री गार्ड से सुरक्षा प्रदान की। सेवा न्यास द्वारा रोपित किए गए पौधों की सेवा न्यास पाँच वर्षों तक खाद, मिट्टी व पानी डालकर पौधों को छोटे बच्चों की तरह देखभाल करने का काम करेगा। सतना शहर को नौ जोनों में बाँटा गया है। हर जोन के कार्यकर्ता प्रतिदिन इस पुनीत कार्य में लगे रहते हैं।

सेवा न्यास सतना शहर को हरा-भरा करने का संकल्प लेकर नगर वासियों को अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ एवं पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करने का जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना में उत्कृष्ट कार्यों के लिए लोकप्रिय कलेक्टर श्री अनुराग वर्माजी ने अभियान प्रमुख सुनील यादव को श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदान किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक व सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 में प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव एवं सेवा न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया और पर्यावरण तथा

जल संरक्षण हेतु जागरूकता रैली निकालकर नगर वासियों को पर्यावरण संतुलित करने के लिए वृक्षारोपण करने एवं प्लास्टिक मुक्त करने हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता रैली सेवा न्यास एवं विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से नक्षत्र वाटिका से धवारी मोड़ होते हुए शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक में समाप्त हुई। विद्यालय प्राचार्य द्वारा सम्मिलित हुए छात्रों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

इनकी रही उपस्थिति : जिला पंचायत सीईओ श्री परीक्षित झाड़े, श्रीमती कृष्णकांता सिंह, श्रीमती नीलम खरे, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्री बृजनंदन तिवारी, श्री मोहित गर्ग, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल, श्री गोपाल बाल्मीकि, श्रीमती मधु बाल्मिक, श्री सुनील यादव, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री अनिल सैनी, श्री अनुराग तिवारी, श्री जितिन यादव, श्री विजय यादव, श्री विजय पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं पर्यावरण प्रेमी सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*विश्व पर्यावरण दिवस पर सिविल लाइन में कलेक्टर बंगला के सामने वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता*




*श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर सतना) द्वारा वृक्षारोपण अभियान हेतु श्री सुनील यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं को ग्रीन एंबुलेंस संचालन हेतु सम्मानित किया*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 06 जून, 2023 ( मंगलवर )**
**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा दादा हरि प्रकाश गोस्वामीजी के जन्मदिन पर जामुन का पौधा सतना न्यास पार्क हनुमान मंदिर संतोषी माता चौराहा में लगाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में आए प्रबुद्ध जनों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर श्री सुनील यादवजी, श्री आशीष बाजपेयी योगाचार्यजी, श्री दयाराम द्विवेदीजी, श्री आशीष गोस्वामीजी, श्री द्वारिका सोनीजी, श्री वीरेंद्र शुक्लाजी (प्रधान पुजारी), श्री रामबाबू सिंहजी, श्री अशोक मिश्राजी, श्री नितिन मिश्राजी, श्री विजय पटेलजी, श्री शिवा पटेलजी, श्री पवन कुशवाहाजी उपस्थित रहे।

आप भी अपनों की याद में पेड़ लगाएँ व पुण्य लाभ पाएँ।




*दादा श्री हरि प्रकाश गोस्वामीजी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 08 जून, 2023 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर के निकट, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा ग्रीन एंबुलेंस चालक अभिषेक सेनजी के भानजे चि. प्रज्वल सेन के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पीपल का पौधा सतना न्यास पार्क हनुमान मंदिर संतोषी माता चौराहा में लगाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में आए प्रबुद्ध जनों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं अभिषेक सेन के परिवार जनों ने संकल्प लिया*



*रोपित वृक्ष एवं ग्रीन एंबुलेंस*

# कार्यक्रम : प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स : 2023

दिनांक : 08 जून, 2023 ( गुरुवार )
कार्यक्रम स्थल : हाउस ऑफ कॉमन्स लंदन ( यू.के. )

## हाउस ऑफ कॉमन्स लंदन में आयोजित हुआ भव्य समारोह

"लंदन में अंगवस्त्र, धनवंतरि एवं माँ अन्नपूर्णा का चित्र भेंट कर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की संस्कृति हुई स्थापित"

ब्रिटेन की संसद में प्रतिष्ठित 'प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2023' के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ब्रिटेन की संसद के सदस्य और लंबे समय तक यूनाइटेड किंगडम की सेवा करने वाले भारतीय मूल के श्री विरेंद्र शर्मा ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की। यह कार्यक्रम ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स के चर्चिल हॉल में किया गया। श्री शर्मा की मेजबानी में प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। भारत और यूनाइटेड किंगडम के साथी भारतीयों को राष्ट्र निर्माण में उनकी उपलब्धियों और योगदान के सम्मान में 'प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2023' दिया गया। पूरे भारत और यूनाइटेड किंगडम के कुल 35 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जो अपने संबंधित क्षेत्रों में लगातार योगदान दे रहे हैं।

सम्मानित होने वाली हस्तियों में श्रीमती अनीता योगेश ताम्रकार (अध्यक्ष, भारत विकास परिषद, सतना-मध्य प्रदेश), डॉ. नागेंद्र सोलंकी (अध्यक्ष, वेंकटेश्वर वर्ल्ड स्कूल, महाराष्ट्र), श्रीमती शाइना चूडासमा मुनोत (अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर और बोर्ड सदस्य, प्रसार भारती), श्री अनंत सोनी (प्रो. चांसलर, एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना-मध्य प्रदेश), श्रीमती पिंकी आनंद (वरिष्ठ अधिवक्ता, भारत का सर्वोच्च न्यायालय), पद्मश्री परेश मैती (प्रसिद्ध कलाकार), डॉ. आर.के. टंडन (अध्यक्ष, ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, नई दिल्ली), डॉ. तरुण बजाज (निदेशक-एपीडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), डॉ. विपुल ज्योति (सीनियर प्रैक्टिशनर ऑफ आई केयर, लंदन), श्री संतोष मिश्रा (प्रबंध निदेशक, सैनफ्रान ग्रुप) श्रीमती आभा कुमार (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुलभ इंटरनेशनल), डॉ. श्रेणिक कोटेचा (सह-संस्थापक, शिक्षा, मुंबई), सुश्री आस्था दीक्षित ( शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश), श्री सुभाष चंद्र ढींगरा (अध्यक्ष, स्नेह इंटरनेशनल, नई दिल्ली), के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं। प्रो. (डॉ.) आशुतोष मिश्रा, ओएसडी, दिल्ली स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस सहित भारत और यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी में भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। सम्मानित होने

वाले लोगों ने अपनी प्रतिभा और कार्यों से इस कहावत को चरितार्थ किया कि 'सफलता छोटे-छोटे प्रयासों का योग है, जो दिन-रात दोहराए जाते हैं।'

चर्चा में विशेषज्ञों की उपस्थिति—'ट्रेसिंग द रूट्स : कनेक्टिंग विद द इंडियन डायस्पोरा इन यूके फॉर डेवलपिंग ऑफ इंडिया-यूके रिलेशंस' पर भी चर्चा हुई। हाउस ऑफ कॉमन्स में पुरस्कार समारोह में सबसे कम उम्र के और सक्रिय संसद सदस्य श्री एंड्रयू वेस्टर्न, स्ट्रेटफोर्ड और उर्मस्टन के साथजी पूरे यूनाइटेड किंगडम से संसद के कई प्रतिष्ठित सदस्य भी शामिल हुए।

आयोजन और स्वागत समिति में डॉ. वेद प्रकाश टंडन (अध्यक्ष, संकल्प एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसाइटी, नई दिल्ली), श्री दर्शन सिंह ग्रेवाल (पूर्व-मेयर, हंसलो, यूके), श्री देवेंद्र कुमार त्यागी (अंतरराष्ट्रीय सचिव, एनआरआई एसोसिएशन, यूके) एवं श्री संकल्प मिश्रा (एलएलएम, क्वीन मैरी, लंदन विश्वविद्यालय) द्वारा की गई भव्य व्यवस्थाओं की सभी ने सराहना की।

डॉ. राकेश मिश्रा (अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास, सतना, मध्य प्रदेश) के साथ श्री संतोष मिश्रा के नेतृत्व में सैनफ्रान ग्रुप द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के लिए एक शानदार 'अवॉर्ड नाइट' समारोह का आयोजन किया गया, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित बॉलीवुड संगीतकार श्री अनु मलिक, यूके के लॉर्ड मेघनाद देसाई और पूरे यूनाइटेड किंगडम से भारतीय डायस्पोरा के ऐसे कई प्रसिद्ध व्यक्तित्वों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि "आज यह एक गर्व की अनुभूति हो रही है कि सभी क्षेत्रों से प्रसिद्ध भारतीय हस्तियों को लंदन में यूके की संसद में सम्मानित किया गया है। यूनाइटेड किंगडम में प्रवासी भारतीयों के साथ-साथ मेरे भारतीय साथी जो नई दिल्ली मुंबई से आए हैं, वे वास्तव में हमारे देश को गौरवान्वित कर रहे हैं, क्योंकि हम भारत के अमृत काल को 100 वर्ष की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और भविष्य में भी उनकी सफलता की कामना की। 'प्राइड ऑफ इंडिया अवाड्र्स 2023' जैसा आयोजन यह दर्शाता है कि कैसे समाज के विभिन्न स्तरों पर भारतीय नागरिक अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इन प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं, भारत के दूर-दराज के इलाकों और दुनिया भर में ऐसे लाखों भारतीयों द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले ऐसे असाधारण प्रतिभाशाली और परिश्रमी व्यक्तियों के साथ यह निष्कर्ष निकलता है कि आने वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु बनने की राह पर है। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे देशवासियों को ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध हाउस ऑफ कॉमन्स, ब्रिटेन की संसद जैसे वैश्विक मंचों पर सम्मानित किया जा रहा है। जैसा कि भारत के माननीय

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है "भारत एक बार फिर 'विश्वगुरु' की भूमिका निभाने और मानव जाति के लाभ के लिए वचनबद्ध होने के लिए तैयार है।"

इस अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की उपलब्धियों से संबंधित लघु चित्र का प्रदर्शन किया गया। सैनफ्रान की गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय रामलीला का भी प्रदर्शन किया गया। वहीं 15 जून को कैंसर चेरिटेबल की ओर से होने वाले एक बड़े समारोह की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अंगवस्त्र, आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरि और धन-धान्य की देवी माता अन्नपूर्णा का चित्र उपस्थित लोगों को भेंट किया गया। शिक्षाविद् श्रीमती प्रमिला मिश्रा (पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास) ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।





*ब्रिटेन की संसद में 'प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2023' कार्यक्रम में श्री अनूमलिक (प्रसिद्ध गीतकार) धनवंतरि एवं माँ अन्नपूर्णाजी का चित्र भेंट करते पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*






*ब्रिटेन की संसद में 'प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2023' कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करतीं श्रीमती प्रमिला मिश्राजी*

## कार्यक्रम : द सोल ऑफ इंडिया अवाड्र्स : 2023

**दिनांक : 09 जून, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : हाउस ऑफ लॉड्र्स, लंदन ( यू.के. )**

### नवनिर्मित भारतीय संसद उभरते भारत का प्रतीक : डॉ. राकेश मिश्र

हाउस ऑफ लॉड्र्स, यूके की संसद ने 9 जून, 2023 को शाम 7.00 बजे प्रतिष्ठित 'सोल ऑफ इंडिया अवाड्र्स 2023' के लिए एक असाधारण सम्मान समारोह देखा। पुरस्कार विजेताओं को लॉर्ड रमी रेंजर, सीबीई, लॉर्ड बेल्लामी केसी, जस्टिस अशोक जैन और जस्टिस पंकज जैन द्वारा सम्मानित किया गया। जस्टिस पंकज जैन ने पूरे भारत और यूनाइटेड किंगडम के विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया, जो, अपने संबंधित क्षेत्रों में लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भावुक होते हुए लॉर्ड बेल्लमी केसी ने कहा कि उनकी माताजी भारतीय मूल की हैं, इसलिए वसुधैव कुटुम्बकम् की बात उनके हृदय में है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र, भगवान धन्वंतरि और माता अन्नपूर्णा का चित्र भेंट स्वरूप दिया गया। तिरंगामय कार्यक्रम स्थल पर बहुरंगी छवि बिखरने लगी।

इन विशिष्ट जनों को किया गया सम्मानित : डॉ. राकेश मिश्रा (अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना-मध्य प्रदेश), प्रो. (डॉ.) आशुतोष मिश्रा, ओएसडी, दिल्ली स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी एवं रिसर्च शामिल है। डॉ. वेद प्रकाश टंडन (अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय रामलीला समिति), डॉ. प्रोफेसर बलराम पाणी (डीन, दिल्ली विश्वविद्यालय), श्री विकास गर्ग (प्रबंध निदेशक, विकास इकोटेक लिमिटेड, दिल्ली), श्रीमती वंदना टंडन(प्राचार्या, कमल मॉडल सेकेंडरी स्कूल), श्री गोविद अग्रवाल (निदेशक, यूनिटी समूह, दिल्ली), एकेएस विश्वविद्यालय-मध्य प्रदेश, श्री संतोष मिश्रा (प्रबंध निदेशक, सैनफ्रान समूह), श्री संकल्प मिश्रा (एलएलएम, क्वीन मैरी, लंदन विश्वविद्यालय), श्री दुर्गा प्रसाद दीक्षित (टीकमगढ़ मध्य प्रदेश), श्रीमती प्रमिला मिश्रा (शैक्षणिक निदेशक, कमल वंदना संस्थान समूह दिल्ली), श्री संजीव कुमार (सलाहकार आयुष मंत्रालय समिति, भारत सरकार), श्री हर्ष टंडन (निदेशक, मावेरिक पब्लिकेशन, नई दिल्ली), श्री वेदप्रकाश शर्मा अध्यक्ष, रागी एग्रो, पुणे, महाराष्ट्र (भारत), श्रीमती जागृति ज्योति (क्लिनिकल लेक्चरर सीनियर ग्लूकोमा एंड इमरजेंसी आई केयर प्रैक्टिशनर, लंदन, यूके), श्री आशुतोष झा उपाध्यक्ष पटेल इंजीनियरिंग (भारत), श्री शिव प्रकाश सिंह (प्रबंध निदेशक, शिव नरेश स्पोट्र्स लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत), श्री जेफ्री जैक्सन

जेम्स निदेशक, कोनिका, श्री अमित दास (अध्यक्ष, बस्तर आदिम जाति खादी ग्रामोद्योग संघ, भारत), श्री चैतन्य सिंह (अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली (भारत), श्री संदीप दुग्गल (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हरियाणा, (भारत), श्री राकेश काबरा (पूर्व सदस्य, हस्तशिल्प बोर्ड भारत सरकार, भारत), श्री निपुण आनंद (भारतीय उद्यमी और संस्थापक निदेशक प्रधान एयर एक्सप्रेस और जील ग्लोबल ग्रुप, नई दिल्ली, भारत) श्री विनीत कुमार (अध्यक्ष, इंडिगो ग्रुप, इंडिया), श्री राजिंदर कुमार (निदेशक, सीसीआई, भारत सरकार, नई दिल्ली, भारत), डॉ. प्रकाश नागर (अध्यक्ष, नागर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत) डॉ. श्रेनिक कोटेचा (सह–संस्थापक, शिक्षा एसएस भी को भारत, मुंबई) और श्री अभिषेक गहलोत (संस्थापक, केजीएफ ऑर्गेनिक फार्म होराइजन, गुरुग्राम, हरियाणा, भारत) सहित तीस महानुभावों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास) ने औपचारिक रूप से सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों का अंगवस्त्र व माँ अन्नपूर्णा का चित्र भेंटकर स्वागत किया और गर्व से राष्ट्रीय निर्माण के लिए उनकी उपलब्धियों और योगदान को साझा किया। उन्होंने जोर देकर कहा, "हम अपनी संस्कृति और परंपरा के आभारी हैं, जिसने भारत को आने वाले समय में एक विकासशील राष्ट्र से एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए छलांग लगाने के लिए तैयार किया है। यूके की संसद में होने के नाते उन्होंने भारत के अभूतपूर्व नए संसद भवन की अत्यधिक प्रशंसा की, जिसकी योजना और निर्माण भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि "भारतीय संसद वास्तव में उभरते हुए भारत का एक प्रतीक है, क्योंकि हम 75वें वर्ष की उम्र में भारत के अमृत काल की शुरुआत कर रहे हैं। यहाँ तक कि ब्रिटेन भी अब पुनर्निर्मित संसद के निर्माण में उभरते नए भारत से प्रेरणा ले सकता है। श्रीनगर से रामेश्वरम् तक पूरे भारत में G20 की बैठकें सफलतापूर्वक की जा रही हैं। उन्होंने 2023 के लिए सोल ऑफ इंडिया पुरस्कार विजेताओं की सराहना की।"

### भारतीय न्यायपालिका दुनिया के लिए अनुकरणीय : जस्टिस पंकज जैन

अधिकांश गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार और राय साझा की। पंजाब और हरियाणा के माननीय उच्च न्यायालय के प्रख्यात न्यायाधीश पंकज जैन ने कहा, "G20 से हमारा तात्पर्य विश्व जनसंख्या के दो–तिहाई और कुल विश्व व्यापार के 85% से है। जैसा कि मैं पंजाब की धरती से आता हूँ, मैं एक बार फिर इस बात पर जोर दूँगा कि सरबत दा भला (हर कोई समृद्ध हो) G20 की दिशा के साथ–साथ 2030

तक भारत–यूके रोडमैप भी होना चाहिए। सहिष्णुता बनाए रखने के लिए भारत सबसे आवश्यक घटक है। भारतीय न्यायपालिका, जिस स्वतंत्रता के साथ काम कर रही है, वह वास्तव में दुनिया के लिए अनुकरणीय है।"

राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मा. अशोक जैन ने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "भारत यूके में दूसरा सबसे बड़ा निवेशक है, जबकि यूके भारत में निवेश के मामले में तीसरे स्थान पर है। यूके में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की अभूतपूर्व संख्या दोनों देशों के असाधारण संबंधों का प्रमाण है। भारतीय प्रवासियों ने 65,000 से अधिक कंपनियों की स्थापना करके यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था में अत्यधिक योगदान दिया है, जिनका संचयी व्यवसाय 36.84 बिलियन है, जिसमें एक बिलियन जीबीपी से अधिक का वार्षिक कर योगदान है। दोनों देशों की एक–दूसरे पर इतनी बड़ी अंतर–निर्भरता के साथ, यह नोट करना उचित है कि 2030 का दशक सही अर्थों में भारत–ब्रिटेन का दशक होगा। प्रोफेसर बलराम पाणी (डीन, दिल्ली विश्वविद्यालय) और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशुतोष मिश्रा ने आगामी दशक में भारत–यूके संबंधों को बढ़ाने के समान विचारों और महत्त्व को दोहराया।"

### भारत–यूके संबंधों को मिली मजबूती :

इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय डायस्पोरा भारत–यूके संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने में अत्यधिक सहायक है। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र वास्तव में ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों के साथ बड़ी उपलब्धियों के लिए तैयार है जो अपनी संबंधित मुख्य विशेषज्ञता में निरंतर योगदान दे रहे हैं। 'सोल ऑफ इंडिया अवाड्र्स 2023' यह दर्शाता है कि समाज के विभिन्न तबकों के विनम्र भारतीय नागरिक अपने संबंधित डोमेन विशेषज्ञता के माध्यम से लगातार अथक प्रयास कर रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।



*द सोल ऑफ इंडिया अवाड्र्स 2023 कार्यक्रम में उपस्थित*
*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य सम्मानित हस्तियाँ*



*जस्टिस श्री पंकज जैन, जस्टिस श्री अशोक कुमार जैन (राजस्थान)*
*श्री लार्ड बेल्मी के.सी. (लॉ मिनिस्टर) एवं लार्ड रमी रेंजर (सांसद)*




*द सोल ऑफ इंडिया अवाड्‌र्स 2023 कार्यक्रम का संचालन करते श्री संकल्प मिश्र (अधिवक्ता)*
*एवं विशिष्ट अतिथिगण*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 10 जून, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : अमृत पार्क, हवाई पट्टी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा स्व. सीताराम चौदहाजी की जन्म जयंती पर पीपल का पौधा सतना अमृत पार्क हवाई पट्टी में लगाया गया। इस अवसर पर सीताराम पेट्रोल पंप के मालिक आशीष चौदहाजी, टिंकू यादवजी, शारदा यादवजी, नितिन मिश्रा, वीरजी और न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता श्री अनिल सैनी, सुनील यादव व नितिन मिश्रा*






*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं श्री अशीष चौदहा परिवार*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 13 जून, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : पुष्कर्णी पार्क, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा स्व. गायत्री सर्राफ की जन्म जयंती पर कंजी का पौधा, सतना पुष्कर्णी पार्क में लगाया गया। इस अवसर पर राजेंद्र आर्नामेंट के मालिक अविष सर्राफजी, डॉ. मोहिनी सर्राफजी, कृष्णा सर्राफजी, श्रेया सोनी, सुष्मिता सोनी, संध्या सोनी, सुमित सोनीजी, दीपक शुक्लाजी, राजेश नीलू त्रिपाठीजी, अनिल सैनीजी, विजय सिंहजी, पवन कुशवाहजी सहित मोहल्ले के लोग और न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने वृक्ष लगाने का संकल्प दोहराया।




*पुष्कर्णी पार्क में वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं डॉ. मोहिनी सर्राफजी का परिवार*



## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 15 जून, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सीआईडी ऑफिस, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा स्व. जगन्नाथ तिवारी की स्मृति में आम का पौधा, सतना सीआईडी ऑफिस में लगाया गया। इस अवसर पर सीआईडी ऑफिस का स्टाफ सहित मोहल्ले के लोग और न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*सीआईडी ऑफिस परिसर में वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 19 जून, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : स्मार्ट सिटी आवास कॉलोनी, पार्वती चौक शंकर मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा श्री नारायण दास वसानीजी के जन्मदिन पर बेल का पौधा, सतना स्मार्ट सिटी आवास कॉलोनी पार्वती चौक शंकर मंदिर में लगाया गया। इस अवसर पर मोहल्ले के लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मोहल्ले के लोग और सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*पार्वती चौक शंकर मंदिर में वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी*



*पार्वती चौक शंकर मंदिर में वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं वृक्ष लगाने का संकल्प कराते सुनील यादवजी*

# कार्यक्रम : बाल उद्यान लोकार्पण

दिनांक : 24 जून, 2023 ( शनिवार )
कार्यक्रम स्थल : बाल उद्यान, भरहुत नगर, सतना ( म.प्र. )

- पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर को लिया गोद
- महापौर, स्पीकर, आयुक्त ने किया लोकार्पण : तीन पार्कों की सेवा न्यास करेगा देखरेख पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई

**बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर को गोद लेकर करेंगे संपूर्ण विकास :**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर को 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत विकसित करने हेतु नगर निगम से गोद लिया गया है। बाल उद्यान पार्क, पटनहाँ बिल्डिंग के पीछे कोलगंवा, भरहुत नगर, सतना स्थित है। जिसका लोकार्पण समारोह 24 जून को सुबह लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि नगर के प्रथम नागरिक माननीय श्री योगेश कुमार ताम्रकारजी महापौर, श्री राजेश चतुर्वेदी (पालन) स्पीकर नगर निगम श्री राजेश शाही (आयुक्त) की गरिमामयी उपस्थिति में हुई।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा बाल उद्यान पार्क भरहुत नगर को गोद लिया है। जिसके लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार, विशिष्ट अतिथि आयुक्त नगर निगम श्री राजेश शाही, स्पीकर, श्री राजेश चतुर्वेदी पालन रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की गरिमामय उपस्थिति में हुई।

सर्वप्रथम भारत माता एवं परम पूज्य दद्दा एवं बाईजी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंचासीन अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन, आयुक्त नगर निगम राजेश शाही, पार्षद मंजू गणेश यादव को अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।

महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास समाज सेवा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए लंदन की हाउस ऑफ लॉर्ड में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र को सम्मानित किया गया। वहाँ के ऐतिहासिक पल में शाकाहारी भोज में लंदन के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान के साथ लहराया गया व माँ अन्नपूर्णा के चित्र भेंट करके भारतीय संस्कृति का उद्घोष करके आए।

डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास की गतिविधियों से अतिथियों एवं वार्ड के प्रबुद्ध जनों, पर्यावरण प्रेमियों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि देश में अभिनव प्रयोग के माध्यम से ग्रीन एंबुलेंस द्वारा पेड़ों की नित्य देखरेख उनके रखरखाव के लिए चलाई जा रही है।सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा गली मोहल्लों में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नगर वासियों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के माध्यम से आइए हम सब पौधारोपण करने का संकल्प लें। हम अपने व बच्चों के जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ पर, पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करेंगे। आयुक्त नगर निगम राजेश शाही ने कहा कि हम जब छोटे थे तो पढ़ा करते थे पेड़ हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें, हिंदी साहित्य की चार लाइनों से हमें प्रेरणा लेना चाहिए। हमें पेड़ों की रक्षा करना चाहिए और पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि पेड़ों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन बहुत ही जरूरी है।

स्पीकर नगर निगम श्री राजेश चतुर्वेदी 'पालन' ने कहा कि ग्रीन एंबुलेंस पेड़ों की रक्षा के लिए चलाई जा रही है, जो की बहुत ही सराहनीय कार्य है। हमारे क्षेत्र में भी अक्सर ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पेड़ों में खाद मिट्टी व पानी डालकर पेड़ों की सेवा की जा रही है। इन सब कार्यों से हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए और सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए।

नगर के युवा प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की धरती। पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती मनीषा सिंह ने किया।

इनकी रही उपस्थिति : डॉ. सुनील अग्रवाल, श्री सुधीर रिछारिया, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, श्रीमती क्रांति मिश्रा, श्रीमती कौशिल्या गुप्ता, श्रीमती आशा शुक्ला, श्री आशीष कापड़ी, श्री आशीष गोयल, श्री अशोक गुप्ता, पार्षद श्री आदित्य यादव, भाजपा अटल बिहारी बाजपेई मंडल अध्यक्ष श्री प्रियंक त्रिपाठी, श्री बालेंद्र गौतम, श्री राजेश सिंह गहरवार, श्री रमेश सोनी, श्री गोपाल धूत, श्री विनीत पांडे, श्री संदीप धूत, श्री राम चरण गुप्ता, श्री गोपाल बाल्मिक, श्री जे.पी. गुप्ता, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री शिवा पटेल, श्री विजय पटेल, श्री विजय दुबे, श्री अनिल सैनी, श्री अनुराग तिवारी, श्री शिबू त्रिपाठी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं वार्ड के प्रबुद्ध जन पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।



दीप प्रज्जवलन करते श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री राजेश शाही (आयुक्त), श्री राजेश चतुर्वेदी (स्पीकर)



बाल उद्यान के लोकार्पण के अवसर पर स्पीकर, आयुक्त, महापौर एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने वृक्ष रोपित किए



कार्यक्रम को संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं उपस्थित गणमान्य महानुभाव

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 28 जून, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सिंह हार्डवेयर, कोलगवाँ, बिरला रोड सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सहयोग से श्री नवनीत सिंहजी ने अपने दादाजी स्व. श्री हरजीत सिंहजी की स्मृति पर नीम का पौधा सतना बिरला रोड सिंह हार्डवेयर कोलगवाँ में लगाया गया और मोहल्ले के लोगो को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्री नवनीत सिंहजी, मोहल्ले के प्रबुद्ध जन और न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*कोलगवाँ में वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता*
*और श्री नवनीत सिंह के परिवार जन एवं रोपित ट्री गार्ड*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 29 जून, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : मैत्री पार्क एवं अमृत पार्क, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा स्व. श्रीमती आशा गुप्ताजी स्व. श्री बृजलाल गुप्ताजी की स्मृति में सतना मैत्री पार्क और अमृत पार्क में पौधा लगाया गया और पार्क में लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्री भागवत प्रसाद गुप्ताजी, श्री गौरव गुप्ताजी, श्री सौरभ गुप्ता, श्री छवि गुप्ता, श्री विनोद जैसवाल और न्यास के कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




*मैत्री पार्क में वृक्षारोपण करते न्यास के पर्यावरण प्रेमी कार्यकर्ता*




*अमृत पार्क में वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता एवं श्री भागवत प्रसाद गुप्ता के परिवार जन*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 30 जून, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सार्थक हॉस्पिटल पन्ना रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा डॉ. सुनील अग्रवालजी एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. रश्मि अग्रवालजी के जन्मदिन और शादी के सालगिरह के उपलक्ष में सतना सार्थक हॉस्पिटल में पौधा लगाया गया और लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील अग्रवालजी, डॉ. रश्मी अग्रवालजी, पूजाजी और न्यास के समस्त कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. रश्मि अग्रवाल*





*पेड़ों की सुरक्षा के लिए निर्मित जाली जो हर दिन वृक्षारोपण में लगाई जाती हैं*

## कार्यक्रम : तेईसवीं परिचर्चा

**विषय : तंबाकू जनित कैंसर की समस्या व उसका निदान एवं तंबाकू छोड़ने हेतु उपाय**
**दिनांक : 30 जून, 2023 ( शुक्रवार )**
**प्रो. डॉ. राजकुमारजी**
**निदेशक, 'वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट' दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित तेईसवीं परिचर्चा में तंबाकू जनित बीमारियों की सविस्तार जानकारियाँ दी गईं। डॉ. राजकुमारजी ने अपने सारगर्भित व प्रभावी पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा जानकारी मिली कि स्कॉटलैंड में सबसे पहले तंबाकू का पेड़ दिखा, उसके बाद सन 1566 में पुर्तगाल में नाविक द्वारा गोवा के रास्ते अकबर बादशाह को दिया गया। उसके बाद अकबर बादशाह ने इसको अपने हकीम से पूछा और उसको पीने के तरीके जाने। जिसमें हकीम ने इसको हुक्का और चिलम से पीने की सलाह दी। जब इसका प्रचलन बहुत अधिक मात्रा में बढ़ने लगा तो जहाँगीर ने ऊपर सन 1609 से तंबाकू पर कर वसूली शुरू की गई।




तेईसवीं परिचर्चा में डॉ. राजकुमारजी ने तंबाकू से होने वाली बीमारियाँ और उसके साइकोलॉजिकल इफैक्ट्स और उसको छोड़ने की जानकारी देते हुए कहा कि लोगों का मत है कि नवयुवक बड़ी संख्या में धूम्रपान और तंबाकू के शिकार होते है, लेकिन यह मात्रा बहुत कम है। नवयुवक के अलावा अधेड़ उम्र और उम्र दराज लोगों का तंबाकू सेवन और धूम्रपान करना ज्यादा पाया जाता है। इसमें बहुत अधिक मात्रा आधुनिक युग में महिलाओं की भी है, जिसका दुष्प्रभाव उनके गर्भाशय और प्रजनन क्षमता पर पड़ता है।

परिचर्चा में सामने आया कि जितना मनुष्य खाली होगा और कोई काम नहीं करेगा उसका दिमाग गलत आदतों की तरफ ही जाएगा। इसलिए यदि नशा छोड़ना है तो आपको अच्छी आदतों को अपनाना पड़ेगा। जैसे कि योग करना, तेज गति में चलना, कसरत करना चाहिए। जब धूम्रपान व गुटका सेवन करने की तलब लगे तो

पानी पीना चाहिए। अपने आपको 5 से 10 मिनिट अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण करना चाहिए कि हमें अभी धूम्रपान और तंबाकू सेवन नहीं करना है।

डॉ. राजकुमारजी डायरेक्टर, पटेल चैस्ट द्वारा चलाया जा रहा है टोबैको क्विट क्लीनिक। जिसमें काउंसलिंग एवं दवाइयों के साथ इस आदत से छुटकारा पा सकते हैं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सहयोग से डॉक्टर राजकुमारजी से ट्रेनिंग लेकर इस काउंसलिंग सेंटर के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित कर उनका भविष्य और परिवार का भविष्य को सुरक्षित कर पाएँगे। पूरी परिचर्चा को संचालित करने के लिए सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने लगातार लोगों के प्रश्नों का समाधान डाक्टर साहब से कराया। इस परिचर्चा में न्यास के कार्यकर्ता सचिन त्रिपाठी एवं लंदन से संकल्प मिश्रा ने क्वीन्स मैरी विश्वविद्यालय से इसे संचालित किया। आज इस परिचर्चा में देश विदेश के अनेक महानुभाव जुड़े हुए थे, जिन्होंने इसमें हिस्सा लिया व अपने प्रश्नोत्तर किए।

अंत में डॉ. राजकुमारजी ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माध्यम से तंबाकू का प्रयोग कम करने के लिए क्लीनिक चलाने का अनुरोध किया। जिस पर सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस विषय में विचार करके हम भी तंबाकू छोड़ने के लिए जनजागरण अभियान चलाएँगे।



*परिचर्चा को संबोधित करते डॉ. राजकुमार एवं संचालन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*





*परिचर्चा में सवाल एवं सुझाव का संकलन करते महानुभाव एवं श्रोतागण नेह निकुंज में*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 01 जुलाई, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : अमृत पार्क, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा श्रीमती कमला सिन्हाजी के जन्मदिन पर दिप्पू मिश्राजी द्वारा अमृत पार्क में पौधा लगाया गया और लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्री दिप्पू मिश्राजी और न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*अमृत पार्क में वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं श्रीमती कमला सिन्हा के परिवार जन*




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : गुरु पूर्णिमा पर वृक्षारोपण

**दिनांक : 03 जुलाई, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बीटीआई ग्राउंड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बीटीआई ग्राउंड के सामने पौधा लगाया गया और लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मनीषाजी, श्री सुनील यादवजी, श्री नितिन मिश्राजी, श्रीमती अर्चना शिवा पटेलजी, श्री विजय पटेलजी, श्री अनिल यादवजी, श्री लाडी सिंहजी, श्री अनुराग तिवारीजी, श्री रवि कुशवाहाजी, श्री राहुल कुशवाहाजी और न्यास के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं संजय अगवाल के परिवार जन एवं रोपित ट्री गार्ड*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 04 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता हनुमान मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा श्रीमती साधना विनोद अग्रवालजी के वैवाहिक वर्षगाँठ के अवसर पर जामुन का पौधा सतना सेवा न्यास पार्क संतोषी माता हनुमान मंदिर में लगाया गया। और मंदिर में आए प्रबुद्ध जनों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं विनोद अग्रवाल के परिवार जन एवं रोपित ट्री गार्ड*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 06 जुलाई, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बाँधवगढ़ कॉलोनी, मिहानी पुरम, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा श्री दीपक सौरभ अघिचानीजी की स्मृति में सतना बाँधवगढ़ कॉलोनी मिहानी पुरम में पौधा लगाया गया और मोहल्ले के लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर श्री नीरज अघिचानीजी, श्रीमती सविता अघिचानीजी, श्री राजकुमार अघिचानीजी, श्री सुनील यादवजी, श्री नितिन मिश्राजी, श्रीमती अर्चना शिवा पटेलजी और न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं श्री नीरज अघिचानीजी के परिवार जन एवं रोपित ट्री गार्ड*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 07 जुलाई, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : डिपो मंदिर के सामने, तेजा पैलेस, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा सुनील यादवजी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सतना डिपो मंदिर के सामने तेजा पैलेस में कदंब का पौधा लगाया गया और मोहल्ले के लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सुनील यादवजी की मित्र मंडली और मोहल्ले के लोग और न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






*वृक्षारोपण एवं पेड़ को सुरक्षित करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं सुनील यादव के परिवार जन*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 11 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नवरंग पार्क, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा डॉ. मानिकचंद्र गुप्ताजी ने सेवा न्यास के वृक्षारोपण के कार्य से प्रेरित होकर बिरला रोड नवरंग पार्क सतना में पौधा लगाया और मोहल्ले के लोगो को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मानिक चंद्र गुप्ताजी, डॉ. कार्तिकेय गुप्ताजी और उनका परिवार, श्रीमती मनीषा सिंहजी, श्री सुनील यादवजी, श्री नितिन मिश्राजी एवं मोहल्ले के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।




*डॉ. मानिक चंद्र गुप्ताजी सपरिवार वृक्षारोपण करते हुए*




*वृक्षारोपण एवं पेड़ को सुरक्षित करते हुए ट्री गार्ड लगाते न्यास के कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 11 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मा. विद्यालय, व्यंकट क्रं. 01, जिला-सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा सतना जिले के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने का अभियान किया जा रहा है। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष सेवा न्यास द्वारा आयोजित 12 विद्यालयों में ऐसे छात्रों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने दसवीं एवं ग्यारहवीं की परीक्षा में अपने विद्यालय में विशिष्ट प्रदर्शन किया है।

शा. व्यंकट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 के सभागार में सेवा न्यास के द्वारा सभी प्रतिभावान छात्रों को प्रमाण-पत्र, दीवार घड़ी, सेवा पुस्तक एवं अन्य सामग्री प्रदान की गई। श्रीमती मनीषा सिंह ने सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्वस्थ रखने के लिए शिविर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह, मेदांता हॉस्पिटल की टीम द्वारा बस के माध्यम से चिकित्सीय जाँच की जानकारी दी गई। मेदांता स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम की जानकारी एवं आगामी तीन सितंबर को होने वाली मैराथन की जानकारी प्रदान की गई।




*शा. उत्कृष्ट उच्चतर मा.वि. व्यंकट क्रं.1, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होती छात्राएँ*

इस अवसर पर श्रीमती मनीषा सिंहजी द्वारा न्यास की गतिविधियों की जानकारी दी गई। जानकारी में मुख्यत: 29 और 30 जुलाई को होने वाले मेदांता दी मेडिसिटी गुरुग्राम द्वारा 24वाँ मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप आयोजन किया जा रहा है। अपने परिजनों को भी इसकी जानकारी दें। इस अवसर पर 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के संदर्भ में भी जानकारी दी गई।

श्री राजीव व्यासजी ने बताया कि आगामी तीन सितंबर को होने वाली सतना हाफ मैराथन : 2023 (चतुर्थ संस्करण) की भी जानकारी दी गई। जिसका पंजीयन एक अगस्त से शुरू हो जाएगा और सभी बच्चों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



*व्यंकट क्रं.1, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह में श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती अंजना तिवारी, सीलम सैनी, महेंद्र तिवारी व शिक्षकगण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 सतना*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 12 जुलाई, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : दि लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला सतना ( म.प्र. )**

दि लवडेल विद्यालय, चित्रकूट रोड सतना में आयोजित कार्यक्रम का संचालन श्री रवि शंकर द्विवेदीजी ने किया। श्रीमती मनीषा सिंहजी द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' वृक्षारोपण अभियान, मेदांता मेडिकल हेल्थ चैक-अप कैंप, सतना हाफ मैराथन 2023 के बारे में विस्तार से स्कूल के छात्रों को जानकारी दी गई और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

## दि लवडेल स्कूल की 12वीं की सीबीएसई जिला टॉपर काव्या जैन हुई सम्मानित

प्रतिभा सम्मान के इस अवसर पर 10वीं एवं 11वीं के सभी संकाय के बच्चों को किया गया सम्मान। महेंद्र तिवारी ने बताया कि जैसे की आप सभी बच्चों ने ह्यूमन एंबुलेंस, एनिमल एंबुलेंस देखी होगी उसी तरह न्यास द्वारा सतना को ग्रीन एंबुलेंस की सौगात मिली। जिसमें पेड़ों की देखभाल करने के लिए खाद, पानी आदि सुविधाओं से युक्त ग्रीन एंबुलेंस सतना शहर का भ्रमण करती है और लोगों को पेड़ लगाने और उसको पालने की प्रेरणा दे रही है। आप सभी बच्चे अपने जन्मदिवस माता-पिता की सालगिरह एवं अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर पेड़ लगाने का संकल्प लें।

सेवा न्यास की गतिविधियों की जानकारी देने के बाद प्रार्थना के समय बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें स्कूल के 700 बच्चे, प्राचार्य श्री सत्येंद्र तिवारीजी, डायरेक्टर श्री विनय सिंहजी, श्री दीपक शर्माजी, श्री सिद्धार्थ सिंहजी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर दसवीं के सम्मानित छात्रों में आरव त्रिपाठी, कृष्णा टेकवानी, आशुतोष खरे एवं 11वीं के छात्र ऋषभ सिंह, दिव्या अजारिया, अपूर्व सिंह, तनुश्री श्रीवास्तव, साक्षी पांडे, हर्षिता सिंह, सीजी सिंह, रिशु सिंह एवं 12वीं की डिस्ट्रिक्ट टॉपर काव्या जैन को भी सम्मानित किया गया। मंच का कुशल संचालन श्री रवि शंकर द्विवेदीजी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन स्कूल के सिद्धार्थ सिंहजी द्वारा किया गया।

एडवोकेट श्रीमती अंजना तिवारी, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती शीलम सैनी, श्री राजीव व्यास, श्री नितिन मिश्र, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




*प्राचार्य श्री सत्येंद्र तिवारीजी को सम्मानित करते न्यास कार्यकार्ता, श्री राजीव व्यास, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी एवं महेंद्र तिवारीजी*




*दि लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 13 जुलाई, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : द ब्लूम्स एकेडमी, पन्ना रोड, जिला-सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा 10वीं और 11वीं कक्षा के सभी संकायों के मेधावी छात्रों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। द ब्लूम्स एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में ब्लूम्स अकैडमी की डायरेक्टर श्रीमती मधु अग्रवाल ने न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी कर्मभूमि से दिल से जुड़े हुए हैं और उनके कुशल नेतृत्व और सफल मार्गदर्शन में अनेक स्थानों पर सेवा न्यास का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्र से प्रेरणा लेते हुए हम सबको भी छोटे-छोटे सेवा भाव के कार्य करने चाहिए। मधु अग्रवालजी ने डॉ. राकेश मिश्रजी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

ब्लूम्स एकेडमी की 10वीं कक्षा से ईशा तिवारी, उदित नारायण त्रिपाठी और विदुषी सिंह को पुरस्कृत किया गया जबकि कक्षा 11वीं के बायोलॉजी से आशिम बी, शौर्य चतुर्वेदी और श्रेया पांडे, गणित संकाय से आकाश सिंह, आदित्य सिंह और अभिनय प्रताप सिंह, वाणिज्य संकाय से अखिल कुशवाहा, मानस उरमालिया और देवांग सिंह बघेल को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के अभिभावकों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा की यह प्रेरणा सभी को लेनी चाहिए।

'अपना सपना, हरा-भरा सतना' के संबंध में भी जानकारी देते हुए मनीषा सिंह ने बताया कि जैसे की आप सभी बच्चों ने ह्यूमन एंबुलेंस, एनिमल एंबुलेंस देखी होगी उसी तरह न्यास द्वारा सतना को ग्रीन एंबुलेंस की सौगात मिली है। इसमें पेड़ों की देखभाल करने के लिए खाद पानी आदि सुविधाओं से युक्त ग्रीन एंबुलेंस सतना शहर का भ्रमण करती है और लोगों को पेड़ लगाने और उसको पालने की प्रेरणा दे रही है। आप सभी बच्चे अपने जन्मदिवस माता-पिता की सालगिरह अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर पेड़ लगाने का संकल्प लें। उन्होंने तीन सितंबर को होने वाले सतना हाफ मैराथन की भी जानकारी देते हुए बताया कि इसका पंजीयन एक अगस्त से शुरू हो जाएगा और सभी बच्चों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन रविशंकर द्विवेदी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन शीलम सैनी ने किया।

इनकी रही विशेष उपस्थिति : कार्यक्रम में ब्लूम्स स्कूल के डायरेक्टर श्री संजय अग्रवालजी (खिल्लू भैया), श्रीमती मधु अग्रवालजी, प्राचार्या श्रीमती शोभा रेड्डी, श्री

राजीव व्यासजी, श्रीमती मनीषा सिंहजी, श्री रवि शंकर द्विवेदीजी, श्रीमती शीलम सैनीजी, श्रीमती मधु बाल्मीकिजी समेत सभी अध्यापकों ने भी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की।



*श्री संजय अग्रवाल, श्रीमती मधु अग्रवाल, श्रीमती शोभा रेड्डी (प्राचार्या) के साथ छात्र/छात्राएँ एवं न्यास कार्यकर्ता*




*द ब्लूम्स एकेडमी, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होते छात्र एवं छात्राएँ*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 14 जुलाई, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : अनुपमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन नियमित रूप से जारी है। इसके तहत शुक्रवार प्रतिष्ठित अनुपमा स्कूल, भरहुत नगर, सतना में आयोजित कार्यक्रम में 10वीं और 11वीं कक्षा के सभी संकायों के मेधावी छात्रों को 'प्रतिभा सम्मान' से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वाले छात्रों में काफी खुशी थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वाई के सिन्हा ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का यह कार्य समाज के भविष्य निर्माण में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के कुशल नेतृत्व और सफल मार्गदर्शन का परिणाम है कि सतना की तस्वीर बदल रही है। उपस्थित शिक्षकों ने भी न्यास के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। विद्यालयों में जाकर प्रार्थना के समय छात्र छात्राओं को प्रेरणा देने का काम डॉ. राकेश मिश्रजी ही कर रहे हैं।

### इन छात्रों को किया पुरस्कृत :

दसवीं कक्षा के वैष्णवी पाठक, अमर त्रिपाठी और ज्योति दुबे, ग्यारहवीं कक्षा के बायोलाजी से दीपशिखा, अंशिका सिंह और जोहा, गणित से बलराम, अश्विनी और शिवम् शुक्ला, कला संकाय से तृषा सिंह, भव्या मिश्रा और दिव्या और वाणिज्य संकाय से प्रथा तिवारी, शिवा द्विवेदी और अंशिका वर्मा को पुरस्कृत किया गया। सभी छात्र छात्राओं को दीवार घड़ी, पुस्तक, प्रमाण-पत्र व में अन्नपूर्णा की तस्वीर विद्यालय के प्राचार्यजी को दी गई।

### हैल्थ चेकअप कैंप का लाभ उठाएँ सतनावासी : वाई.के. सिन्हा प्राचार्य

प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंहजी ने बताया कि न्यास की ओर से नियमित सेवा कार्य किए जा रहे हैं। आगामी 29 और 30 जुलाई को मेदांता दी मेडिसिटी गुरुग्राम द्वारा 24वाँ मल्टी स्पेशलिस्ट हेल्थ चैक-अप कैंप आयोजन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में किया जाएगा।

प्रतिभा सम्मान समारोह में प्राचार्य श्री वाई.के. सिन्हा, श्री प्रकाश कुशवाहा, श्री विजय गुप्ता, श्रीमती सरस्वती मिश्रा, श्री सुनील मिश्रा, श्रीमती आभा गुप्ता सहित

विद्यालय के कर्मियों और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास से श्रीमती मनीषा सिंहजी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्राजी, श्री सीलम सैनी, मधु वाल्मीकि एवं रवी शंकर द्विवेदीजी उपस्थित रहे।





*अनुपमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होते छात्र एवं छात्राएँ*



*श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी एवं अन्य न्यास कार्यकर्ता एवं विद्यालय स्टाफ*




*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित विशिष्ट जन*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 15 जुलाई, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : प्रियंवदा बिरला हायर सेकंडरी विद्यालय सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रियंवदा बिरला विद्यालय सतना में पढ़ने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 10वीं के छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएँ पुरस्कार पाकर एवं सम्मानित होकर खुशी से झूमने लगे। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य चंद्रशेखरजी ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा किए जा रहे कार्य निस्वार्थ सेवा भाव के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा छात्र-छात्राओं को व समाज को नई दिशा देने का कार्य किया जा रहा है, जो कि अभिनंदनीय है। बहुत ही सराहनीय है कि हमारे विद्यालय के बच्चे सेवा न्यास के प्रकल्पों से जुड़कर समाज सेवा का कार्य करेंगे।

विद्यालय प्राचार्य चंद्रशेखरजी ने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर को प्रदूषण मुक्ति के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। पेड़ों की रक्षा के लिए चलाई जा रही ग्रीन एंबुलेंस नया प्रयोग है प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है।

### इन छात्रों का हुआ सम्मान :

दसवीं कक्षा के शिवांश मिश्रा, प्रतीक्षा नामदेव, राज पांडे, सोनू सिंह, मुस्कान कुशवाहा, आस्था मिश्रा को पुरस्कृत किया गया।

सभी छात्र छात्राओं को दीवार घड़ी, पुस्तक, प्रमाण-पत्र व माँ अन्नपूर्णा की तस्वीर विद्यालय के प्राचार्यजी को भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि आगामी 29 और 30 जुलाई को मेदांता दी मेडिसिटी गुरुग्राम द्वारा 24वाँ मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप का आयोजन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में किया जाएगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन रवि द्विवेदी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रमुख श्रीमती शीलम सैनी ने किया।

इनकी रही उपस्थिति : प्रतिभा सम्मान समारोह में प्राचार्य श्री चंद्रशेखरजी, श्री

अमित शर्मा, श्री जे.पी. त्रिपाठी, श्री बाबूलाल सिंह, श्रीमती सुनीता मार्टीन, श्री अनीश तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ व पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास से श्रीमती मनीषा सिंहजी, श्री महेंद्र तिवारी, श्री नितिन मिश्राजी, श्री सीलम सैनी, मधु वाल्मीकि एवं रविशंकर द्विवेदीजी उपस्थित रहे।







*प्रियंवदा बिरला स्कूल, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होते छात्र एवं छात्राएँ*




*सम्मान समारोह की झलकियाँ*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 17 जुलाई, 2023 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केशव नगर, जिला-सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशव नगर में सेवा न्यास द्वारा कक्षा 10वीं एवं 11वीं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान भैया बहनों एवं विद्यालय प्राचार्य राम प्रकाश मिश्र ने सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा भैया बहनों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान होने के साथ-साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

**इनका हुआ सम्मान :**

कक्षा 10वीं की श्रुति शुक्ला, तनय त्रिपाठी, अंशुमन तिवारी एवं अंशुमन तिवारी को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 11वीं गणित की शैली तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी, सुंदरम शुक्ला एवं बायोलॉजी संकाय से मानसी सिंह, साक्षी पांडे, निलेश कुमार सिंह व कॉमर्स संकाय



सिंह वेदांत श्रीवास्तव, सागर उपाध्याय एवं पवन सिंह को दीवार घड़ी, सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक, प्रमाण-पत्र व माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया जबकि आभार सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख श्रीमती सीलम सैनी ने व्यक्त किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशव नगर के व्यवस्थापक श्री ललित माहेश्वरी, प्राचार्य श्री राम प्रकाश मिश्र, विद्यालय आचार्य श्री रामनरेश मिश्रा, श्री जगजाहिर त्रिपाठी श्री प्रकाश नारायण पांडे, श्री शिव नरेश पांडे, श्री पुष्पेंद्र तिवारी एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्री राजीव व्यास श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती मधु बाल्मिकि, श्रीमती सीलम सैनी, श्री विजय पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं विद्यालय परिवार, सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*विद्यालय के प्राचार्य श्री रामप्रकाश मिश्र, श्री ललित माहेश्वरी (व्यवस्थापक) श्री राजीव व्यास एवं सेवा न्यास पदाधिकारी*



*सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केशव नगर, सतना (म.प्र.) में प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होते छात्र एवं छात्राएँ*

# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की जन्म शताब्दी पर कृषि मेला एवं चौपाल

दिनांक : 18 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )

कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र, खेल परिसर, धवर्रा, वि.खं.-जैतपुर, जनपद-महोबा ( उ.प्र. )

**"आधुनिकता से परिपूर्ण वर्तमान समय में भी कोई अपने पिता की जन्म शताब्दी मना रहा है तो यह न केवल वंदनीय है बल्कि हम सब के लिए अनुकरणीय भी है : श्री दिनेश प्रताप सिंह"**

**"आदरणीय दद्दाजी के पुण्य स्मरण में डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा अनवरत समाज सेवा एवं विकास के कार्य करते रहना पूज्य दद्दाजी के संस्कारों की देन : श्री रामनरेश तिवारी"**

**"किसान मेला एवं चौपाल में किसानों को पौधे, बीज एवं अन्य कृषि उपयोगी वस्तुओं का किया गया वितरण"**

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र के 99वें जन्मदिवस पर ग्राम धवर्रा में अनेकों कार्यक्रम संपन्न :**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के 99वें जन्मदिवस के सुअवसर पर जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ स्थानीय पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में हुआ। शुभारंभ अवसर पर पुष्पांजलि में माननीय मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह, श्री पुष्पेंद्र चंदेल, श्री राकेश गोस्वामी, श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, श्री बब्लू बुधौलिया, श्रीमती ललिता यादव पूर्व मंत्री, श्री प्रद्युम्न सिंह राजपूत, श्री वैभव अरजरिया, उमेश शुक्ला (पूर्व विधायक) आदि गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय प्रतिष्ठित व्यक्ति सम्मिलित हुए। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि आज बड़े ही हर्ष का विषय है जो दद्दाजी का 99वाँ जन्मदिवस पर जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हुआ और जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत साल भर कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिससे क्षेत्र के रहवासी लाभान्वित होते रहेंगे।

जन्म शताब्दी वर्ष के औपचारिक शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात मंत्री उत्तर प्रदेश) ने कहा कि दद्दाजी का महान व्यक्तित्व सबके लिए प्रेरणा दायक है। आज की पीढ़ी को यह मूर्ति आशीर्वाद दे रही है। गाँव का संपूर्ण विकास राकेशजी की सोच में रहना क्षेत्र के लिए उपयोगी है। मुख्य अतिथि श्री दिनेशजी ने किसानों की आमदनी दो गुना करने एवं रूस के अनुभवों को

साझा किया। अध्यक्षता श्री पुष्पेंद्र सिंह चंदेल (सांसद हमीरपुर) विशिष्ट अतिथि श्री जितेंद्र सिंह सेंगर (सदस्य विधान परिषद) एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महोबा, श्री रामनरेश तिवारी (राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा प्रभारी महोबा), श्री प्रदुम्न सिंह लोधी पूर्व विधायक बड़ा मलहरा, श्री पुष्पेंद्र पाठक (पूर्व विधायक बिजावर), श्री उमेश शुक्ला (पूर्व विधायक छतरपुर) बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि मेला और किसान चौपाल केंद्र बिंदु रहा। जिसमें कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याओं को सुना और त्वरित निराकरण किया।

कृषि मेले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों को उनके आवास की चाबियाँ सौंपी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए खेल किट का वितरण हुआ, बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम किया गया, जिसमें कृषि मंत्री और उपस्थित अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की।

ग्राम धवर्रा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और आदर्श ग्राम बनाने के उद्देश्य से कृषि मंत्री ने कृषि बोर्ड से एक सड़क का शिलान्यास किया और उस मार्ग का नाम पंडित गणेश प्रसाद मिश्र मार्ग रखा। भविष्य में धवर्रा को विकसित ग्राम बनाने के लिए जो भी आवश्यकता पड़ेगी, वह उनके द्वारा पूर्ण किए जाने की बात कही।कार्यक्रम में पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास द्वारा पिछले 6 वर्षों में जो भी कार्य किए हैं, उनका विवरण पुस्तक के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसका विमोचन जन्म शताब्दी वर्ष के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों द्वारा किया गया।

अतिथियों के स्वागत भाषण में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास की गतिविधियों एवं न्यास द्वारा ग्राम धवर्रा में किए गए विकास कार्यों जैसे खेल परिसर, सुलभ शौचालय एवं पावर हाउस का निर्माण आदि के बारे में अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय संसद श्री पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने की। उन्होंने कहा कि आदरणीय दद्दाजी की जन्म शताब्दी शुभारंभ के अवसर पर आयोजित किसान मेले से किसानों ने केवल कृषि उपयोगी सामग्री अपितु उत्पाद भी उपलब्ध होंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे भाजपा जिलाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, विधायक महोबा सदर श्री राकेश गोस्वामी, राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा एवं प्रभारी महोबा श्री रामनरेश तिवारी, राठ नगर पालिका अध्यक्ष श्री बबलू बुधौलिया, कुलपहाड़ नगर पंचायत अध्यक्ष श्री वैभव तिवारी, मध्य प्रदेश खाद्य एवं आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न सिंह लोधी, पूर्व विधायक बिजावर श्री पुष्पेंद्रनाथ पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा छतरपुर श्री उमेश शुक्ला, पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश सरकार श्रीमती ललिता यादव रहीं।





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में उपस्थित माननीय मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह, श्री पुष्पेंद्र चंदेल, (सांसद) श्री राकेश गोस्वामी, श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, श्री बब्लू बुधौलिया, श्री प्रद्युम्न सिंह राजपूत, श्री वैभव अरजरिया (चेयरमैन), उमेश शुक्ला (पूर्व विधायक) एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी तथा अन्य गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय प्रतिष्ठित व्यक्ति*




*षष्टम पुष्प का लोकार्पण करते हुए सांसद पुष्पेंद्र सिंह, श्री राकेश गोस्वामी (विधायक), श्री रामनरेश तिवारी (प्रभारी), श्री जितेंद्र सिंह (विधायक), कलेक्टर एवं एस.पी. महोबा*





*धवर्रा में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र प्रदान करते माननीय मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंहजी एवं वृक्षारोपण करते श्री पुष्पेंद्र सिंह (सांसद), श्री जितेंद्र सिंह (विधायक), श्री अनूप तिवारी (अध्यक्ष, नगर पालिका नौगाँव)*





*धवर्रा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं उपस्थित जन समूह*





*धवर्रा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महानुभाव एवं लाभार्थी को किट प्रदान करते माननीय मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंहजी*



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी की जन्म शताब्दी पर श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मालती मिश्रा, श्रीमती रेखा अवस्थी, डॉ. रचना मिश्रा, डॉ. राकेश मिश्र एवं श्रीमती प्रमिला मिश्रा*




# कार्यक्रम : जन्म शताब्दी अवसर पर
# श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 18 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी के जन्म शताब्दी पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मुख्यालय 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौजूद न्यास के कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। लोगों ने न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की गतिविधियाँ वर्ष भर चलती रहती है। पेड़ लगाने से महत्त्वपूर्ण है उनकी देखरेख उनका पालन पोषण करना। ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पेड़ों की देखभाल न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है जो कि बहुत ही अनुकरणीय है। ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं छोड़ा जिस क्षेत्र में सेवा न्यास ने कार्य न किया हो। हम सबको सेवा न्यास से जुड़कर मानवता की सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए।



## कार्यक्रम : जन्म शताब्दी पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**दिनांक : 18 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री नारायण संस्कृत पाठशाला, भीमकुंड, छतरपुर ( म.प्र. )**

श्री नारायण संस्कृत पाठशाला, भीमकुंड, छतरपुर (म.प्र.) में पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी के जन्म शताब्दी पर हनुमान चालीसा पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया गया।




पूज्य दद्दाजी की जन्म तिथि के अवसर पर वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों में भीमकुंड, सतना, धवर्रा, प्रयागराज, दिल्ली एवं चित्रकूट में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किए जाएँगे। संस्कृत भाषा के उन्नयन के लिए जहाँ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को दस हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया जाता है वहीं इसी प्रकार सभी प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इसी जन्म शताब्दी समारोह की श्रृंखला का भाग है।





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की जन्म शताब्दी पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भीमकुंड आश्रम में*

## कार्यक्रम : जन्म शताब्दी शुभारंभ पर श्रद्धांजलि सभा एवं सामूहिक वृक्षारोपण

**दिनांक : 19 जुलाई, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नगर वन, स्मार्ट सिटी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा परम पूज्य दद्दाजी की जन्मशताब्दी पर कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत सीईओ परीक्षित झाड़े, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह उत्तम बनर्जी, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता आयुक्त राजेश शाही एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

स्मार्ट सिटी सतना के नगर वन में सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दाजी की जन्म जयंती पर उन्हें याद करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सहकार्यवाह उत्तम बनर्जी ने कहा कि तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित... यह जीवन समर्पित... हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बेटा बड़ा होकर उनके बताए गए मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करें। आज दद्दाजी के सपनों को उनके बेटे डॉ. राकेश मिश्रजी वही साकार कर रहे हैं। उन्होंने मंच से प्लास्टिक मुक्त नगर के लिए संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत पूज्य दद्दाजी की जन्म शताब्दी समारोह का शुभारंभ उनके जन्मस्थान ग्राम धवर्रा से प्रारंभ हो गया है। उसी तारतम्य में आज सतना नगर वन में दद्दाजी के शताब्दी समारोह 99वें जन्म जयंती पर 99 पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में किसान मेला एवं चौपाल में ग्रामीणों को उन्नत बीज प्रदान कर उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पौधारोपण में उपस्थित अतिथियों एवं पर्यावरण प्रेमियों, सेवा न्यास कार्यकर्ताओं को सब्जी के उन्नत बीज भेंट किए गए।

कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया व श्रीमती मनीषा सिंह ने आभार व्यक्त किया।

ए. के. एस. यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर श्री अनंत सोनी, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री बृजेश सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती सीलम

सैनी, श्रीमती मधु बाल्मिकि, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्री सेजल कनौजिया, श्री नितिन मिश्रा, श्री शिवा पटेल, श्री विजय पटेल, श्री शिवम शुक्ला, श्री जितेन यादव, श्री विजय यादव, श्री विजय दुबे, श्री बीके शुक्ला एवं पर्यावरण प्रेमी सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*दद्दाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित करते श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर सतना), श्री राजेश शाही (आयुक्त नगर निगम), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर) श्री राजेश चतुर्वेदी पालन (स्पीकर) ने जन्म शताब्दी समारोह का शुभारंभ किया*




*पूज्य दद्दाजी के जन्म शताब्दी वर्ष पर विचार रखते हुए श्री उत्तम बनर्जी (सह प्रांत कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महाकौशल)*





*पूज्य दद्दाजी के जन्म शताब्दी वर्ष पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लेते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं न्यास के सहयोगी कार्यकर्ताओं ने 99 वृक्ष रोपे*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 19 जुलाई, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शा. उ.मा. वि. घूरडांग, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह में शासकीय उ.मा. विद्यालय, घूरडांग धवारी में सेवा न्यास द्वारा कक्षा दसवीं एवं 11वीं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा भैया बहनों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आनेवाली पीढ़ी को संस्कारवान होने के साथ-साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

इनका हुआ सम्मान : कक्षा दसवीं की प्रिया सेन, राहुल दहिया, निलू डोटर,श्रेया मिश्रा को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की अंचल मिश्रा, काजल जयसवाल, श्रुति गौतम, उमेरा खातून, कला संकाय से पूनम सिंह गुर्जर,राज सेन, आनंद गुप्ता, शिवानी कोल एवं ललिता वर्मा व कॉमर्स संकाय निधि यादव,अभिषेक चौधरी, खुशी द्विवेदी को दीवार घड़ी, सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक, प्रमाण-पत्र व माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती आशा गुप्ता (पन्ना), श्रीमती सीलम सैनी (सांस्कृतिक अभियान प्रमुख), श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्रीमती आशा शुक्ला, महेंद्र तिवारी, शिवम् शुक्ला, लवकुश सिंह बघेल एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार पांडेय सहित पूरा स्टॉफ उपस्थित रहा।





*कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन सेवा न्यास कार्यकर्त्ता*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 20 जुलाई, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगढ़, जिला सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, धवारी में सेवा न्यास द्वारा कक्षा दसवीं एवं 11वीं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा भैया बहनों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान होने के साथ–साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

इनका हुआ सम्मान : कक्षा दसवीं की प्रियांशु केवट, कमलाकर माझी एवं अंशुल केवट को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की अंजलि कुशवाहा, निकिता बारी एवं आकाश यादव एवं कला संकाय से रचना मल्लाह, प्रीति कुशवाहा एवं सिमरन पटेल को दीवार घड़ी, सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक, प्रमाण पत्र व माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार, सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्र एवं छात्राएँ*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 20 जुलाई, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शासकीय हाई स्कूल कामता टोला, जिला सतना ( म.प्र. )**

सतना गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, धवारी में सेवा न्यास द्वारा कक्षा दसवीं कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा भैया बहनों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान होने के साथ-साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

कक्षा दसवीं के मयंक नामदेव, संदेश नामदेव को दीवार घड़ी, सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक, प्रमाण पत्र व माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति मनीषा सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमति सीलम सैनी ने किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार, सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षणगण*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 21 जुलाई, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थलः शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, धवारी, जिला सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभा सम्मान शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, धवारी में सेवा न्यास द्वारा कक्षा दसवीं एवं 11वीं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा भैया बहनों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान होने के साथ-साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।



इनका हुआ सम्मान : कक्षा दसवीं की प्रतिभा गुप्ता, प्राची मिश्रा एवं दीपशिखा सिंह को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 11वीं गणित की पल्लवी सिंह, रश्मि कुशवाहा एवं विष्णु प्रिया शुक्ला, बायोलॉजी दीपिका त्रिपाठी, नीलम गर्ग एवं राधिका साहू, कला संकाय से आस्था तिवारी, आशी श्रीवास्तव, अनीता प्रजापति एवं कीर्ति सोनी व कॉमर्स संकाय में अर्पणा शुक्ल, अर्पिता पाठक एवं खुसी तिवारी, गृह विज्ञान में रिंकी साहू व साक्षी दुबे को दीवार घड़ी, सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक, प्रमाण-पत्र व माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार, सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित छात्राएँ*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 21 जुलाई, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शासकीय हाईस्कूल, धवारी, जिला सतना ( म.प्र. )**

शासकीय हाईस्कूल धवारी में प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि, प्रतिभा सम्मान समारोह में 14 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र, घड़ी एवं स्मृति प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्रीमती मनीसा सिंह ने संबोधित करते हुए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई।




*माँ. अन्नपूर्णा का चित्र भेंट करते न्यास कार्यकर्त्ता*





*प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियाँ श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती मनीषा सिंह एवं विद्यालय की प्राचार्या महोदय*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 25 जुलाई, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : जे.पी. विद्यापीठ हायर सेकेंड्री स्कूल, महदेवा रोड, जिला सतना ( म.प्र. )**

जेपी विद्यापीठ धवारी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री श्रवण तिवारीजी की अध्यक्षता में 20 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न, दीवार घड़ी, प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। श्रीमती मनीषा सिंह ने सेवा न्यास की गतिविधियों की जानकारी देते हुए वृक्षारोपण, मैराथन एवं स्वास्थ्य शिविर की जानकारियाँ दी गई। दसवीं एवं ग्यारवीं की छात्र-छात्राओं की अच्छी पढ़ाई करें व अपने विद्यालय परिवार का नाम रोशन करें। श्रीमीती चंदा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।




*संस्था के अध्यक्ष श्रवण कुमार तिवारी, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती मनीषा सिंह, सीलम सैनी श्री विजय सिंह एवं सम्मानित होते छात्र-छात्राएँ*



## कार्यक्रम : 24वाँ मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप

**दिनांक : 29 जुलाई, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, जिला-सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत सेवा न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप विवेकानंद सभागार, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना में आयोजित किया गया। प्राचार्य गणेश प्रसाद मिश्र द्वारा माता सरस्वती की वंदना करते हुए उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने पूजा पाठ के उपरांत शिविर का शुभारंभ हुआ।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का भव्य आयोजन 24वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1389 मरीजों के साथ गणमान्य नागरिकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सीधी, सिंगरौली, कटनी, महोबा, सहित 16 जिलों के मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि परम पूज्य दद्दाजी हमेशा पवासियों की सेवा के लिए प्रयागराज की यात्रा में जाते थे। उस दौरान स्वास्थ्य शिविर की संख्या न के बराबर होती थी। कल प्रवासी एवं साधु संतों की स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेदांता दि मेडिसिटी के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। सेवा न्यास द्वारा अभी तक आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 49400 मरीजों को शिविर के माध्यम से लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

नगर वासियों से आग्रह करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि जन्मदिवस पर एवं अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण अवश्य करें एवं प्लास्टिक मुक्त का संकल्प लें।

सभी मरीजों को प्लास्टिक मुक्त हेतु संकल्प लेते हुए उन्हें सेवा न्यास के द्वारा कपड़े का थैला दिया गया। साथ ही सभी मरीजों को दुर्लभ भगवान धन्वंतरि के चित्र के साथ धूप एवं वर्षा ऋतु से बचाव के लिए छाता भेंट किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती मनीषा सिंह ने किया व सेवा न्यास के कार्यकर्ता महेंद्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया।





दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ चेक अप कैंप का शुभारंभ करते श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर सतना), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), डॉ. वी.के. जैन (डायरेक्टर, सद्‌गुरु सेवा संघ चित्रकूट), श्रीमती आयुषी गौड (कथावाचक, नैमिषाख्य)





दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ चेक-अप कैंप में मरीजों की जाँच करते चिकित्सक। साथ हैं डॉ. वी.के. जैन, श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर), श्री योगेश ताम्रकार, श्री अतुल मेहरोत्रा, श्री मणिकांत माहेश्वरी, सुश्री आयुषी गौड़ (कथावाचक), श्री संजय तीर्थवानी एवं श्री संजय शाह




मल्टी स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप में सर्व सुविधा युक्त बस का अवलोकन करते अतिथिगण

# कार्यक्रम : मेदांता मल्टी-स्पेश्यिलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन समारोह

**दिनांक : 30 जुलाई, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, जिला-सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय नि:शुल्क चौबीसवॉं मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर के विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजनजी मुख्य अतिथि, श्री सतीश शर्मा की अध्यक्षता में व श्री संजय अग्रवाल खिल्लू विशिष्ट अतिथि, श्री विकास पांडेयजी की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वप्रथम भारत माता एवं सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दाजी एवं बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अभय महाजन ने कहा कि सेवा न्यास की गतिविधियाँ निरंतर चलती रहती हैं। पूज्य दद्दाजी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने प्रथम पीढ़ी के प्रचारक रहते हुए उन्होंने जो आदर्श स्थापित किया, वह हम सबके लिए अनुकरणीय है।

अपने संबोधन में डॉ. राकेश मिश्रजी ने कहा कि दिल्ली में रहते हुए भी मुझसे अपनी जन्मभूमि व कर्म-भूमि के लिए जो भी बन पड़ता है वह सेवा करता रहता हूँ। इसी समर्पण भाव से सतना में कार्यक्रमों की मालिका चल रही है। जो आप सबके सहयोग से ही संभव हो रहा है। सतना नगर वासियों के लिए हमेशा से कुछ ना कुछ सेवा देने का भाव मन में रहते हैं। न्यास परिवार के समस्त देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं को मैं हृदय से साधुवाद देता हूँ।

श्री सतीश शर्मा जिलाध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सतना नगर का सौभाग्य है कि डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण, चिकित्सा, मैराथन, महिला जागरूकता, व्याख्यान माला के माध्यम से शहर का सकारात्मक वातावरण उत्पन्न हो रहा है। यह हमारे लिए गर्व व गौरव की बात है। डॉ. राकेश मिश्रजी ने मुझे वाणिज्य महाविद्यालय में पढ़ाया भी है। वह हमें सदैव गुरुजी के रूप में प्रेरणा देते रहते हैं। शिविर के दूसरे दिन दीप प्रज्वलन के साथ डॉ. एस.के. तनेजा सहित सभी चिकित्सक दल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

श्री सतीश सुखेजा अध्यक्ष विंध्य चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, डोली शर्मा, श्री विवेक अग्रवाल, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के श्री अमित सोनी, श्री सुधीर रिछारिया, श्री आलोक जायसवाल, डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. सुमित

अग्रवाल, श्री नरेंद्र शर्मा, श्रीमती मधु अग्रवाल, श्री बालेंदु गौतम, श्री मोनू शर्मा, श्री शरद द्विवेदी, श्री अनिल खरे, श्री बी.जी. अहिरवार, श्री केशव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय शाह, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक श्री विकास पांडेजी, प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद मिश्रजी, प्रधानाचार्य श्री गणेश प्रसाद द्विवेदीजी, श्री गणेश गोविंद मिश्रजी एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप के समापन समारोह को संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*



*दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप के समापन में शामिल चिकित्सक एवं उनके सहयोगियों का सम्मान किया गया*



*दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चेक अप कैंप के समापन में श्री अभय महाजनजी, श्री सतीश शर्मा (जिलाध्यक्ष), श्री संजय अग्रवाल (खिल्लू), श्री विकास पांडेय (व्यवस्थापक)*



*दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप में श्री अभय महाजन (संगठन सचिव, दीनदयाल शोध संस्थान) श्री विकास पांडेय (व्यवस्थापक) का उपचार करते चिकित्सक*



*दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर मल्टी स्पेश्यिलिटी हेल्थ चैक-अप कैंप में चिकित्सक एवं उनके सहयोगी स्टॉफ*

# कार्यक्रम : श्रद्धांजलि सभा स्व. मदन दासजी देवी

**दिनांक : 06 अगस्त, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, में महान राष्ट्रवादी चिंतक एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार स्व. मदन दास देवी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने उनके विचार एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. मिश्र उनके साथ बिताए हुए क्षणो को याद करते हुए भावुक हो गए।



*श्रद्धेय मदनदासजी को पुष्पांजलि अर्पित करते डॉ. राकेश मिश्र*





*श्रद्धेय मदनदासजी के साथ पारिवारिक स्मरणीय क्षण*

# कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन का प्रचार-प्रसार

दिनांक : 10 अगस्त, 2023 ( गुरुवार )

कार्यक्रम स्थल :

1. गायत्री पब्लिक स्कूल, महदेवा
2. सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर
3. भारतीय ज्ञान मंदिर, नई बस्ती
4. शा.उ.मा.वि. व्यंकट क्र 1
5. शा. कन्या उ.मा. विद्यालय, धवारी
6. श्रीरामा कृष्णा कालेज
7. क्रिस्तुकला उ.मा. विद्यालय
8. क्रिस्टो स्पोर्ट क्लब

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से 3 सितंबर में होनेवाले सतना हाफ मैराथन को लेकर न्यास के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर जानकारी दी। साथ ही प्रतभागियों को पंजीयन की जानकारी दी गई। इस क्रम में न्यास के कार्यकर्ता गायत्री पब्लिक स्कूल महदेवा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, भारतीय ज्ञान मंदिर, नई बस्ती, शा.उ.मा.वि. वैंकट क्र 1, शा. कन्या धवारी विद्यालय, श्री रामा कृष्णा कालेज, क्रिस्तुकला उ.मा. विद्यालय, क्रिस्टो स्पोर्ट क्लब, आर.पी.एस. फिटनेस क्लब टाउन हाल गए।







# कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन का प्रचार-प्रसार

दिनांक : 11 अगस्त, 2023 ( शुक्रवार )

कार्यक्रम स्थल :

1. परेड ग्राउड, सतना
2. कृपाल पुर, डॉ. अंबेडकर विद्यालय, कृपालपुर
3. महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा. विद्यालय
4. हाई स्कूल सिंधी कैंप
5. शा.उ.मा. विद्यालय, घूरडांग
6. गुरुकुल हाई सेकेंड्री स्कूल
7. नवीन शिक्षा निकेतन, डालीबाबा चौक
8. गुजराती हाइर सेकेंड्री स्कूल
9. विट्स कॉलेज
10. रामा कृष्णा कॉलेज
11. वेंकटेश क्लब, सतना

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास आजादी का अमृत महोत्सव पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 3 सितंबर को होने वाली सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता को लेकर न्यास के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों को पंजीयन की जानकारी दी गई। इस क्रम में न्यास के कार्यकर्ता हेतु देशभर के विभिन्न प्रांतो के दूर दराज गाँवों में निवास करने वाले धावकों में भारी उत्साह का माहौल है। मैराथन के बारे में स्कूलों में जाकर प्रक्रिया दी गई एवं रजिस्ट्रेशन की संपूर्ण जानकारी देते हुए पत्रक भेंट किया गया। परेड ग्राउड सतना, कृपाल पुर, डॉ. अंबेडकर विद्यालय कृपालपुर, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा. विद्यालय, हाई स्कूल सिंधी कैंप, शा.उ.मा. विद्यालय, घूरडांग, गुरुकुल हायर सेकेंड्री स्कूल, नवीन शिक्षा निकेतन (डालीबाबा चौक), गुजराती हाइर सेकेंड्री स्कूल, विट्स कॉलेज, रामा कृष्णा कॉलेज, वेंकटेश क्लब, सतना, एकेडमिक हाइट्स स्कूल में जनसंपर्क कर पंजीयन कराए गए।







# कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन की जानकारी एवं प्रचार

**दिनांक : 13 अगस्त, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उ.मा.वि. नागौद, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास आजादी का अमृत महोत्सव पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता हेतु देशभर के विभिन्न प्रांतों के दूर दराज गाँवों में निवास करने वाले धावकों में भारी उत्साह का माहौल है।



मैराथन के बारे में स्कूलों में जाकर सभी लोगों को जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन की संपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए पत्रक भेंट किया गया। सरस्वती उ.मा. वि. नागौर में जनसंपर्क कर पंजीयन कराए गए। छात्र-छात्राओं में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन के लिए भी शिक्षकों को बताया गया।



*सतना हाफ मैराथन की छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए कार्यकर्तागण व पत्रक दिखाते भैया/बहिनें*

# कार्यक्रम : हर घर तिरंगा अभियान

**दिनांक : 13 अगस्त, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में "हर घर तिरंगा अभियान" के शुभारंभ अवसर पर सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी दिल्ली से वर्चुअल जुड़े।

"हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान" के तहत श्रीमती मनीषा सिंहजी के नेतृत्व में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव शुभारंभ किया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में तिरंगा ध्वज फहराने के लिए योजना बनाई गई एवं तिरंगा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

सेवा न्यास कार्यालय में तिरंगा फहराने के लिए योजना बनाई गई एवं सेवा न्यास के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को तिरंगा वितरण किया गया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद के भैया बहिनों को ध्वज वितरण कर संविधान में प्रदत्त कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्रीमती अर्चना पटेल, श्री सीलम सैनी, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्री अनिल सैनी, श्री विजय पटेल, श्री लवकुश सिंह बघेल, श्री बलराम गुप्ता, श्री जे.पी. गुप्ता, श्री नीरज द्विवेदी, श्री शिवम शुक्ला, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, शिवा पटेल एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



*हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत करते हुए सेवा न्यास कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : हर घर तिरंगा अभियान रैली

**दिनांक : 14 अगस्त, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : खाद भंडार से खेल परिसर तक, धवर्रा ( उ.प्र. )**

धवर्रा गाँव में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें गाँव के सभी महिला पुरुष बच्चों की भारी संख्या उपस्थित रही। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सोमवार को 51 मीटर का तिरंगा लेकर धवर्रा के प्रवेश द्वार खाद भंडार से धूमधाम से यह यात्रा ग्राम धवर्रा का भ्रमण करके पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में सभा के बाद समाप्त हुई। इस अवसर पर सभी को तिरंगा ध्वज वितरण किया गया।नौजवानों के उत्साह व डीजे पर देशभक्ति गीतों की थिरकन पर नाचते नजर आए। सभी ने अखंड भारत स्मृति संकल्प दोहराया।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में लहराते तिरंगा ध्वज*





*श्री राम रिछरिया, प्रवीण दुबे, अनूप मिश्रा, मनोज तिवारी, बलराम राजपूत आदि ने गाँवभर में तिरंगा लगाए व वितरण किए*

## कार्यक्रम : ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह

**दिनांक : 15 अगस्त, 2023 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय सतना में ध्वाजरोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समसरोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें डॉ. राकेश मिश्रजी अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्य अतिथि रहे एवं न्यास के समस्त कार्यकता उपस्थित रहे। आदरणीय मिश्रजी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संबोधित किया एवं बताया कि से आजादी भारत को कितने बलिदानों के बाद मिली है। अत: हम सबका कर्तव्य है कि हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करें एवं देश की एकता एवं अखंडता को बताए रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे।

कार्यक्रम में उपस्थिति : श्री महेंद्र तिवारी, श्री जितेंद्र अग्निहोत्री, श्री विजय पटेल, श्री सचिन त्रिपाठी, नितिन मिश्रा, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्रीमती अर्चना शिवा पटेल, अंकित सोनी, शिवम बडोलिया आदि।





*रंगोली बनाती न्यास की बहिनें*

## कार्यक्रम : ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह

**दिनांक : 15 अगस्त, 2023 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ) जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माध्मय से श्रीराम रिछारिया, प्रवीण दुबे, शिशुपाल सिंह, मनोज राजपूत के माध्यम से संपूर्ण खेल परिसर को सजाया गया। प्रात:काल ध्वजारोहण और मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर प्रवीण दुबे ने सभी गाँववासियों को वृक्षारोपण, स्वच्छता, सद्भव की शपथ दिलाई। बड़ी संख्या में गाँव के नौजवानों, बच्चों एवं बुजुर्गो ने समारोह में उपस्थिति दर्ज कराई।







# कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन जागरुकता रैली

**दिनांक : 2 सितंबर, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, व्यंकट क्रं. 1, का खेल मैदान, सतना ( म.प्र. )**

जन जागरूकता बाइक रैली शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक 1 से प्रारंभ होकर सिविल लाइन सर्किट हाउस चौक, सिमरिया चौक, कृपालपुर, सिंधी कैंप, बिरला मार्ग होते हुए कृष्ण नगर, अस्पताल चौक, पन्नीलाल चौक, सिटी कोतवाली चौक, होते हुए प्रेम नगर से शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक 1 में समापन हुआ। खेल प्रेमियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए बाइक रैली एवं सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर सुनीता गोदारा का नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया।



*सतना हॉफ मैराथन के लिए निकली बाईक रैली एवं उत्साहित नगरवासी*



## कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन : 2023

**दिनांक : 03 सितंबर, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, व्यंकट क्र. 1, का खेल मैदान, सतना ( म.प्र. )**

- सतना हाफ मैराथन ने एक बार फिर बनाया कीर्तिमान
- 26 राज्यों के 108 जिलों से प्रतिभागियों की भागीदारी से लघु भारत बना सतना
- पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन
- डॉ. राकेश मिश्र समाज सेवा में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर इतिहास रच रहे : डॉ. संजय मयूख (राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी भाजपा, दिल्ली)
- सतना हाफ मैराथन विंध्य के धावकों को वरदान सिद्ध हो रही है : राम खेलावन पटेल (राज्य मंत्री)
- आज सतना में सूरज की पहली रोशनी में तिरंगे की आकृति नजर आई : योगेश ताम्रकार (महापौर)
- सतना हाफ मैराथन में प्रथम द्वितीय तृतीय समेत 60 पुरस्कारों के चैक प्रदान किए गए

सतना का नाम एकबार फिर अंतरराष्ट्रीय फलक पर आया और सतना का नाम रोशन हुआ। तीन सितंबर की तारीख ने एक बार फिर सतना को कीर्तिमान स्थापित करने का मौका दिया और लघु भारत की तस्वीर सतना में देखने को मिली। तीन सितंबर की सुबह से सतना में जोश, जुनून और जलबा दिखाने के लिए देशभर के 26 राज्यों के पाँच हजार से अधिक प्रतिभागी तैयार थे। सभी ने हिस्सा लेकर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी समारोह पर समाजसेवा के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सतना की ओर से सतना हाफ मैराथन के चौथे संस्करण का आयोजन तीन सितंबर 2023 (रविवार) को किया गया। इसे लेकर प्रतिभागियों में तो खुशी थी ही, स्थानीय लोगों में भी काफी उत्साह का माहौल रहा। यूँ तो पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से सतना में विविध आयोजनों और सेवा कार्यों की लंबी श्रृंखला है, लेकिन मैराथन का आयोजन अपने आप में अद्वितीय रहा। मैराथन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मानक के आधार पर किया गया, जिसमें हाफ

मैराथन 21 किलोमीटर, युवा दौड़ दस किलोमीटर और अमृत दौड़ पाँच किलोमीटर का था। सभी श्रेणियों के मैराथन में 24-24 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। यह दौड़ 03 सितंबर की सुबह छह बजे शुरू हुई। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्रमांक-1 के खेल मैदान में इसका आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को टी-शर्ट, एनर्जी ड्रिंक एवं डिजिटल कार्ड दिया गया। मैराथन के आयोजन से सतना को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है और न्यास सतना के समग्र विकास और पहचान के लिए संकल्पित है। सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा थीं, जिनके नाम दो सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय दौड़ का रिकार्ड है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्मशताब्दी पर सतना हाफ मैराथन के शुभारंभ अवसर पर प्रात: 6:00 बजे खेल के मैदान धवारी में भव्य शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री श्री राम खेलावन पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर योगेश ताम्रकार, विशिष्ट अतिथि भाजपा राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी डॉ. संजय मयूख (भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी), श्री आशीष अग्रवाल, पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मैराथन धावकों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

शुभारंभ अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल ने सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की सराहना करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन स्थानीय धावकों एवं खिलाड़ियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। विगत तीन वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि सतना में इस आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिला है, उससे काफी संतुष्टि मिली है। प्रतिभागियों के साथ ही जो लोग दौड़ नहीं सकते थे उन लोगों ने मैराथन को एक मनोरंजक गतिविधि के रूप में लेते हुए आनंद उठाया है। सैकड़ों और हजारों प्रतियोगियों के साथ एक बिंदु से दूसरे स्थान पर दौड़ लगाते हुए देखने वालों दर्शकों को भी एक अजब की अनुभूति हुई। स्वस्थ समाज के निर्माण के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से न्यास विविध खेल प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन करता है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को अवसर के उद्देश्य से न्यास ने मैराथन का आयोजन शुरू किया तो कई प्रतिभाएँ उभरकर न सिर्फ सामने आई, बल्कि इसमें भाग लेनेवाले कई प्रतिभागियों को सेना और पुलिस में भी सेवा का अवसर मिला।

सतना हाफ मैराथन दौड़ को सफल बनाने में फिट इंडिया के डॉ. पीयूष जैन व उनकी टीम के सदस्यों द्वारा एक सेकंड के सौवें भाग की गणना की गई।

पंजीयन प्रक्रिया डिजिटल अपनाई गई, जिसके माध्यम से दौड़ को समाप्त करने के उपरांत तुरंत ऑनलाइन डिजिटल प्रमाण-पत्र जारी किए गए।

श्रीमती मनीषा सिंह ने पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में सहयोग के लिए आग्रह किया। विजेता धावकों को पुरस्कार में चेक के साथ, अंग वस्त्र, घड़ी, छाता, थैला भेंट किए गए।

"सतना हाफ मैराथन दौड़ का लाइव प्रसारण हुआ एवं ड्रोन से धावकों पर पुष्प" वर्षा की गई। भारत के 26 राज्यों से आए हुए महिला पुरुष धावकों ने हिस्सा लिया, उनके आवास भोजन की समुचित व्यवस्था न्यास द्वारा की गई।

आज सूरज की पहली रोशनी में तिरंगे की आकृति नजर आई, जब तीन रंगों की आकृति केसरिया, सफेद व हरे रंग की शर्ट पहने हुए धावकों ने अपनी रेस प्रारंभ किया। खेल प्रेमियों के द्वारा शहर भर में स्वागत द्वार बनाकर विभिन्न रास्तों पर एनर्जी ड्रिंक के साथ पुष्प वर्षा कर धावकों का अभिनंदन किया गया।

इस बार सतना हाफ मैराथन का प्रमुख आकर्षण में 75 वर्ष के 65 साल की उम्र के धावक खिलाड़ियों में काफी उत्साह एवं गर्म जोशी के साथ मैराथन दौड़ में शामिल हुए। दिल्ली से आई हुई अनुप्रियाजी (मैराथन एक्सपर्ट) के द्वारा देशभक्ति गीत गाकर पूरा माहौल देशभक्ति पूर्ण कर दिया।

सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ. सुनीता गोदारा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भारत माता की जय के जयकारों से पूरा खेल का मैदान लघु भारत नजर आने लगा।

### इन धावकों ने अलग-अलग श्रेणी में मारी बाजी :

21 किलोमीटर दौड़ में महिला वर्ग से प्रथम स्थान नीता पटेल, द्वितीय स्थान कविता पटेल, तृतीय स्थान पर रुक्मणी साहू रहीं।

21 किलोमीटर पुरुष वर्ग से प्रथम रंजीत कुमार पटेल, द्वितीय स्थान अंक कुमार, तृतीय संजय तिवारी रहे।

10 किलोमीटर की युवा दौड़ में तनु शर्मा प्रथम स्थान, अंजलि पटेल द्वितीय स्थान, छाया ठाकुर तृतीय स्थान ने प्राप्त किया।

10 किलोमीटर युवा दौड़ पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान शारदा नागौर राव, द्वितीय

स्थान प्रमिला लंबाकर, तृतीय स्थान विनीत शर्मा रहीं।

खेल जगत फिल्म जगत एवं राजनीतिक क्षेत्र की ख्याति प्राप्त हस्तियाँ धावकों को करेंगे प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित रहीं। जिसमें प्रमुख रूप से फिल्म अभिनेता युवराज कुमार, योग आयोग के संजीव कुमार, डॉ. राजेश सर्वज्ञ (मुंबई), डॉ. संजय मयूख, एकेएस यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनंत सोनी, हटा के विधायक पीएल तंतुवाय, श्रीमती सुष्मिता डॉक्टर पंकज सिंह परिहार, पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक), गौरी शंकर वर्मा (विधायक उरई), श्रीकांत चतुर्वेदी (मैहर), श्री मणिकांत माहेश्वरी (अध्यक्ष, संस्कार भारती महाकोशल) प्रतिमा बागरी भाजपा जिला महामंत्री, सीमा यादव भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, संजय कुमार गुड़गाँव, रामजी रघुवंशी विदिशा, संत कुमार त्रिपाठी, सतीश सुखेजा (अध्यक्ष विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स), राजेश दुबे, संजय तीर्थवानी, वरिष्ठ पत्रकार निरंजन शर्मा के अलावा कई ख्याति प्राप्त हस्तियाँ सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता में शामिल होकर खेल प्रतिभाओं ने उत्साह वर्धन किया।



# चतुर्थ सतना हाफ मैराथन की झलकियाँ : 2023




























पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
FIT INDIA
सेवा न्यास
पं. गणेश




03 सितम्बर 2023 (रविवार)
सतना (म.प्र.)













*नृत्य करती महिला कार्यकर्त्ता*






*अतिथियों एवं धावकों पर ड्रोन से पुष्पवर्षा करते कार्यकर्ता*




आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
FIT INDIA
द्वारा आयोजित
आज़ादी का अमृत महोत्सव
सतना हाफ मैराथन : 2023
(चतुर्थ संस्करण)
03 सितम्बर 2023 (रविवार)
स्थान: शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्र. -1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.) 485001
21 कि.मी.
पंजीयन शुल्क : 500 रुपये
दौड़ प्रारंभ प्रात: 6 बजे
उम्र समूह : (क) 18 वर्ष से 45 वर्ष (पुरूष/महिला)
(ख) 45 वर्ष से ऊपर (पुरूष/महिला)
प्रथम पुरस्कार : 25,000/-
द्वितीय पुरस्कार : 15,000/-
तृतीय पुरस्कार : 11,000/-
तीन सांत्वना पुरस्कार : 1,100/-
प्रत्येक वर्ग
कुल पुरस्कार (24)
महिला (12) : 1,08,600/-
पुरुष (12) : 1,08,600/-
कुल ₹ : 2,17,200/-
पुरस्कार, मैडल एवं प्रमाण पत्र
10 कि.मी.
पंजीयन शुल्क : 300 रुपये
दौड़ प्रारंभ प्रात: 6 बजे
उम्र समूह: (क) 12 वर्ष से 45 वर्ष (पुरूष/महिला)
(ख) 45 वर्ष से ऊपर (पुरूष/महिला)
प्रथम पुरस्कार : 15,000/-
द्वितीय पुरस्कार : 11,000/-
तृतीय पुरस्कार : 5,100/-
तीन सांत्वना पुरस्कार : 1,100/-
प्रत्येक वर्ग
कुल पुरस्कार (24)
महिला (12) : 68,800/-
पुरुष (12) : 68,800/-
कुल ₹ :1,37,600/-
पुरस्कार, मैडल एवं प्रमाण पत्र
05 कि.मी.
पंजीयन शुल्क : 200 रुपये
दौड़ प्रारंभ प्रात: 6 बजे
उम्र समूह:
सभी वर्गों के लिये
प्रथम पुरस्कार : 5,100/-
द्वितीय पुरस्कार : 3,100/-
तृतीय पुरस्कार : 2,100/-
तीन सांत्वना पुरस्कार : 1,100/-
प्रत्येक वर्ग
कुल पुरस्कार (12)
महिला (6) : 13,600/-
पुरुष (6) : 13,600/-
कुल ₹ : 27,200/-
पुरस्कार, मैडल एवं प्रमाण पत्र
महिला एवं पुरुष वर्ग की पुरस्कार राशि समान रहेगी।
प्रतिभागियों को दी जाने वाली सामग्री: टीशर्ट, एनर्जी ड्रिंक, डिजिटल कार्ड (विब मशीन) एवं प्रमाण पत्र।
कार्यालय : 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001
संपर्क : 9827216969, 7898457173, 9981853506, 9425031128, 7415028096, (07672) 351005
रजिस्ट्रेशन करें : nyas.gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas

## सतना हाफ मैराथन: 2023

(चतुर्थ संस्करण)

# "पुरस्कार वितरण हेतु विजेता सूची"

03 सितम्बर, 2023 (रविवार) ; समय : प्रातः 9.30 बजे

स्थान : शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्र.-1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.)

### 1. हाफ मैराथन : 21 किमी

#### I : 18 से 45 वर्ष आयु (03 सितम्बर ,2005 से 02 सितम्बर, 1978 तक)

- **महिला** (18 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | नीता पटेल | 21029 | 1:28:56 | 25,000/- | 350496 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | कविता पटेल | 21009 | 1:29:14 | 15,000/- | 350497 | प्रयागराज | मध्य प्रदेश |
| तृतीय | रुखमणी साहू | 21088 | 1:29:40 | 11,000/- | 350498 | दुर्ग | छत्तीसगढ़ |
| सांत्वना | तेजस्विनी लांबकणे | 21036 | 1:36:50 | 1,100/- | 350499 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | भूमि नेगी | 21005 | 1:42:49 | 1,100/- | 350500 | दक्षिण दिल्ली | दिल्ली |
| सांत्वना | भगवती दांगी | 21023 | 1:43:36 | 1,100/- | 350501 | राजगढ़ | मध्य प्रदेश |

- **पुरुष** (18 से 45 वर्ष आयु)(03 सितम्बर ,2005 से 02 सितम्बर, 1978 तक)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | रंजीत पटेल | 21098 | 1:09:15 | 25,000/- | 350502 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | अंकित कुमार | 21099 | 1:13:13 | 15,000/- | 350503 | झुंझुनू | राजस्थान |
| तृतीय | संजय तंवर | 21083 | 1:14:27 | 11,000/- | 350504 | गुरुग्राम | हरियाणा |
| सांत्वना | पांडिया राज एस | 21013 | 1:16:02 | 1,100/- | 350505 | तमिलनाडु | तमिलनाडु |
| सांत्वना | वीरेंद्र | 21082 | 1:19:41 | 1,100/- | 350506 | हनुमानगढ़ | राजस्थान |
| सांत्वना | धीरज कुमार पाल | 21040 | 1:21:40 | 1,100/- | 350557 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |

#### II : 45 वर्ष से अधिक आयु (03 सितम्बर 1978 ,से पहले वाले)

- **महिला** (45 वर्ष से अधिक आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | शोभा यादव | 21403 | 2:01:26 | 25,000/- | 350508 | नागपुर | महाराष्ट्र |

- **पुरुष** (45 वर्ष से अधिक आयु)(03 सितम्बर 1978 ,से पहले वाले)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | जयपाल बोयर | 21409 | 1:23:42 | 25,000/- | 350514 | मुंबई | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | भास्कर मधुकर कांबले | 21412 | 1:23:50 | 15,000/- | 350515 | वशिम | महाराष्ट्र |
| तृतीय | गोरधन मीना | 21404 | 1:24:28 | 11,000/- | 350516 | जयपुर | राजस्थान |
| सांत्वना | संजय कुमार | 21411 | 1:40:24 | 1,100/- | 350517 | शहादरा | दिल्ली |
| सांत्वना | दीपेश जोशी | 21413 | 1:42:40 | 1,100/- | 350518 | लखनऊ | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | गिरीश चन्द्र | 21406 | 1:45:3 | 1,100/- | 350519 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |

## 2. युवा दौड़ : 10 किमी (02 सितम्बर ,2011 से 02 सितम्बर , 1978 तक)

- **महिला** (12 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | तनु शर्मा | 10194 | 38:22 | 15,000/- | 350520 | काशीपुर | उत्तराखंड |
| द्वितीय | अंजलि पटेल | 10076 | 41:14 | 11,000/- | 350521 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | छाया ठाकुर | 10097 | 43:41 | 5,100/- | 350522 | झाँसी | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | पूजा देवी | 10032 | 44:31 | 1,100/- | 350523 | सोनितपुर | असम |
| सांत्वना | रमणी पटेल | 10208 | 45:34 | 1,100/- | 350524 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | पूजा पटेल | 10087 | 45:35 | 1,100/- | 350525 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |

- **पुरुष** (12 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | सुमित कुमार | 10244 | 31:19 | 15,000/- | 350526 | भोपाल | मध्य प्रदेश |
| द्वितीय | नवीन चौहान | 10238 | 31:51 | 11,000/- | 350527 | इंदौर | मध्य प्रदेश |
| तृतीय | हितेश | 10184 | 32:32 | 5,100/- | 350528 | रेवाड़ी | हरियाणा |
| सांत्वना | शाहरुख खान | 10037 | 33:21 | 1,100/- | 350529 | गौतमबुद्ध नगर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | ओंकार विष्णु बेकर | 10024 | 33:40 | 1,100/- | 350530 | रत्नागिरी | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | चंदन यादव | 10120 | 34:09 | 1,100/- | 350531 | नाशिक | महाराष्ट्र |

## II : 45 वर्ष से अधिक आयु (03 सितम्बर 1978 ,से पहले वाले)

- **महिला**

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | शारदा नागोराव भोयर | 10405 | 1:1:38 | 15,000/- | 350532 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | प्रमिला लांबकणे | 10415 | 1:04:12 | 11,000/- | 350533 | बांद्रा | महाराष्ट्र |
| तृतीय | विनीता शर्मा | 10407 | 1:05:17 | 5,100/- | 350534 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | निर्मला पाटिल | 10401 | 1:16:54 | 1,100/- | 350535 | भोपाल | मध्य प्रदेश |

- **पुरुष** (03 सितम्बर 1978 ,से पहले वाले)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | मुकेश मिश्रा | 10410 | 39:01 | 15,000/- | 350538 | सीधी | मध्य प्रदेश |
| द्वितीय | समीर कोल्या | 10416 | 39:37 | 11,000/- | 350550 | पश्चिम मदिनीपुर | वेस्ट बंगाल |
| तृतीय | गिरिजा सिंह यादव | 10423 | 39:58 | 5,100/- | 350540 | गाजीपुर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | सूरज पाल सैनी | 10421 | 43:11 | 1,100/- | 350541 | अलीगढ़ | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | सतीश प्रसाद चौरसिया | 10408 | 45:12 | 1,100/- | 350542 | डुमका | झारखंड |
| सांत्वना | श्याम बहादुर | 10420 | 45:24 | 1,100/- | 350543 | जौनपुर | उत्तर प्रदेश |

## 3. अमृत दौड़ 05 किमी (सभी आयु वर्ग)

- **महिला (सभी आयु वर्ग)**

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | खुशी रघुवंशी | 50038 | 19:16 | 5,100/- | 350544 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |
| द्वितीय | संध्या यादव | 52324 | 19:30 | 3,100/- | 350545 | बलिया | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | सपना रघुवंशी | 50160 | 19:45 | 2,100/- | 350546 | भोपाल | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | वर्षा सिंह | 50532 | 21:49 | 1,100/- | 350547 | प्रतापगढ़ | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | सुलोचना सिंह | 51595 | 23:03 | 1,100/- | 350548 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | तनया अमित धूमक | 50065 | 24:18 | 1,100/- | 350549 | मुंबई | महाराष्ट्र |

- **पुरुष** (सभी आयु वर्ग)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | यश शर्मा | 51600 | 15:35 | 5,100/- | 350550 | कटनी | मध्य प्रदेश |
| द्वितीय | मनीष कुमार | 52314 | 15:50 | 3,100/- | 350551 | भागलपुर | बिहार |
| तृतीय | गणेश संतोष शिंदे | 50049 | 16:04 | 2,100/- | 350552 | मुंबई | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | सुनील | 51624 | 16:14 | 1,100/- | 350553 | रोहतक | हरियाणा |
| सांत्वना | विशाल सिनोध कनौजिया | 50045 | 16:17 | 1,100/- | 350554 | ठाणे | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | अखिलेश पटेल | 50032 | 19:09 | 1,100/- | 350555 | रीवा | मध्य प्रदेश |

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 13 सितंबर, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा हरा-भरा सतना अभियान के तहत सतना सेवा न्यास पार्क, संतोषी माता मंदिर, सतना में पौधा लगाया गया। इस अवसर पर लोगो को पेड़ लगाने के लिये प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती मनीषा सिंहजी, सीलम सैनीजी, रश्मि सैनीजी, मधु बाल्मीकिजी, गोपाल बाल्मीकिजी, विजय पटेलजी, नितिन मिश्राजी उपस्थित रहे।




*श्रीमती मनीषा सिंहजी, सीलम सैनीजी, रश्मि सैनीजी, मधु बाल्मीकिजी, गोपाल बाल्मीकिजी, विजय पटेलजी, नितिन मिश्राजी एवं रोपित ट्री गार्ड*

## कार्यक्रम : मैराथन हेतु आभार प्रदर्शन एवं कार्यकर्त्ता सम्मान समारोह

**दिनांक : 15 सितंबर, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने प्रशासन, पुलिस, मीडिया कर्मियों, न्यास कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध जनों व शहर वासियों का आभार जताया

सतना में उत्कृष्ट सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का सामग्री देकर हुआ सम्मान

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन : 2023 (चतुर्थ संस्करण) की अपार सफलता प्राप्त होने के उपलक्ष्य में सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज, रीवा रोड में आभार समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सतना हाफ मैराथन चतुर्थ संस्करण 2023 के संयोजक श्री अजय मिश्रा, राजीव व्यास एवं महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने सर्वप्रथम सेवा न्यास के प्रेरणा स्त्रोत परम पूज्य दादाजी एवं बाईजी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतना हाफ मैराथन की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। नगर का विहंगम दृश्य देखकर उपस्थित कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध जनों, मीडिया कर्मियों के चेहरे खिल उठे।

सेवा न्यास कार्यकर्ता श्रीमती नीलम कुशवाहा ने प्रेरणादायक देश भक्ति गीत "देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें" का गान किया। जिसे श्रवण कर सभी उपस्थित जन समुदाय तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भारत माता की जय-जय कारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी ने नई दिल्ली से ऑनलाइन वर्चुअल जुड़कर शासन, प्रशासन, पुलिस, यातायात, नगर पालिक निगम, खेल प्रेमियों, प्रबुद्ध जनों एवं सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन (चतुर्थ संस्करण) का आयोजन दूर दराज गाँवों में निवास करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों धावकों के लिए आयोजन किया गया था।

इस आयोजन की विशेषता यह रही की पूरी प्रक्रिया डिजिटल ऑनलाइन रही है। चाहे वह पंजीयन हो या फिर विब वितरण हो या फिर चाहे वह मैराथन पूर्ण करने वाले धावकों के प्रमाण-पत्र हों टी-शर्ट वितरण से लेकर आवास संबंधी जानकारी

सभी कार्य डिजिटल ऑनलाइन होने से मिनट टू मिनट डाटा के माध्यम से देश ही नहीं पूरी दुनिया में सतना हाफ मैराथन आयोजन को सराहा जा रहा है।

सतना हाथ मैराथन में देशभर के 26 राज्यों के 108 जिलों के 5139 धावकों का महाकुंभ का विहंगम दृश्य देखकर धावकों में नई ऊर्जा का संचार होने लगा।

क्षेत्रीय न्यूज चैनलों, समाचार पत्रों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से लाखों लाख दर्शकों ने अपने घरों में बैठकर लाइव प्रसारण का आनंद उठाया।

सतना हाफ मैराथन धावकों का शहर भर में स्वागत पुष्प वर्षा से करते हुए ड्रोन से पूरी निगरानी की गई।

नगर के प्रबुद्धजनों खेल प्रेमियों के द्वारा जगह-जगह पर स्टाल लगाकर धावकों के लिए सॉफ्ट ड्रिंक, पेय पदार्थ की व्यवस्था करते हुए उत्साह वर्धन करते हुए पूरे मैराथन का दृश्य लघु भारत दृश्य के साक्षी बने।

सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि जिन धावकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उनको विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी धावकों को जिन्होंने रेस पूरी की है वह अपना विब नंबर डालकर प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अधिकांश लोगों ने सेवा न्यास की वेबसाइट पर जाकर प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर भी लिया है। इसी प्रकार व्यवस्थाओं में लगे लोगों को भी मोबाइल नंबर डालकर प्रमाण-पत्र डाउनलोड करना होगा।

सतना हाफ मैराथन को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान करने वाले खेल प्रेमियों, मीडिया कर्मियों, छायाकारों, क्षेत्रीय न्यूज चैनलों के संवाददाताओं, नगर के प्रबुद्ध जनों एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को अनुपम भेंट स्वरूप माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र, बारिश से बचाव के लिए छाता, बिनचिटर, टी-शर्ट, सब्जियों के बीज एवं आकर्षक प्रदूषण मुक्त थैला भेंट किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया व श्री महेंद्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री महेंद्र तिवारी, मधु बाल्मिक, श्री अर्चना पटेल, श्री आशा शुक्ला, श्री सीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्री सुनील यादव, श्री अनुराग तिवारी, श्री अनिल सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री लवकुश सिंह बघेल, श्री शिवम शुक्ला, श्री के.डी. गौतम, श्री अकरम, श्री सजल गुप्ता, श्री रवि आरेख, श्री विद्या पंडित, श्री असलम, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्री उमेश सिंह, श्री मनीष अग्रवाल, श्री संजय सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*दीप प्रज्जवलन करते श्री राजीव व्यास, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री अजय मिश्रजी*





*सेवा न्यास कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित करते सेवा न्यास के श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा एवं श्रीमती मनीषा अनुरागी*





*कार्यकर्त्ताओं को कपड़े के थैले, घड़ी एवं छाता एवं प्रमाण-पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किए गए*

## कार्यक्रम : विश्वकर्मा जयंती एवं श्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिवस पर स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान

**दिनांक : 17 सितंबर, 2023 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सतना द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्माजी की पूजा पाठ के उपरांत, 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत चलाई जा रही ग्रीन एंबुलेंस में औजारों की विधिवत पूजा की। सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने सभी स्वच्छता प्रहरियों की आरती उतारकर, पुष्प वर्षा करते हुए मुंह मीठा कराया व अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा भगवान ने जिस प्रकार से सृष्टि की संरचना की थी उसी प्रकार से हमारे प्रधानमंत्रीजी श्री नरेंद्र मोदीजी ने नए भारत का नवनिर्माण किया है।

देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिवस पर आज हम सतना नगर के स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान करते हैं। उनके परिवार जनों के सुख-दुःख की चिंता समस्त नगर वासियों को करनी चाहिए व उनका सम्मान करना चाहिए।

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिवस पर सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर स्वच्छता प्रहरियों के आँखों में भाव विह्वल होकर आँसू आ गए। गंभीर मुद्रा में स्वच्छता प्रहरी रामू वाल्मीकि ने कहा कि नगर वासियों को बीमारियों से मुक्ति के लिए हम लोग नगर की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य करते हैं। जिससे कि हमारे नगर वासी बीमारियों से मुक्त रहें।

देश की सीमाओं की रक्षा हमारे देश के वीर सैनिक करते हैं और हम स्वच्छता करते हैं। इस प्रकार से हम लोग भी नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए काम करते हैं। जब सभी नागरिक अपने-अपने घरों में सोते रहते हैं, उस दौरान हम लोग अपना घर परिवार छोड़कर नगर को साफ स्वच्छ करते हैं। जिससे कि हमारा नगर स्वच्छ एवं साफ सुथरा रहे प्रदूषण मुक्त रहे साल के 365 दिन हम सब नगर की सेवा करते हैं लेकिन हमारी ओर ध्यान बहुत ही कम संस्थाओं का रहता है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने आज सम्मानित करने के प्रत्युत्तर में सभी स्वच्छता प्रहरियों की ओर से सेवा न्यास परिवार के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इसी प्रकार से सेवा न्यास परिवार समाज सेवा के लिए अग्रणी भूमिका निभाता रहे।

सभी स्वच्छता प्रहरियों को माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र, आकर्षक टी-शर्ट,

कंबल, प्रदूषण मुक्त थैला भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती मधु बाल्मिक, श्रीमती अर्चना पटेल, श्री सुनील यादव, श्री विजय पटेल, श्री बलराम गुप्ता, श्री नितिन मिश्रा, श्री अनिल सैनी, श्री अंकित सोनी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं स्वच्छता प्रहरी उपस्थित रहे।





*स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान करते सेवा न्यास कार्यकर्ता*





## कार्यक्रम : पितृ पक्ष में न्यास का विशेष अभियान

**दिनांक : 20 सितंबर, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज रीवा रोड में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र नई दिल्ली से वर्चुअल जुड़कर ग्रीन एंबुलेंस सेवा एवं अपना सपना, हरा-भरा सतना अभियान की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्य योजना पर विस्तार से कार्यकर्त्ताओं से विचार विमर्श किया गया।

मानवता की सेवा में समर्पित सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व में रोपण किए गए पौधों की समीक्षा करते हुए सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि पितृपक्ष में हम अपने पितरों की शांति के लिए पक्षियों कौवों, ब्राह्मण, पुरोहितों, पंडितों, मानदानों एवं रिश्तेदारों को पितरों की आत्मा की शांति के लिए उन्हें तृप्त करने के लिए भोजन प्रसाद विधि विधान पूर्वक, यथाशक्ति दक्षिणा देकर पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। सेवा न्यास द्वारा संकल्प पत्र भरवाने कार्यकर्ता घर-घर जाएँगे—सतना हरा बनाएँगे।

कार्यक्रम की बारीकी से योजना बनाते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि हमारे आस-पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों, पंडितों, पुरोहितों से आग्रह करें कि जहाँ भी श्राद्ध भोजन करने जाएँ वहाँ कम-से-कम एक पीपल के पौधे का रोपण करने का संकल्प भी अवश्य कराएँ। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा मुद्रित संकल्प पत्र भरवाने का अभियान चलाया जाएगा। शहर के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर परिजनों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य हमारे सेवा भावी कार्यकर्ता जाएँगे व जिस दिन पूर्वजों की पुण्यतिथि होगी उसी दिन उनके घर के पास अभिमंत्रित पेड ट्री गार्ड सहित नाम लिखकर लगाया जाएगा। जो जिंदगी भर हमारे पूर्वजों की स्मृति अक्षुण्ण रखेगा।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि प्राणियों का आना-जाना तो लगा रहता है, लेकिन हमारे द्वारा रोपण किए गए पौधे आनेवाली पीढियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे और उन्हें फल, छाया, जीवन जीने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते रहेंगे।

विगत वर्षों पूर्व कोरोना महामारी के दौर में हमने ऑक्सीजन के महत्त्व को बहुत ही गंभीरता से समझा है।

ऐसा हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि श्रद्धा के लिए जो ब्राह्मण आमंत्रित किए जाते हैं उनका रूप धारण करके हमारे पितृ घर पर आकर भोजन प्रसाद करने के उपरांत

आशीर्वाद प्रदान करते हैं और उनके संकल्पों को पूरा करने का आशीर्वाद देते हैं।

नगर के सभी धर्म प्रेमियों, स्वावलंबियों, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों से आग्रह है कि पितृपक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में कम-से-कम एक पीपल का पौधारोपण करने का संकल्प लें आपके बताए गए स्थान पर पौधारोपण करके पाँच वर्षों तक सेवा की जाएगी।

वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी, सुनील यादव, नितिन मिश्रा, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।









## कार्यक्रम : चि. संकल्प के जन्मदिवस पर भोजन वितरण

**दिनांक : 30 सितंबर, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के ग्राम धवर्रा में खेल परिसर में मूर्ति के समक्ष ग्रामवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली निवास में चिरंजीव संकल्प मिश्र के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर सत्यनारायण भगवान की कथा में श्रद्धालु व भक्तजनों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया। भोज के आयोजन में राजनेता, अधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजधानी दिल्ली स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों के बीच भोजन वितरण किया गया। नर सेवा ही नारायण सेवा है के अपने मूल वाक्य को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मरीजों को भोजन देकर परम पूज्य दादाजी के बताए गए मार्ग को साकार किया। इस दौरान सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टरों की टीम की उपस्थिति में 300 मरीजों को भरपेट भोजन की व्यवस्था की गई।






*डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल नई दिल्ली में भोजन वितरण करते हुए दिव्यांशु मिश्रा, संकल्प मिश्रा*





*डॉ. वी.पी. टंडन एवं श्रीमती वंदना टंडन द्वारा सम्मान*

# कार्यक्रम : चि. संकल्प के जन्मदिवस पर पौधारोपण

**दिनांक : 30 सितंबर, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बिरला रोड सारंगी बुक डिपो, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा चि. संकल्प मिश्राजी के जन्मदिन पर बिरला रोड, सारंगी बुक डिपो के सामने बरगद का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर लोगो को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती मनीषा सिंहजी, सीलम सैनीजी, रश्मि सैनीजी, मधु बाल्मीकिजी, गोपाल बाल्मीकिजी, विजय पटेलजी, शिवा पटेलजी, नितिन मिश्राजी उपस्थित रहे।

जे.आर. बिरला मार्ग सतना में 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान के अंतर्गत सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के पुत्र चि. संकल्प मिश्र (एडवोकेट) के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया गया। सभी ने संकल्प के उज्जवल भविष्य हेतु प्रार्थना की।

सेवा न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि नगर में कंक्रीट का जाल फैला हुआ है। नगर को प्रदूषण मुक्ति के लिए हम सबको अपने-अपने जन्मदिवस पर, वैवाहिक वर्षगाँठ पर एवं अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति पर काम से कम एक पौधारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए।




*वृक्षारोपण करते हुए न्यास के कार्यकर्ता एवं बहिनें*

# कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 04 अक्तूबर, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सारंगी बुक डिपो के सामने, रामा प्लाई, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पूर्वी मंडल अध्यक्ष श्री संजय तीर्थवानीजी के जन्मदिन पर बरगद का पौधा बिरला रोड, सारंगी बुक डिपो के सामने, रामा प्लाई के बाहर लगाया गया। इस अवसर पर लोगो को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, श्रीमती मनीषा सिंहजी, श्री संजय श्री तीर्थवानीजी, श्री सुनील यादवजी, श्री डोला सोनीजी, श्री शिवमजी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्राजी उपस्थित रहे।



*श्री संजय तीर्थवानी का सम्मान करते सेवा न्यास के अध्यक्ष*





*श्री संजय तीर्थवानीजी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण एवं पेड़ को सुरक्षित करते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, वृक्ष लगाने पर सम्मानित करते कार्यकर्तागण*

# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र सत्संग भवन का लोकार्पण

**दिनांक : 06 अक्तूबर, 2023 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : भीमकुंड धाम, छतरपुर ( म.प्र. )**

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा भीमकुंड में 3 करोड़ 72 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य कराए गए है। इनमें डे–शेल्टर, कथा मंच, सीढ़ियाँ, रैलिंग, रेस्टिंग स्टॉप, पार्किंग एवं अन्य विकास कार्य शाामिल हैं। उक्त कार्यों का लोकार्पण म.प्र. राज्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष प्रद्युम्न द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने की। इस अवसर पर भीमकुंड के श्री शंकृष्णाचार्य महाराज, हटा विधायक श्री पी.एल. तंतुवाय, बिजावर एसडीएम श्री राकेश शुक्ला, जिला प्रबंधक पर्यटन सुश्री अदिति चंसौरिया और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यों का लोकार्पण करते हुए आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न लोधी ने कहा कि हमें प्राकृतिक धरोहर को संजोकर रखना होगा। उन्होंने कहा भीमकुंड में रोपवे भी लगाएँगे और विकास के अन्य कार्य भी कराए जाएँगे। इस क्षेत्र में जेम क्वालिटी का हीरा डिपॉजिट है। विभिन्न स्वीकृतियाँ मिलने पर इसके कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि केन–बेतवा परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इससे यहाँ की 15 हजार एकड़ भूमि को सिचाई की सुविधा मिलेगी। सूखा पिछड़ा बुंदेलखंड के स्थान पर 5 साल बाद हरा भरा बुंदेलखंड देखने को मिलेगा।

भीमकुंड में नवनिर्मित सत्संग हाल का निर्माण हुआ है उसका नामकरण बुंदेलखंड के वरिष्ठ समाजसेवी पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी के नाम पर किया जाएगा, उक्त विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक व राज्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न लोधीजी ने व्यक्त किए। भीमकुंड धाम के स्वामी श्री शंकर्षणाचार्यजी महाराजजी ने आशीर्वाद स्वरूप विचार व्यक्त किए।






*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सत्संग भवन के लोकार्पण में उपस्थित विशिष्ट जन एवं संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*





पं. गणेश प्रसाद मिश्र सत्संग भवन का लोकार्पण करते क्षेत्रीय विधायक व राज्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री प्रद्युम्न लोधीजी एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र






पं. गणेश प्रसाद मिश्र सभा मंडपम् भीमकुंड का लोकार्पण संपन्न

# कार्यक्रम : पुरोहितों एवं पुजारियों का सम्मान

**दिनांक : 08 अक्तूबर, 2023 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठतम कार्य करने वाली संस्था पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पितृपक्ष में मातृ नवमी के अवसर पर कर्मकांडी ब्राह्मण, पंडितों एवं पुजारियों का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। तत्पश्चात श्री विराज तिवारी द्वारा निर्मित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से सेवा न्यास की गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में अधिमान्य पत्रकार श्री राजीव शुक्ला के द्वारा सेवा न्यास एवं न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के संदर्भ में उपस्थित जनों को परिचित कराया गया।

डॉ. राकेश मिश्र ने न्यास की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराते हुए बताया कि न्यास के द्वारा जहाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं तो वही सतना शहर को हरा भरा बनाने के लिए लगातार प्रतिदिन पौधारोपण भी किया जा रहा है, जिसमें अभी तक हजारों पौधे रोपित किए गए हैं और उन्हें जिंदा रखते हुए बड़ा करने का भी संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित पुजारी एवं कर्मकांडी ब्राह्मणों से अनुरोध किया कि आप जब किसी यजमान को संकल्प दिलाते हैं तो उन्हें एक पौधारोपण करने का भी संकल्प दिलाएँ, जो प्रकृति संरक्षण एवं शहर को हरा भरा बनाने में आपकी महत्त्वपूर्ण भूमिका साबित होगी। वही अपने विद्वान पंडितों से संस्कृत को बढ़ावा देने एवं बच्चों को रूझान पैदा करने के लिए भी प्रेरित किया।




कार्यक्रम के अंत में सभी आए हुए पंडितों, पुजारी एवं ब्राह्मणों को अंग वस्त्र पहनाकर सेवा न्यास से संदर्भित पठन-पाठन की सामग्री, माँ अन्नपूर्णा सहित भेंट के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवा न्यास के डॉ. राकेश मिश्र के अलावा श्री राजीव व्यास भी मंचासीन रहे। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, कार्यक्रम का सफल संचालन श्री विष्णु नारायण पांडे के द्वारा किया गया।





*सम्मान कार्यक्रम का उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,*
*श्री राजीव व्यास, प्रो. जी.पी. रिछारियाँ*

















*पुरोहितों एवं पुजारियों का सम्मान करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*

## कार्यक्रम : पितृपक्ष पर पौधारोपण

**दिनांक : 09 अक्तूबर, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : त्रिपाठी ट्रांसपोर्ट के सामने, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

जे.आर. बिरला मार्ग में पं. मुन्नालाल मिश्राजी, श्री जयदेव ताम्रकार, श्री नवीन अग्रवाल, श्रीमती डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. सुनील अग्रवाल, श्री राम बहादुर यादवजी, श्री जगन्नाथ तिवारीजी, श्रीमती संगीता, श्री अनूप तिवारी, श्रीमती अनीता नरेंद्र शर्मा ने 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान से प्रेरित होकर पौधारोपण किया।

नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत ही अल्प समय में जो ख्याति अर्जित की है, वह नगर वासियों के लिए प्रेरणादायक है। नगर वासियों को सेवा न्यास की गतिविधियों से प्रेरणा लेकर नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए 'अपना सपना, हरा-भरा सतना' अभियान से जुड़कर अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में कम-से-कम एक पीपल का पौधारोपण करना चाहिए।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने नवनिर्मित व्यंकटेश लोक में भगवान विष्णु के दसों अवतार की दिव्य मूर्तियों के अद्‌भुत दर्शन उपरांत भगवान व्यंकटेश की विधिवत वैदिक रीति रिवाज के अनुसार पूजा किया। नगर वासियों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुखी होने की भगवान व्यंकटेश से प्रार्थना की। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अनुरोध किया कि सभी लोगों को आकर दिव्य लोक के दर्शन करना चाहिए।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री शारदा तिवारी, श्री सुनील यादव, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती सीलम सैनी, श्री करूणेश अनुरागी, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्री नितिन मिश्रा, श्री विजय पटेल, श्री मुन्नालाल शुक्ला, श्री आनंद चतुर्वेदी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



*व्यंकटेश लोक में दिव्य मूर्तियों के दर्शन करते सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं टीम न्यास*





*वृक्षारोपण अभियान में भाग लेते न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं न्यास के कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : 25वाँ नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर

**दिनांक : 28 अक्तूबर, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सार्थक हॉस्पिटल, पन्ना रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं पयसुनी हार्ट फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से पन्ना रोड स्थित सार्थक हॉस्पिटल में नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

डॉ. युगल किशोर मिश्रा ने कहा कि मेरी जन्मभूमि सतना जिले में होने के नाते मेरी आत्मा यहाँ बस्ती है। बचपन से लेकर आज तक चाहे में देश में रहूँ या विदेश में रहूँ, मरीज के बेहतर इलाज के लिए मैं 24 घंटे उपलब्ध रहता हूँ। जो मरीज दिल्ली आकर अपना इलाज करने में असमर्थ हैं ऐसे मरीजों के लिए सार्थक हॉस्पिटल में विगत कई वर्षों से ऐसे मरीजों के लिए नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

अतिथियों ने शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेशजी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर युगल किशोर मिश्राजी, नगर निगम महापौर श्री योगेश ताम्रकार, सार्थक हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. जीपी सिंह, उद्योगपति श्री संजय अग्रवाल, मेजर सुधीर रिछारिया, डॉ. आलोक खन्ना, डॉ. गांधी, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं उपस्थित डॉक्टरों की टीम को अंग वस्त्र एवं माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट कर सम्मान किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सतना गौरव दिवस के अवसर पर वर्ष में दो बार नि:शुल्क हेल्थ कैंप का संकल्प लिया गया था।

जनवरी माह में 26वे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शीघ्र ही डॉक्टरों से परामर्श के उपरांत तारीखों की घोषणा की जाएगी।

इस बार स्वास्थ्य शिविर में विशेषकर कैंसर रोगियों के लिए उनके स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सेवा न्यास द्वारा अभी तक किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया। वृक्षारोपण, मेधावी छात्र समारोह, मैराथन, कृषि संवर्धन जैसे कार्य करता है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्जुन तिवारी ने किया व कार्यक्रम में राजेश त्रिपाठी नीलू ने आभार व्यक्त किया।





*डॉ. वाई.के. मिश्राजी (मणिपाल हॉस्टिपल द्वारका, दिल्ली)*
*एवं डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. रश्मि अग्रवाल आदि*





*सार्थक हॉस्पिटल में जिला भर से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक एवं मरीज*



# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 01 नवंबर, 2023 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की अंग्रेजी तारीख़ के अनुसार सप्तम् पुण्यतिथि पर सेवा न्यास मुख्यालय सतना में पुष्पांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम हुआ।

पुष्पांजलि व वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया। सतना शहर में न्यास के द्वारा हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से हजारों पौधे रोपित किए गए हैं और ग्रीन एंबुलेंस से उनका पुत्रवत लालन पालन होता है। सतना शहर के लोगों को इस हेतु आह्वान करते हुए कहा भी गया कि सभी शहरवासी अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगाँठ व पूर्वजों की याद में पौधारोपण करने के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा इस शुभ कार्य को संपादित कर सकते हैं।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं श्री वेद प्रकाश शर्मा (पुणे)*



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते श्री वेदप्रकाश शर्मा (पुणे), प्रो. जी.पी. रिछारिया, श्री राजेश त्रिपाठी, श्रीमती मनीषा सिंह, सीलम सैनी, श्री विजय पटेल*

# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर अखंड मानस पाठ, भंडारा एवं सामग्री वितरण

**दिनांक : 14 नवंबर, 2023 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम' धवर्रा ( नौगाँव ) जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

बुंदेलखंड अंचल के प्रसिद्ध समाजसेवी पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके जन्म स्थान धवर्रा सहित देश के विभिन्न अंचलों में श्रद्धांजलि समारोह व अन्य कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की सप्तम पुण्यतिथि के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों के तहत अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। इसमें पूर्णाहुति के साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ।





*श्रीरामचरित मानस पाठ करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं परिवार जन*









*पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी की सप्तम् पुण्यतिथि पर अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ*

# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि

**दिनांक : 15 नवंबर, 2023 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम' धवर्रा ( नौगाँव ) जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भीमकुंड में भी आयोजित हुए।

श्रद्धांजलि सभा में हमीरपुर के पूर्व सांसद श्री गंगाचरण राजपूत, श्री अंजुल सक्सेना (पूर्व अध्यक्ष), श्री अनूप तिवारी (अध्यक्ष नगर पालिका नौगाँव), श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी, श्री धीरेंद्र गुप्ता, श्री प्रतीक सक्सेना, श्री सूरज देव मिश्र, श्री धीरेंद्र गौर, श्री धीरेंद्र शिवहरे, श्री राकेश शुक्ला राधे, श्री नरेंद्र मिश्र टिबलू, श्री बॉबी असाटी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय पटेल, श्री सुशील द्विवेदी, श्री पप्पू गुप्ता, श्री महेंद्र सिंह, डॉ. पुरुषोत्तम दास गंगेले, श्री अमृतांश पाठक, श्री कमलेश सिंह महोबा, श्री उमाशंकर मिश्रा मुढारी, श्री विनायक श्रीवास्तव, श्री सुनील रावत, श्री सुरेंद्र मिश्र, श्री गुरुदत्त मिश्र पन्ना, श्री साहित्य मिश्र, श्री मोहित मिश्र, श्री गौरव मिश्र, श्री प्रवीण दुबे, श्री मोनू शर्मा, श्री उज्जवल, श्री साकेत मिश्र, श्री रिंकू राठौर, श्री केशव मिश्र, श्री हर्षित पाठक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।





*पुण्यतिथि पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी को श्रद्धांजलि देने खेल परिसर में एकत्रित न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, मिश्र परिवारजन एवं कार्यकर्ता व सहयोगी*

# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दजी) की पुण्यतिथि पर रुद्राक्ष का पौधारोपण

**दिनांक : 16 नवंबर, 2023 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : धवर्रा ( नौगाँव )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी की सातवीं पुण्य स्मृति में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. विज्ञान देव मिश्रजी ने कहा कि यह दुर्लभ पौधा गत दिनों ऋषिकेश मैराथन के दौरान गंगा तट पर गंगा आरती में पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वतीजी ने डॉ. राकेश मिश्र के सेवा न्यास के वृक्षारोपण कार्य हेतु सम्मान स्वरूप भेंट किया था। आज वह पं. गणेश प्रसाद मिश्रजी के कृषि फार्म पर सभी गाँव वासियों की उपस्थिति में लगाया गया।



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की सप्तम् पुण्यतिथि पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण करते डॉ. विज्ञान देव मिश्र, गुरुदत्त मिश्र, श्री सुरेंद्र मिश्रा, श्री विनीत रावत, श्री सुनील रावत, दिव्यांशु (ऋषि) मिश्र, प्रवीण दुबे, मोनू शर्मा, मनोज मिश्रा, उज्जवल मिश्रा, विनोद रावत, श्री महेंद्र-मनीषा सिंह, विजय सिंह व ग्रामीणजन*



*पूज्य स्वामी चिदानंदजी, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश द्वारा रुद्राक्ष का जो पौधा भेंट किया गया वही रोपित किया गया*

# कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 23 दिसंबर, 2023 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान निरंतर किया जा रहा है। शिक्षा के अलावा खेल जगत में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को न्यास द्वारा समय-समय पर प्रोत्साहित किया जाता है। शासकीय इंदिरा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीलम रिछारिया ने की। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. आभा खरे, सुश्री राज निधि सिंह, श्रीमती अनुराधा जैन, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती आभा गोयल, डॉ. ए.के. पांडेय, श्री राजीव व्यास, श्री कामता पांडे एवं मंचासीन अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

सर्वप्रथम 'हे शारदे माँ, हे शारदे माँ' सरस्वती वंदना महाविद्यालय की आरती शुक्ला, अवंतिका द्विवेदी, शैलजा गौतम, आरती शुक्ला, आस्था विश्वकर्मा ने प्रस्तुत की।

महाविद्यालय के डॉ. जितेंद्र शुक्ला, श्रीमती परिमल प्यासी का आदर्श तिवारी एवं संगीता ने 'स्वागत है अभिनंदन आपका' गीत गाकर स्वागत किया, इसके साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

सेवा न्यास की संपूर्ण गतिविधियों का विस्तार से वर्णन करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि देश में कहीं भी पौधों की जीवन की रक्षा करने के लिए एंबुलेंस का संचालन कहीं नहीं होता है। सेवा न्यास के द्वारा पौधों की जान की रक्षा उनकी सुरक्षा सेवा करने के उद्देश्य से ग्रीन एंबुलेंस सेवा चलाई जा रही है। सेवा न्यास के द्वारा अब तक जो पौधारोपण किए गए थे उनका बार कोडिंग के साथ संपूर्ण डाटा उपलब्ध है। आप अपने घर में बैठे-बैठे पौधों की स्थिति को जाँच और परख सकते हैं। डॉ. मिश्र ने सभी छात्रों को अपने जन्मदिवस के अवसर पर एक पौधारोपण का संकल्प दिलाया।

महाविद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली साथ ही प्रतिभा के बल पर शासकीय पदों और निजी कंपनियों में बेहतरीन स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें कई प्रतिभावान छात्राएँ शामिल रहीं। सम्मान पाने वाली छात्राओं में रुचि तिवारी, अदिति गर्ग, रुचि त्रिपाठी, रूपाली पांडे, शशि मिश्रा, लक्ष्मी चतुर्वेदी, उमा बागर, नेहा अहिरवार, माधवी मिश्रा, साधना गौतम, सपना गर्ग, उषा

सिंह, वैष्णवी गर्ग, भूमिका सिंह बघेल, रानी पांडे, आरती मिश्रा, प्रियंका पांडे, अनुराधा द्विवेदी, संगीता साक्षी पांडे, छवि विश्वकर्मा, अर्चना पांडे, प्राची द्विवेदी, मीणा परवीन, आरती नामदेव, निशि द्विवेदी प्रियंका गर्ग, श्वेता सिंह, निधि द्विवेदी नेहा पांडे, अदिति अग्रवाल, श्रेया मिश्रा का नाम शामिल है।




*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मान करते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं प्राचार्या प्रो. नीलम रिछारिया, प्रो. ए.के. पांडेय, श्री राजीव व्यासजी*




*प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मान करते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं सम्मानित छात्र-छात्राएँ*




*प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं उपस्थित प्राध्यापक एवं छात्राएँ*

# कार्यक्रम : भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीजी की ९९वीं जयंती समारोह

**दिनांक : 25 दिसंबर, 2023 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : कुम्हारन सेवा बस्ती धवारी, सतना ( म.प्र. )**

भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की ९९वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन कुमारन बस्ती, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पीछे धवारी में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित का उन्हें नमन किया और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने अटलजी के व्यक्तित्व पर अपने उद्बोधन में कहा कि अटलजी साहित्यकार, कवि, लेखक के साथ-साथ सच्चे राष्ट्रभक्त थे। जिनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया।

अटलजी की जयंती पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कुमारन बस्ती एवं धवारी की सेवा बस्तियों में निवास करने वाले बच्चों को मुफ्त कॉपी, पेन, पेंसिल, कंपास, पौष्टिक टॉफियाँ वितरित किया गया।



*भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की ९९वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम*





*भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की ९९वीं जयंती पर*
*कुम्हारन सेवा बस्ती धवारी, सतना में सामग्री वितरण*

## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर हेतु जागरुकता रथ

दिनांक : 26 दिसंबर, 2023 ( मंगलवार )
कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', ब्रम्हनगवाँ सतना ( म.प्र. )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से 6-7 जनवरी, 2024 को आयोजित होने वाला 26वाँ स्वास्थ्य शिविर का प्रचार-प्रसार करने के लिए न्यास मुख्यालय से प्रचार रथ को रवाना किया गया। इस मौके पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर में आयोजित किया गया है। जिसमें कैंसर, स्तन कैंसर, बीपी, ह्दय रोग, शुगर, न्यूरोलॉजी, श्वास रोग सहित हमारे शरीर में जितने रोग होते हैं लगभग सभी रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ आधुनिक मशीनें सतना आ रही है। जिससे नि:शुल्क जाँचें होगी। आर्थिक अभाव के कारण बड़े शहरों में जाकर अपना इलाज करने में असमर्थ हैं ऐसे मरीजों के लिए सेवा न्यास द्वारा विशेषज्ञ डॉक्टरों ह्दय रोग, श्वसन रोग, स्त्री रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, तंत्रिका एवं मस्तिष्क रोग और कैंसर रोगियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसके प्रचार प्रसार के लिए शुसज्जित रथ गाँव-गाँव जाकर मरीजों को जानकारी देगा व ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को प्रेरित करेगा।





*स्वास्थ्य शिविर को लेकर रथ को रवाना करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, सचिन त्रिपाठी, श्रीमती मनीषा सिंह, राजेश त्रिपाठी 'नीलू', विजय पटेल एवं अन्य न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र स्मृति व्याख्यान माला (सप्तम् पुष्प)

**विषय : "राम राज्य, सुराज एवं सुशासन"**
**दिनांक : 30 दिसंबर, 2023 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : महाराजा छत्रसाल ऑडीटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर ( म.प्र. )**

महान समाजसेवी और शिक्षाविद् पं. गणेश प्रसाद मिश्र की स्मृति में प्रत्येक वर्ष आयोजित होनेवाली सप्तम् स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन महाराजा छत्रसाल आडिटोरियम छतरपुर में किया गया। समाजसेवा के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से नियमित आयोजित होने वाली व्याख्यान माला की कड़ी का यह सप्तम पुष्प था। सर्वप्रथम माँ भारती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गई। दीप प्रज्जवलन के बाद स्वस्ति वाचन किया गया फिर मुख्य अतिथियों का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

व्याख्यान माला में उपस्थित श्रोताओं और गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् महाकौशल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने उमाशंकर पांडेय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि खुद प्रधानमंत्री मोदीजी तक उनकी प्रशंसा कर चुके हैं। वह जल विश्वविद्यालय बना रहे हैं और उनके गाँव जाकर ही उनके उन्नत कार्य को समझा जा सकता है। डॉक्टर मिश्र ने कहा कि वह विभिन्न स्कूलों में जाकर लोगों को अन्न व जल की बर्बादी रोकने के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उसे बचाने का संकल्प दिला रहे हैं।

डॉ. मिश्र ने कहा कि अन्न की बर्बादी रुके, अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाकर वातावरण को हरा भरा रखें, घर पर ही सब्जियाँ उगाएँ, कोई भूखा ना मरे, ऑक्सीजन की कमी से किसी की जान ना जाए अगर हम सभी कर सके तो समझ लो कि रामराज की परिकल्पना साकार हो गई। इस प्रकार की व्यवस्था के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रमुख रूप से पधारे श्री दयानिधि उरमलिया, डॉ. रविकांत पाठक का आभार व्यक्त किया।

डॉ. मिश्र ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि कभी राम लला हम आएँगे मंदिर वहीं बनाएँगे का नारा बुलंद हुआ करता था और प्रधानमंत्री मोदीजी 22 जनवरी को राममंदिर के उद्घाटन का स्वप्न साकार करने जा रहे हैं, यह भारतीयों के लिए बड़े गर्व का विषय है।

सेवा न्यास द्वारा किए जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने आजकल कैंसर की समस्या बेहद आम हो गई है और सतना क्षेत्र के साथ ही आस-पास के लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्होंने कैंप लगाने शुरू किए। कैंसर जैसे घातक रोग से बचने और इसकी जाँच कराने के लिए 6 और 7 जनवरी को नि:शुल्क कैंप लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनके पिताजी कहा करते थे कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और यदि हमने जेब भरी और दूसरों पर खर्च नहीं किया, दूसरे कष्ट में रहे तो आप चैन से नहीं रह सकते। आज न्यास संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान के लिए संस्कृत विद्यालयों के छात्रों की हर संभव मदद करता है।

व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि पूज्य अनंत विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामराजेश्वराचार्यजी महराज (माउली सरकार) रहे जो कि रुक्मिणी विदर्भ पीठ, कौडन्यपुर (अमरावती महाराष्ट्र) के हैं। उन्होंने इस अवसर पर राम-राम कर सभी का अभिवादन किया और कहा कि आज भी राम नाम अभिवादन का स्वरूप है और उनका नाम लेकर ही अभिवादन किया जाता है जो कि दर्शाता है कि राम कैसे भारत की संस्कृति के प्राण हैं। राम राज्य का आरंभ यहीं से होता है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में स्वराज हो सुशासन हो वही राम राज्य है। भारत के संविधान के पृष्ठ भाग पर श्रीराम की प्रतिमा है इससे माना जा सकता है कि रामराज की कल्पना भारत का ध्येय है।

स्वामीजी ने त्रेतायुग में रामराज को विस्तार से समझाया और वर्तमान में उसकी जरूरत पर बल दिया। रामराज वह है जिसमें किसी की जमीन पर जबरदस्ती अधिकार नहीं किया जाता बल्कि लंका को जीतने के बाद भी उनके भाई विभीषण को लंका का राजा बना दिया जाता है।

महाराजजी ने कहा कि समाज से बुराइयों को दूर कर और समाज की सेवा कर डॉ. राकेश मिश्र सुशासन लाकर रामराज लाना चाहते हैं जो कि उत्तम कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज में बुराइयों का निर्मूलन अगर कर लिया जाए तो मानो रामराज आ गया। महिलाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि महिलाओं का उत्थान भारत की पुरानी परंपरा है और भगवान कृष्ण की पत्नी सत्यभामा महिला आयोग की पहली अध्यक्ष कही जा सकती हैं।

कुशासन के कुचक्र को आप और हमें तोड़ना होगा और सुशासन लाना होगा जो कि रामराज्य कहलाएगा। जहाँ सुविचारों की आकृति हो और बुराइयों की विकृति हो वही संस्कृति है। संगठन की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए महाराज ने कहा कि

संगठन से ही रामराज्य बनता है। हमें राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के प्रेम भाव को स्वीकार करना होगा और इसे समाज का आदर्श बनाना होगा।

व्याख्यान माला की अध्यक्षता कर रहे (पद्मश्री) 'जल प्रहरी', जल ग्राम-जखनी, बाँदा उत्तर प्रदेश के श्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि मैंने छोटे संसाधनों से काम शुरू किया और आज अपने माता-पिता के आशीर्वाद से ही मैं बहुत कुछ कर पाया हूँ। अगर माँ-बाप का आशीर्वाद हो तो दुनिया में बड़ी-से-बड़ी सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि मैंने दुनिया में भगवान नहीं देखे लेकिन भगवान माँ से अच्छे नहीं होंगे यह मैं कह सकता हूँ। क्योंकि भगवान माँ ने ही दिखाएँ हैं। श्री उमाशंकर पांडे ने अपने जखनी गाँव की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके किए गए कार्य की सराहना की उसके आधार पर योजना शुरू की। बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश के कई अँचलों में बड़े पैमाने पर बासमती चावल और बाँस का उत्पादन किया जाता है।

डॉ. राकेश मिश्र की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ अपने माता-पिता के स्वप्न को डॉक्टर मिश्र साकार कर रहे हैं जो कि अनूठी बात है। समाज को अपने माता-पिता की सेवा का व्रत लेना चाहिए और डॉक्टर मिश्र से सीख लेनी चाहिए। अपने पिता के नाम पर समाजसेवा कर वह युवाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उस दौर में रह रहे हैं जिसमें राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।



कार्यक्रम में छतरपुर से कई अतिथियों ने शिरकत की, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता और अधिवक्ता श्री नारायण काले, श्री नरेंद्र मिश्र टिबलू, श्री राधे शुक्ला, श्री सौरभ तिवारी, श्री प्रवीण गुप्त, श्री नीरज भार्गव, श्री जयराम चतुर्वेदी, श्री यशवंत पटेल (रजिस्ट्रार, बुंदेलखंड वि.वि.) डॉ. रविशंकर पाठक, श्री सुधीर अरजरिया, श्री अभिषेक खरे, श्री दृगेंद्र सिंह, श्री अवधेश, श्री नूतन सोनी, श्री सुदीप पांडे, श्री जीतेंद्र सिंह, श्री सुरेंद्र अग्रवाल, श्री ब्रजेश राय, श्री गोपाल सिंह, श्री राजू शर्मा, श्री आनंद शर्मा, श्री कमलकांत असाटी, श्री हरि प्रकाश अग्रवाल, श्री इंदू भूषण नायक, डॉ. पुरुषोत्तम गंगेले शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में श्री प्रदीप खरे ने आभार व्यक्त किया और वंदे मातरम् गीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।






*पं. गणेश प्रसाद मिश्र की स्मृति में आयोजित सप्तम् स्मृति व्याख्यान माला में उपस्थित मंचासीन जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामराजेश्वराचार्यजी महराज (माउली सरकार) पद्मश्री पं. उमाशंकर पांडेयजी, डॉ. राकेश मिश्रजी, श्री दयानिधि उरमलियाजी*






*पं. गणेश प्रसाद मिश्र की स्मृति में स्मृति व्याख्यान माला में उपस्थित जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामराजेश्वराचार्यजी महराज (माउली सरकार) एवं जल प्रहरी के नाम से विख्यात पद्मश्री श्री उमाशंकर पांडेयजी एवं उपस्थित विद्वत महानुभाव*

## कार्यक्रम : नववर्ष पर सुंदरकांड पाठ

**दिनांक : 01 जनवरी, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नेह निकुंज, बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा मुख्यालय में अंग्रेजी नव वर्ष के प्रथम दिवस से ही क्षेत्र को राममय बनाने और नगरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना हेतु सुंदरकांड पाठ किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि अयोध्या धाम श्रीरामजन्म भूमि पर भगवान श्रीराम की कृपा से 22 जनवरी, 2024 में रामललाजी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। सतना नगर के हर रामभक्त के द्वार पर राममंदिर उद्घाटन समारोह का उत्साह दिखाई दे रहा है।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का 14 वर्षों का वनवास काल था, लेकिन कलयुग में 500 वर्षों के बाद वनवास पूरा हो रहा है। इस शुभ घड़ी में पूरे देश में श्रीराममय वातावरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस की एक-एक चौपाई का एक-एक शब्द महामंत्र है जो कि अपने आप में सिद्ध है और विशेषकर सुंदरकांड की महिमा इसमें सबसे अधिक बताई जाती है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में सबको व्यक्तिगत रूप से भारत माता का चित्र भेंट दिया गया। अंत में सभी को भोजन प्रसाद दिया गया।

नगर निगम सतना महापौर योगेश ताम्रकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जी, वरिष्ठ समाजसेवी श्री अजय सिंह कोठी, सेवानिवृत टी.आई., श्री विमल श्रीवास्तव, प्रो. जी.पी. रिछारिया, श्री अनंत सोनी, श्री बाल्मिकि शुक्ला, श्री विनोद मिश्रा, श्री आशुतोष प्यासी, श्री अभिषेक सिंह पटेल, श्री पूर्णानंद त्रिपाठी, श्री पंकज



सांवरिया, श्री निरंजन शर्मा, श्री रत्नेश पांडे, श्री अरुण द्विवेदी, श्री नेता मोहनिया, श्री कृष्णा पांडे, श्री अर्जुन तिवारी, श्री हर्ष नायक, श्री बालकृष्ण शुक्ला, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्रीमती नीलम रिछारिया, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्री सत्येंद्र त्रिपाठी, श्री सुनील यादव, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती अर्चना पटेल, श्री शिव पटेल, श्री शिरीष पांडे, श्री सचिन त्रिपाठी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं श्रीराम दरबार मंडल के श्रद्धालु व भक्तजन उपस्थित रहे।



*नववर्ष के प्रथम दिन सुंदरकांड का पाठ एवं भारत माता का चित्र वितरित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*



*श्री उत्तम बनर्जी (सह प्रांत कार्यवाह), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर) श्री संतकुमार त्रिपाठी (गोंडा), श्री रत्नेश पांडेय*



*नववर्ष के प्रथम दिन सुंदरकांड का पाठ कार्यक्रम पर दीप प्रज्जवलित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, अधिवक्ता संकल्प मिश्र तथा पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दाजी को पुष्पांजलि अर्पित करते ग्रामीण महानुभाव*

# कार्यक्रम : 26वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप

**दिनांक : 06 जनवरी, 2024 शनिवार**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास के तत्वावधान में सतना के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन हुआ।

कैंप का उद्घाटन अयोध्या धाम से पधारे श्रीमद्जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री 1008 पूज्य स्वामी श्री वल्लभाचार्यजी महाराज ने किया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जी और सतना महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार डॉ. राजेश जैन और अन्य अतिथि मौजूद रहे। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया था और 2114 लोगों ने अपना नामांकन कराया था।

पहले दिन नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने प्राथमिक जाँच कराई। कैंप में आए लोगों को वरिष्ठ चिकित्सकों ने नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। डॉक्टरों के मुताबिक अधिकांश मरीज बीमारियों से पीड़ित मिले। कई ऐसे मरीज भी मिले, जिन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। विशेषज्ञ डॉ. ने विभिन्न मरीजों की जाँच करते हुए उन्हें उचित सलाह भी दी। बता दें कि पहले दिन स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सहायता पहुँचाने का रहा और इसमें दूरदराज के इलाकों से लोग जाँच को पहुँचे थे, इसमें पुरुष, महिलाएँ, बुजुर्ग सभी लोग शामिल रहे। स्वास्थ्य कैंप की अध्यक्षता कर रहे अयोध्या धाम से पधारे श्रीमद्जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री 1008 स्वामी श्री वल्लभाचार्यजी महाराज ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बीमार हो गया और उसके पास अर्थ नहीं है ऐसे में जो डॉक्टर जनता की सेवा करेंगे भगवान उन पर कृपा करेंगे। अब तक जितनी भी संस्थाएँ चल रही है उसमें सर्वस्व सेवा गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कर रहा है।

दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. राजेश जैन ने उद्घाटन के अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र को कैंप में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि 21 लोगों की टीम दिल्ली से आई है जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ पैरामेडिकल स्टाफ शामिल है। सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि न्यास कार्यकर्ता 684 जगह पर पहुँचे जो कि बड़ी उपलब्धि है और समाज सेवा के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है। आर.एस.एस. ने समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की नींव रखी और आज यह सिलसिला पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास जारी रखे हुए है। नर सेवा नारायण

सेवा से आज पूरे देश की स्थिति बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में देश की परिस्थिति बदल रही है।

26वें स्वास्थ्य कैंप के उद्घाटन के मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना श्री एल.के. तिवारी, पूर्व विधायक श्री शंकर लाल तिवारी, श्री मणिकांत माहेश्वरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री राजेश चतुर्वेदी पालन, डॉ. संदीप तिवारी, श्री अजय मिश्र, श्री राजीव व्यास, श्री लखन लालजी शुक्ल, सार्थक हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. सुनील अग्रवाल, बिरला विकास हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. संजय माहेश्वरी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा, स्वास्थ्य कैंप संयोजक श्री विष्णु नारायण पांडे, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य गणेश प्रसाद मिश्रा, विद्यालय प्रधानाचार्य गणेश गोविंद मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुधीर रिछारिया, विद्यालय व्यवस्थापक, श्री विकास पांडे, श्री देवेंद्र पांडे, श्री भास्कर चतुर्वेदी, श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा, श्री कृष्णा पांडे, श्री जी.पी. रिछारिया, श्री कामता पांडे, वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय शाह, श्री शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री संकल्प मिश्रा एवं श्री डी.के. गौतम मौजूद रहे।

सभी अतिथियों का न्यास की तरफ से आभार प्रदर्शन करते हुए राजेश त्रिपाठी नीलूजी ने कहा कि आप सभी ने अपना कीमती और बहुमूल्य समय देकर सेवा न्यास कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया है। बालाजी एक्शन मेडीकल इंस्टिट्यूट और एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने कैंप के पहले दिन 668 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया, जिसमें हृदय रोग के 122, कैंसर के 67, हड्डी के 91, किडनी के 48, श्वास रोगों के 86, मस्तिष्क रोगों के 129 और पेट संबंधी रोगों के 62 मरीजों की संपूर्ण जाँचें की।






श्रीमद्‌जगद्‌गुरु रामानंदाचार्य श्री 1008 पूज्य स्वामी श्री वल्लभाचार्यजी महाराज, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सह प्रांत कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जी और महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार, डॉ. राजेश जैन और अन्य अतिथि



छब्बीसवाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप में मरीज की जाँच करते डॉ.



मरीजों को उपहार स्वरूप कपडे का थैला, माँ अन्नपूर्णा का चित्र, सब्जियों के बीज, बिस्किट दिए गए

## कार्यक्रम : व्याख्यान माला

**दिनांक : 06 जनवरी, 2024 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास द्वारा आयोजित 26वें स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर बालाजी एक्शन हॉस्पिटल एवं बालाजी कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जाँचें की। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश जैन एवं डॉ. संजय माहेश्वरी ने अध्यक्षता की।




स्वास्थ्य केंद्र के प्रथम दिन के समापन के बाद सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर के विवेकानंद सभागार में 'कैंसर की जानकारी ही बचाव है' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली से पधारे हुए डॉ. राजेश जैन ने कैंसर पर जानकारी दी। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि आज का कार्यक्रम लाखों लोगों तक पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसे घातक रोगों से आर्थिक रूप से भी मानसिक रूप से भी और शारीरिक रूप से परिवार बर्बाद होता है।

व्याख्यान माला में प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए दिल्ली से आए सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ. राजेश जैन ने कहा कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसके नाम से ही कुछ लोगों की रूह काँप जाती है और जब तक कांपती रहती है जब तक इसका समुचित ज्ञान नहीं हो जाता। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम और कैंप से कुछ जानकारी लोगों को मिलती है और वह अपना बचाव कर पाते हैं।





*डॉ. राजेश जैनजी एवं डॉ. संजय माहेश्वरीजी के साथ न्यास कार्यकर्त्ता*

# कार्यक्रम : 26वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन

**दिनांक : 07 जनवरी, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सतना स्वास्थ्य शिविर का समापन हो गया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के समापन कार्यक्रम पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ सरस्वती वंदना प्राचार्य महोदय द्वारा की गई और कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बालाजी एक्शन मेडीकल इंस्टिट्यूट और एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दूसरे दिन 940 मरीजों की जाँच की। कैंप के पहले दिन 668 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया था। इस प्रकार इन दो दिनों में कुल मिलाकर 1608 मरीजों की जाँच की गई।

सतना जिले के साथ 14 जिलों के मरीज भी शामिल थे। पुरुष, महिलाएँ, बुजुर्ग सभी की जरूरत के मुताबिक विभिन्न रोगों की जाँच की गई और खास तौर पर सभी मरीजों का बीपी और शुगर टेस्ट किया गया। कैंप के दूसरे दिन नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पहुँचे लोगों ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवन न्यास द्वारा लगातार ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं जिससे सतना और आसपास के लोगों का इसका लाभ मिलता है। समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित होने चाहिए। मरीज और उनके परिजनों का कहना था कि डॉक्टर्स ने तकलीफ के मुताबिक उनकी जाँच करते हुए उन्हें उचित सलाह दी।

शिविर में अलग-अलग कक्ष में औपचारिक दौरे के दौरान डॉ. राकेश मिश्र ने सभी डॉक्टर्स से मुलाकात की। उन्होंने इलाज के लिए शिविर में आए कई मरीजों से उनका हाल-चाल पूछा और आगामी नेत्र और कान की जाँच के लिए आयोजित होने वाले शिविरों के बारे में अन्य लोगों को बताने की अपील की। समापन समारोह के अंत में सहयोग करने वाले जिला चिकित्सालय कर्मियों इसके अलावा अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के विवेकानंद सभागार के समापन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि शामिल थे।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इन दो दिनों में 1608 मरीज ने अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई है जो की शिविर की सफलता को दर्शाता है। न्यास का उद्द्देश्य व्यावसायिक बिल्कुल नहीं है बल्कि यह समाज सेवा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। उन्होंने सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय सेवा न्यास, एन.सी.सी. कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं,

आँगनबाड़ी कर्मियों की प्रशंसा की जिनका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग रहा।

डॉ. मिश्र ने इस बात को लेकर खुशी जताई कि इस शहर में 300 से अधिक महिलाओं ने अपनी जाँच कराई। स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर उन्होंने कहा कि दिल्ली के संबंधों का फायदा सतना के लोगों को कैसे मिले इसके लिए वह निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य अतिथि श्री मणिकांत माहेश्वरीजी ने कहा कि लोगों के साथ परिवार भाव कैसे बनाते हैं यह डॉ. राकेश मिश्र से सीखा जा सकता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता, डॉ. पंकज सिंह परिहार ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र के सार्थक प्रयासों से सतना जिले में ऐसे स्वास्थ्य केंद्र आयोजित किए जा रहे हैं जो सराहनीय कदम है। समारोह में श्री अनंत कुमार सोनीजी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रजी में समाजसेवा के प्रति जैसी लगन दिखती है ऐसी कहीं नहीं दिखती और वह हमेशा जनसेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

सतना नगर निगम की पूर्व महापौर श्रीमती विमला पांडे, श्रीमती ममता पांडे, श्री देवेंद्र पांडे, श्री सोमचंद ताम्रकार, श्री आर डी द्विवेदी, श्रीमती अंजू सिंह बघेल, श्रीमती कलावती तिवारी, श्री ध्रुव सैनी, श्रीमती तारा विजय पटेल, श्रीमती अनीता चौधरी, श्री आशीष शुक्ला, श्री पंकज त्रिपाठी, श्री प्रवीण ताम्रकार, श्री शिवचरित्र कुशवाहा आदि दूर दराज गाँवों से आए हुए ग्रामीण व मरीज उनके परिजन उपस्थित रहे।





*छब्बीसवाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप समापन में मरीजों की सेवा में न्यास कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : नशा मुक्ति परिचर्चा एवं स्वच्छता अभियान

**दिनांक : 18 जनवरी, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : कोठी मोड, सिविल लाइन, धवारी हनुमान मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास समाज सेवा के साथ ही स्वच्छता अभियान को भी संकल्पबद्ध है। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई हेतु स्वप्रेरणा से स्वच्छता कार्य किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हनुमान मंदिर कोठी रोड, कचहरी परिसर, हनुमान मंदिर में सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन एवं डॉ. राकेश मिश्र मंदिर परिसर में उपस्थित रहकर साफ-सफाई कर मंदिर की धुलाई की। इन्होंने मंदिर की विधिवत साफ सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

डॉ. मिश्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदीजी के आह्वान पर पूरे देश भर में मंदिरों धार्मिक स्थलों की साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। सभी मंदिरों की कार्यकर्ताओं के द्वारा साफ सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के आगमन की तैयारी में सभी देशवासी अयोध्या धाम में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंदिरों में दीप प्रज्वलित करते हुए प्रभु श्रीराम का भजन कीर्तन और आराधना करें। सभी नगर वासियों से आग्रह है कि अपने घरों में भी दीप जलाकर प्रभु श्रीराम का स्वागत करें।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी व शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक स्कूल में छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम गिनाए। इससे बचने का संकल्प दिलाया।

स्वच्छता के दौरान सतना सांसद श्री गणेश सिंह, महापौर श्री योगेश ताम्रकार, नगर निगम अध्यक्ष श्री राजेश चतुर्वेदी, श्री सुभाष चंद्र मिश्रा, श्री महेंद्र पांडेय, श्री प्रियंक त्रिपाठी, श्री बालकृष्ण शुक्ला, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री अनिल सैनी आदि लोग मौजूद रहे।





*नशा मुक्ति परिचर्चा को संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी*





*स्वच्छता अभियान में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी, सांसद श्री गणेश सिंह,*
*श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), रत्नेश पांडेय, श्री बालकृष्ण शुक्ला, श्री राजेश चतुर्वेदी (स्पीकर)*



*स्वच्छता अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं वरिष्ठ जन*

## कार्यक्रम : स्व. बाल आपटेजी स्मृति श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 18 जनवरी, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज में स्व. बाल आपटे वाचनालय में अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य संगठन शिल्पी स्व. बाल आपटेजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि संगठन शिल्पी महान कर्मयोगी लाखों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत स्व. बाल आपटे की जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। स्व. बाल आपटेजी संगठन को मजबूत करने के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। उनके द्वारा बताए गए पावन स्मृतियाँ हम सबका मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।




*स्व. बाल आपटेजी स्मृति श्रद्धांजलि सभा में डॉ. राकेश मिश्र, श्री सचिप त्रिपाठी, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्री विजय पटेल एवं श्रीमती प्रिया त्रिपाठी*

# कार्यक्रम : रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विविध मंदिरों में पुजारियों का सम्मान एवं भंडारा

**दिनांक : 22 जनवरी, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : विविध मंदिर, सतना ( म.प्र. )**

श्रीरामजन्मभूमि अयोध्या धाम में भगवान प्रभु श्रीराम लला का श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी व सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने सतना के विविध मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन करके पुजारियों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वेंकटेश्वर मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कचहरी, हनुमान मंदिर कोठी रोड, सांई मंदिर राजेंद्र नगर, परशुराम मंदिर धवारी, गणेश मंदिर धवारी, कलेक्ट्रेट में अखंड रामचरितमानस पाठ, हनुमान मंदिर सिटी कोतवाली, बिहारीजी मंदिर, जगत देव तालाब, संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर सिमरिया चौक, चार मंदिर नई बस्ती हनुमान नगर एवं वेंकटेश मंदिर वेंकटेश लोक में जाकर लगभग 5000 श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड पाठ आयोजन में सभी पुजारियों को शॉल, चित्र, घडी, बीज व अन्य सामान भेंट किया गया।




देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा श्रीरामजन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण को सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज में सैकड़ों की संख्या में श्रीराम भक्तों ने अयोध्याजी से लाइव प्रसारण बड़े हर्षोल्लास के साथ देखकर रामलला सरकार की जय जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। लाइव प्रसारण देखने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के श्रीराम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्री विनोद तिवारी, श्री महेंद्र पांडेय (पार्षद), श्री मिथलेश सिंह (पार्षद), श्री सुधीर रिछारिया, श्रीमती नीलम रिछारिया, श्री बाल्मीकि शुक्ला, श्री देवेंद्र पांडे, श्री रामखिलावन पांडे, श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा, श्री लखन लाल शुक्ला, श्री अशोक पांडे, श्री संतोष पांडे, श्री समीर खान, श्री अनुपम सिंह परिहार, श्री ओमप्रकाश पटैरिया, श्री मुन्ना कुशवाहा एवं सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु माता बहिनें श्रीराम भक्तजन उपस्थित रहे।









*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विविध मंदिरों के पुजारियों का सम्मान करते अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी एवं न्यास के कार्यकर्ता*





*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दृश्य*

# कार्यक्रम : गणतंत्र दिवस समारोह

**दिनांक : 26 जनवरी, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय पर 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उपस्थित न्यास के सभी कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया। सेवा न्यास के मुख्यालय भवन, नेह निकुंज, सतना को रंगोली एवं गुब्बारों से सजाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. जी.पी. रिछारियाजी ने की। ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान के बाद न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए न्यास के कार्यों की चर्चा की।

'वंदे मातरम्', 'भारतमाता की जय', 'माता सरस्वती' के जयकार से वातावरण गुंजायमान हो गया। सेवा न्यास के समस्त कार्यकर्ताओं ने सामूहिक देशभक्ति गीत, झंडा ऊँचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गायन किया। राष्ट्रगीत गाते हुए तिरंगे ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेंद्र तिवारी, श्रीमती संजीता सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री सचिन त्रिपाठी,श्रीमती रश्मि सैनी, श्री विजय पटेल, श्री एल.एल. शुक्ल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता तथा क्षेत्र वासी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





*डॉ. राकेश मिश्र, प्रो. जी.पी. रिछारिया, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सचिन त्रिपाठी, श्रीमती संजीता सैनी, श्री राजीव व्यास,श्री नीरज द्विवेदी आदि*



*रंगोली बनाती न्यास की मातृशक्ति*

# कार्यक्रम : गणतंत्र दिवस समारोह

**दिनांक : 26 जनवरी, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव), में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उपस्थित न्यास के कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित विशिष्टजनो ने उत्सव मनाया।

'वंदे मातरम्', 'भारतमाता की जय', के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। सेवा न्यास के समस्त कार्यकर्ताओं ने सामूहिक देशभक्ति गीत, झंडा ऊँचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गायन किया। राष्ट्रगीत गाते हुए तिरंगे ध्वज को सलामी दी गई। इस मौके पर उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीण के बीच मिठाई बाँटी गई।



*ध्वजारोहण में उपस्थित श्रीराम रिछारिया, श्री प्रदुम्न सिंह (रिंकू राठौर), श्री गौरव मिश्रा, श्री प्रवीण दुबे, ग्रामीण स्कूली बच्चे एवं अभिभावकगण*



## कार्यक्रम : माघ मेला में कल्पवास शिविर

**दिनांक : 27 जनवरी, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर, सेक्टर-3, पुल नं.-2.**
**दक्षिणी पटरी, त्रिवेणी मार्ग, संगम, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से धर्मनगरी प्रयागराज में माघ मेला के दौरान श्रीमद्भागवत कथा, माघ माहात्म्य कथा एवं श्री रामकथा का आयोजन किया गया। जिसमें पं. राहुल कृष्ण शास्त्रीजी द्वारा दिए गए प्रवचन से आध्यात्मिक धारा प्रवाहित हुई। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कल्पवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया। कथावाचक पं. राहुल कृष्ण शास्त्रीजी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सांस्कृतिक उत्थान में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में भागवत के महत्त्व एवं विविध विषयों से जुड़े प्रसंगों, जैसे भगवान् श्री कृष्ण से संबंधित प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर होते रहे। कथा वाचक पं. राहुल कृष्ण शास्त्री (वृदांवन) ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रोताओं के




*साधु संतों के सानिध्य में माघ मेला शिविर का शुभारंभ*
*श्री श्री 1008 स्वामी शंकर्षणाचार्यजी महाराज ने किया*

बीच धार्मिक धारा प्रवाहित की। हजारों श्रद्धालु भक्तजनों ने पुण्यलाभ अर्जित किया। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के बहुविध सेवा और संकल्प को साकार करते हुए न्यास निरंतर समाज-सेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। मानव सेवा ही प्रभु सेवा है। इस मूल मंत्र के साथ सेवा न्यास माघ मेला में संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रति वर्ष धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन करती है। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के परिवार को सभी संतों ने समाज-सेवा में जुटे रहने का आशीर्वाद दिया। माघ मेला में न्यास के पंडाल में 500 परिवारों के रहने की एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। शिविर में कई राज्यों के साथ ही मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, सागर, सतना, रीवा सहित लगभग 17 जिलों के श्रद्धालु निवास करते हुए पुण्य अर्जित किए।





*माघ मेला शुभारंभ पर पूजन करते डॉ. राकेश मिश्र*
*एवं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री, श्री घनश्यामाचार्यजी*



*उपस्थित तीर्थयात्री एवं कल्पवासी, श्री पुष्पराज सिंह पटेल, श्रीमती अर्चना शुक्ला आदि*

# कार्यक्रम : 27वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, कोठी

**दिनांक : 28 जनवरी, 2024 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोठी, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सतना द्वारा जिले के कोठी नगर में नेत्र एवं कान परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सेवा न्यास की स्वास्थ्य शृंखला का यह 27वाँ आयोजन था, जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने किया।

कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते हुए श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज डॉ. राकेश मिश्र ने मेरे निर्वाचन क्षेत्र कोठी से इस भव्य स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की। पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की भावना कि हर गाँव और गली का नागरिक स्वस्थ रहे और उन्हीं की प्रेरणा से शिविर के माध्यम से वह चरितार्थ हो रही है। दिल्ली से आए हुए डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को कान की महँगी मशीनें और सद्गुरु सेवा संघ की टीम द्वारा आँखों की जाँच के बाद चश्मे प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ कि इस प्रकार की समाज सेवा कर वह क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कृष्णा पांडे (जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा) और एल्पस इंटरनेशनल लि. नई दिल्ली के श्री अनूप नारंग ने की। इस अवसर पर अनूप नारंग ने बताया कि आज हमारी कंपनी के द्वारा जो मशीनें वितरित की जा रही हैं उसकी प्रेरणा उन्हें डॉ. राकेश मिश्र की जनसेवा के प्रति लगन देखकर मिली। उनकी, डॉ. मिश्र से 2017 में मुलाकात हुई थी और तभी से वह जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उनके साथ जुड़े हुए हैं और दिल्ली से वह अपने बेटे आकाश नारंग के साथ इस शिविर में जनसेवा के लिए पहुँचे हैं। डॉ. राकेश मिश्रजी सदैव लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए चिंतित रहते हैं और वह प्रयागराज में साधु संतों के साथ छतरपुर, सतना सहित कई जगहों के लोगों की सेवा कर रहे हैं जो कि बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

शिविर के उद्घाटन पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के शिविर लगाने का विचार उनके मन में तब आया जब वह प्रयागराज माघ मेले के दौरान सेवा न्यास पंडाल में भक्तों की अजीब स्थिति को देख रहे थे। क्योंकि भक्त कथा श्रवण के दौरान हँसने की जगह में रो रहे थे और रोने की जगह

हंस रहे थे। हमने समस्या को समझा और जाना कि उन्हें कम सुनाई देने की वजह से ऐसा हो रहा था। और तब अनूप नारंगजी को फोन कर हमने इस प्रकार के शिविर लगाने को बात की और उनके सहयोग से लगभग दस बड़े स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेवा का भाव पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की रग-रग में बसा हुआ है। उनका उद्देश्य यही रहता है कि हर जरूरतमंद को हर प्रकार की मदद मिले। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की योजनाओं को वर्तमान सीएम डॉ. मोहन यादवजी आगे बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर हो रही हैं। ऐसी सेवाओं के लिए पैरामेडिकल स्टाफ को मैं धन्यवाद प्रेषित करता हूँ। हाल ही में सतना स्वास्थ्य कैंप में लगभग दो हजार मरीजों की जाँच की गई और उन्हें कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि सद्‌गुरु सेवा संघ से अपील कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि जरूरतमंद मरीजों को चश्मे मिलें और जिन मरीजों को लेंस लगाए जाएँ उसका खर्च न्यास देगा। आज मेक इन इंडिया के तहत श्री अनूप नारंगजी कान की बेहतर मशीनों का उत्पादन कर रहे हैं जिसके लिए वह तारीफ के काबिल हैं।




इस मौके पर श्री अनंत सोनी चेयरमैन (एकेएस यूनिवर्सिटी सतना), ने अपने कर कमलों से मशीनें मरीजों को भेंट की। दिल्ली से आए मरीजों ने सभी मरीजों की बारीकी से जाँच की और उनके कान की सफाई कर उनकी जरूरत के मुताबिक उन्हें मशीनें प्रदान कीं। महंगी मशीनों के वितरण से शिविर में उपस्थित मरीज भी बेहद खुश नजर आए।

इस स्वास्थ्य शिविर में कान के 134 मरीजों की संपूर्ण जाँच की गई एवं 38 मरीजों को मशीनें भेंट की गईं। इसी प्रकार आँख के मरीजों की कुल 274 जाँच की गई

एवं 43 मरीज सद्गुरु सेवा संघ हेतु ऑपरेशन के लिए भेजे गए। 150 लोगों को चश्मे व दवाई प्रदान किए गए। 407 मरीजों की हुई जाँचें व 38 मरीजों को आपरेशन हेतु भेजा गया। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सभी मरीजों व परिजनों को कपड़े के थैले, माँ अन्नपूर्णा का चित्र, दीवार घड़ी व सब्जियों के बीज वितरित किए गए।

कार्यक्रम में श्री गुन्नूराम शर्मा (अंत्योदय प्रकोष्ठ संयोजक), श्री विष्णुकांत शर्मा (पूर्व जेलर), नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखवंती बाई बुनकर, श्री हीरामन सिंह (पूर्व सरपंच) श्री मदनी व पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री सोहावल, श्री राकेश सिंह पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष व पार्षद श्री प्रमोद सिंह, श्री अमित पाठक, श्री शैलू सिंह (आईटी संयोजक कोठी), श्री रामशिरोमणि सिंह, श्री गणेश गुप्ता, समाजसेविका श्रीमती आशा पटेल, पूर्व पार्षद श्री रामनरेश मिश्र मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार पांडे ने की। इस मौके पर सेवा न्यास की ओर से श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, श्री बृजेश सिंह, श्री सचिन त्रिपाठी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री मिथुन शर्मा, श्री राज बहादुर सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कुल लाभार्थी गाँवों की संख्या 83, आँख : 276, कान : 131, कुल जाँचें : 407, दवाइयाँ वितरण : 193,चश्मे : 136, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 38, कान की मशीनें वितरित : 63







*27वें स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करती मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, श्री कृष्णा पांडेय, न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री अनूप नारंग एवं अन्य विशिष्ट जन*





*मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक एवं श्री अनूप नारंगजी (एल्पस)*






*कान की मशीन देते एवं कार्यक्रम को संबोधित करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं श्री अनूप नारंग मशीन के बारे में मरीज को समझाते हुए*

## कार्यक्रम : 28वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, मझगवां

**दिनांक : 29 जनवरी, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझगवां, सतना ( म.प्र. )**

'नर सेवा ही नारायण सेवा है' के सार्थक अभियान के साथ पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास क्षेत्र की जनता के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संकल्पबद्ध है और इसी शृंखला के तहत कान एवं नेत्र रोगों से संबंधित स्वास्थ्य कैंप लगाए जा रहे हैं। सतना जिले के मझगवां में 28वाँ नेत्र एवं कान परीक्षण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। 14 दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मरीजों ने अपने आँख और कान की जाँच कराई। सेवा न्यास की स्वास्थ्य शृंखला के 28वें स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार (चित्रकूट) द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

इस मौके पर विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माध्यम से डॉ. राकेश मिश्र समाज सेवा के रूप में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। शहरों में पहले कैंप लगते थे लेकिन ग्रामीण अंचल इससे अछूते थे और डॉ. राकेश मिश्र ने ग्रामीण क्षेत्रों में यह सेवाएँ देकर पिछड़ेपन के शिकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्र मैराथन दौड़ कराके खेलों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। शिक्षा, सेवा और स्वास्थ्य इंसान की सबसे बड़ी जरूरतें होती हैं और अपने माता-पिता के नाम पर जनसेवा कर वह सराहनीय कार्य कर रहे हैं। जो अपने माता-पिता को पूजता है उसका सदा कल्याण होता है। उन्हें भी कई स्वास्थ्य कैंप में जाने का मौका मिला है और डॉ. मिश्र से उनके 30 साल पुराने संबंध हैं।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जिन मरीजों के रोगों की पहचान होती है उनको दिल्ली रेफर किया जाता है जिनका समय रहते समुचित इलाज हो पाता है। स्वास्थ्य के लिए बेहतर खानपान, योगाभ्यास और परहेज जरूरी है जिसका सभी को ध्यान रखना चाहिए। समय रहते किसी भी रोग का पता चल सके तो उसका निदान संभव हो पाता है और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास जनसेवा के माध्यम से यही कार्य कर रहा है और यह सिलसिला यूँ ही चलता रहेगा। सेवा न्यास की तरफ से शिविर में सभी मरीजों को कपड़े के थैले प्रदान किए गए ताकि पॉलिथीन का उपयोग कम से कम हो, सब्जियों के बीज बाँटे गए ताकि किसान आत्मनिर्भर बनें, माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र एवं दीवार घड़ी उपहार स्वरूप दिया गया जिससे कि लोग अन्न जल की बचत करें। जाँच के बाद मरीजों को चित्रकूट सद्गुरु सेवा

संघ की बस के द्वारा ले जाया गया। जहाँ पर उनके आगे के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएँगे, उनको लेंस व चश्मा दवाई सभी नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालयीन शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस शिविर में भाग लिया। इसके साथ ही जीतेंद्र वर्मा (एसडीएम, मझगंवा), डॉ. राजेंद्र उपाध्याय, अभय प्रताप सिंह, डॉ. विनीत गुप्ता (बीएमओ), डॉ. रूपेश सोनी की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मझगवां क्षेत्र के 35 गाँवों नें अपना परीक्षण कराया। सद्गुरु सेवा संघ की टीम ने 278 लोगों की आँखों की जाँच की। 64 मरीजों को चश्मे व 14 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन हेतु सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट ले जाया गया। एल्पस इंटरनेशनल लि. की टीम ने 212 कान के मरीजों का परीक्षण किया व 153 को दवाई दी गई, 109 मरीजों को कान की मशीनों का वितरण किया गया।

कुल गाँवों की संख्या 35, आँख : 278, कान : 212, कुल जाँचें : 490, दवाइयाँ वितरण : 153, चश्मे : 64, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 14, कान की मशीनें वितरित : 109






*28वें स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं गणमान्य नागरिक*





*आँख एवं कान का परीक्षण कराते विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवारजी (चित्रकूट)*

# कार्यक्रम : 29वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, नागौद

**दिनांक : 30 जनवरी, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नागौद, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 29वाँ स्वास्थ्य शिविर नागौद में शिविर का उद्घाटन क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक नागेंद्र सिंह ने किया।

उद्घाटन समारोह में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि उन्हें क्षेत्र के लोगों का जनसेवा के दौरान भरपूर सहयोग मिलता रहा है जिसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं। समय-समय पर दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा क्षेत्र के लोगों की जाँच की जाती रही है। वर्तमान में नेत्र की जाँच के लिए सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट की टीम का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है। लोगों को बस के माध्यम से चित्रकूट ले जाने और लाने की व्यवस्था की जा रही है जिससे मरीज का समुचित इलाज संभव हो पा रहा है। कान का इलाज व मशीनें एल्पस इंटरनेशनल प्रा.लि. दिल्ली के डॉक्टरों की टीम निरंतर कान की मशीनें दी जा रही हैं।

विधायक श्री नागेंद्र सिंह ने बघेली भाषा में अपने संबोधन में कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र न्यास के माध्यम से अपने पिताजी की याद में जिस सेवा भावना का परिचय दे रहे हैं, वह काबिले तारीफ है।

उन्होंने डॉ. राकेश मिश्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि जैसे भगवान को पाने के लिए किसी साधु संत का सहारा लेना पड़ता है और वह भगवान से मिला देता है इसी प्रकार मरीज को जो डॉक्टर तक पहुँचाता है वह भी साधु संत जैसा ही कार्य है और डॉ. राकेश मिश्र संत की ही भूमिका अदा कर रहे हैं जो मरीजों की सहायता कर उसे डॉक्टर के पास पहुँचाकर उसे आरोग्य प्रदान कर रहे हैं।

सेवा न्यास के माध्यम से ऐसे मरीजों को उन अस्पतालों में भेजा जाता है जो आयुष्मान कार्ड के आधार पर मरीजों को अच्छा इलाज उपलब्ध कराते हैं। डॉ. राकेश मिश्र कई कैंप लगा चुके हैं और निरंतर लगा रहे हैं। छतरपुर, सतना, प्रयागराज सहित कई जगहों पर कैंप लगाकर ऐसे लोगों का इलाज सुनिश्चित करा रहे हैं। डॉ. और मरीज के बीच डॉ. राकेश मिश्र सेतु का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में डॉ. मिश्र ने इतने बड़े पैमाने पर सेवा की अलख जगाई है जिसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं।

नागौद में शिविर के दौरान सभी मरीजों को कपड़े के थैले, घड़ी, माता अन्नपूर्णा का चित्र और सब्जियों के बीज भेंट किए गए। नागौद शिविर में जिन लोगों का भरपूर सहयोग मिला उनमें अभिषेक पांडे (खेल प्रकोष्ठ संयोजक), चंदन अग्रवाल, पुलकित टंडन,

प्रभात सुंदरानी, अंकित सोनी (मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा), आयुष सोनी, शिवांक सोनी, ध्रुवराज सिंह, अमन जायसवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति (बीएमओ), डॉ. दिलीप चौरसिया, उदय प्रताप सिंह (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष), जीतेंद्र सिंह (पूर्व उपाध्यक्ष) आदि के नाम शामिल हैं। इन लोगों ने आगे भी जनसेवा में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।

नागौद शिविर में कुल 596 मरीजों की जाँच की गई जिसमें से 112 गाँवों से मरीज आए थे। इनमें 330 आँख और 266 कान के मरीजों की जाँच की गई। 70 लोगों को ऑपरेशन की सलाह दी गई जिसमें 40 लोग चित्रकूट भेजे गए। 42 लोगों को चश्मा प्रदान किया गया और 170 लोगों को दवाई दी गई।

कुल गाँवों की संख्या 112, आँख : 330, कान : 266, कुल जाँचें : 596, दवाइयाँ वितरण : 170, चश्मे : 42, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 40, कान की मशीनें वितरित : 52





*29वाँ स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक श्री नागेंद्र सिंह (नागौद) एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*




*कान का परीक्षण कराते विधायक श्री नागेंद्र सिंहजी (नागौद)*

# कार्यक्रम : 30वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, उचेहरा

**दिनांक : 31 जनवरी, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उचेहरा, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के 14 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर श्रृंखला के तहत चौथे दिन उचेहरा में आँख और कान की जाँच के लिए शिविर लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचेहरा में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना के लोकप्रिय महापौर योगेश कुमार ताम्रकार के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहनलाल ताम्रकार, पूर्व जिला संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मैहर ने की।

शिविर के उद्घाटन संबोधन में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि अभी तक तीन शिविर हो चुके हैं। कोठी के कैंप में 43 मरीजों के ऑपरेशन किए गए। ये वे मरीज हैं जिनके कोई अभिभावक नहीं हैं। मुझे इनकी दयनीय हालत देखकर रोना आता है कि आज कई पुत्र-पुत्रियाँ अपने वृद्ध माता-पिता को यूँ ही बेसहारा छोड़ देते हैं और उनकी सेवा कर सुकून मिलता है।

उन्होंने कहा कि न्यास केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य नहीं करता बल्कि खेलकूद के क्षेत्र में बड़ी मैराथन भी आयोजित करता है। ये बड़ी खुशी की बात है कि यहाँ की 10 बच्चियाँ दिल्ली के लिए चयनित हुई हैं जिनको वहाँ प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार ने कहा कि जिस दिन से इस न्यास का गठन हुआ है मैं इससे जुड़ा हुआ हूँ और हर बार में एक बात जरूर कहता हूँ कि कोई भी कार्य एक बार कर लेना अति सरल होता है, दूसरी बार थोड़ा कठिन होता है और तीसरी बार और भी कठिन होता है। लेकिन उसे बार-बार करना काफी कठिन होता है। आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के समर्पण से अब तक 29 कैंप लगाए जा चुके हैं जो कि अपने आप में बहुत बड़ी बात है। यह एक दिन की मेहनत नहीं है बल्कि इसमें कई सालों की मेहनत लगती है। लगातार इतने कैंप लगाने के लिए डॉ. राकेश मिश्रजी प्रंशसा के पात्र हैं। जो अलग-अलग प्रकार के कैंप लगाकर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मैहर के पूर्व संघचालक मा. सोहन लाल ताम्रकार ने कहा कि जीवन में मोक्ष की प्राप्ति हर व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य होता है। और

मोक्ष की प्राप्ति सेवा से होती है। भगवान राम यदि राजसिंहासन लेकर सेवा न करते, तो भगवान न कहलाते बल्कि अपने पूर्वजों की तरह राजा ही कहलाते। भगवान कृष्ण ने सेवा की इसीलिए भगवान कहलाए। इस तरह से डॉ. राकेश मिश्र सेवा कार्य कर अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। हम सब लोग उनसे प्रेरणा लेकर समाज सेवा कर सकते हैं।

श्री अनुराग सिंह परिहार गुड्डा (मंडल अध्यक्ष भाजपा उचेहरा), श्री गुलाब चंद्र पाल (जनपद उपाध्यक्ष उचेहरा), श्री पुष्पेंद्र ताम्रकार (जिला कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मैहर), सोमचंद्र ताम्रकार, उदेश ताम्रकार, श्रीमती सुनीता बेलदास (पार्षद उचेहरा), डॉ. ए.के. राय (बीएमओ), श्री कृष्ण गोपालजी, श्री भरतलाल मिश्र (ताला) सहित बड़ी संख्या में उचेहरा के महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

सेवा न्यास के उचेहरा शिविर में 54 गाँव के 372 मरीजों की जाँचे व उपचार संपन्न हुआ। बुधवार को उचेहरा क्षेत्र के 54 गाँव के मरीज शिविर में स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुँचे। आँख के 217 मरीज और कान के 155 मरीजों के साथ कुल 372 लोगों की जाँचें की गई। 160 मरीजों को दवा वितरित की गई, 96 चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा कान की मशीनें 75 और कान की दवाई 80 लोगों को प्रदान की गई। चित्रकूट में आँख के आपरेशन हेतु 17 मरीजों को ले जाया गया।

31 जनवरी की पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 30वाँ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर :

कुल गाँवों की संख्या 54, आँख : 217, कान : 155, कुल जाँचें : 372, दवाइयाँ वितरण : 160, चश्मे : 96, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 17, कान की मशीनें वितरित : 75, कान की दवाई : 80।




*30वें स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार, श्री सोहन लालजी, श्री सोमचंद्रजी, श्री अनुराग सिंह परिहार, श्री गुलाब चंद्र पाजी, पुष्पेंद्रजी एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*




मरीजों का परीक्षण करते डॉ. एवं उपस्थित गणमान्य नागरिक




कान एवं आँख की जाँच करते चिकित्सक श्री योगेश ताम्रकार (महापौर) कान की जाँच कराते हुए एवं साथ में अुनराग सिंह परिहार गुड्डा, श्री गुलाब चंद्र पालजी

# कार्यक्रम : 31वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, मैहर

**दिनांक : 01 फरवरी, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मैहर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा आयोजित 14 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर शृंखला में गुरुवार को 31वाँ स्वास्थ्य शिविर मैहर में आयोजित हुआ।

शिविर के उद्घाटन समारोह में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि न्यास का उद्देश्य यही है कि दिल्ली के स्पेशल डॉक्टर के ट्रीटमेंट का लाभ स्थानीय लोगों को मिले। हम हर जरूरतमंद को ज्यादा से ज्यादा चिकित्सा लाभ दिलाएँ और हम इसमें सफल भी हो रहे हैं। किसानों को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जाए? इसके लिए उन्हें सब्जियों के बीज भी निःशुल्क वितरित कर रहे हैं। माँ अन्नपूर्णा माता का चित्र दिया जाता है ताकि लोग अन्न की बर्बादी ना करें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रीय दृष्टिबाधा निदान कार्यक्रम चलाती है जिसमें हर अस्पताल में चश्मा और दवाई आदि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही बहरेपन का निदान कार्यक्रम भी चलाया जाता है जिसमें कान की मशीन दी जाती है जिसकी गुणवत्ता सुधारने की जरूरत है। आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा बेहतर मशीन यहाँ शिविर में दी जा रही हैं। सेवा न्यास कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और वह समर्पण के साथ शिविर को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से तंबाकू छोड़ने, धूम्रपान छोड़ने और नशे से दूर रहने की अपील की।

उद्घाटन के मौके पर मैहर के लोकप्रिय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सेवा भावना का साकार रूप है। हम घर में बैठकर कभी कोई सेवा नहीं कर सकते। हमें इसके लिए सामाजिक संबंध स्थापित करने होते हैं और बड़े पैमाने पर इसकी रूपरेखा बनानी पड़ती है, तब यह काम संभव हो पाता है। स्वास्थ्य सेवा के साथ पर्यावरण, खेल आदि के लिए न्यास कार्य करता है जो कि बहुत अच्छी बात है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. पंकज सिंह परिहार ने कहा कि आज के दौर में दीन दुखियों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और डॉ. राकेश मिश्र यह सेवा पूरे मन से कर रहे हैं। दुखियों की सेवा का निस्वार्थ भाव जैसा डॉ. मिश्र में दिखता है ऐसा

बहुत ही कम लोगों में देखा जाता है। सतना जिले में 14 स्थानों पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जो कि बहुत बड़ी बात है। शिविर में जिस तरीके की भीड़ उमड़ रही है उससे लगता है कि उनका प्रयास सार्थक हो रहा है। अपने करीबी लोगों को इन शिविर की जानकारी देकर हम भी सेवा में सहभागी बन सकते हैं। लोग निरोगी बनें इसके लिए वह लगातार सार्थक प्रयास कर रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती जयंती महेश तिवारी ने कहा कि आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माध्यम से डॉ. राकेश मिश्र कैंसर जैसे घातक रोगों के शिविर भी लगा रहे हैं। लोगों को इस बीमारी का पता चल पा रहा है और समय से उनका इलाज हो रहा है जो कि बड़ा पुण्य का कार्य है। आजकल घर के लोग ही घर के लोगों का इलाज नहीं करा पाते हैं क्योंकि इसके लिए उनके पास पैसा नहीं होता है।

श्रीकांत चतुर्वेदीजी (विधायक मैहर), लोकसभा संयोजक श्री चंद्रशेखर रघुवंशी जी, श्रीमती जयंती तिवारीजी (जिला पंचायत सदस्य), श्री महेश तिवारीजी (जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा), श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहारजी (जिला पंचायत उपाध्यक्ष), श्री राम कृपाल पटेलजी (पूर्व सदस्य, विंध्य विकास प्राधिकरण, रीवा), श्री बम बम महाराजजी, श्री देवेंद्र पांडेयजी (वरिष्ठ समाजसेवी), श्री विकास तिवारीजी (मंडल अध्यक्ष मैहर), डॉ. पंकज सिंह परिहारजी, श्री जुगुल किशोर अग्रवालजी, श्री राजा पांडेयजी, श्री दिलीप सिंह बघेल, दिलीप त्रिपाठी (अध्यक्ष बार काउंसिल), शिवशंकर पुरी गोस्वामी, राजकुमार गौतम, सीमा पटेल (वन बंधु परिषद) राज किशोर गुप्ता (पार्षद) राम सिंह तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीमती उमा तिवारी, प्रदीप पाठक, सत्यम सिंह बुंदेला (महामंत्री अमदरा मंडल) डॉ. आशीष शर्मा, रमण प्रसाद गर्ग, राम खेलावन पांडेय, महेश कुमार त्रिपाठी, सुमित कुमार बालमीकि सहित बड़ी संख्या में मैहर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा न्यास द्वारा आयोजित शिविर में 73 गाँवों के मरीज शामिल हुए जिनमें आँख के 299, कान के 138 मरीज रहे। इस प्रकार कुल 437 मरीजों की जाँच की गई। 170 मरीजों को दवा वितरित की गई और 93 चश्मे बाँटे गए और 97 मरीजों को कान की मशीनें दी गई। आपरेशन के लिए 56 लोगों को चित्रकूट भेजा गया।

कुल गाँवों की संख्या 73, आँख : 299, कान : 138, कुल जाँचें : 437, दवाइयाँ वितरण : 170, चश्मे : 93, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 56, कान की मशीनें वितरित : 97






स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्रीकांत चतुर्वेदी (विधायक मैहर), श्री रामकृपाल पटेल, श्री देवेंद्र पांडेय, श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार (उपाध्यक्ष जिला पंचायत, सतना)




कान की जाँच कराते डॉ. पंकज सिंह परिहार, श्री जयंती महेश तिवारी, श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार




शिविर में जाँच करते चिकित्सक व उपस्थित मरीजों को कपडे का थैला व सब्जियों के बीज देते हुए

# कार्यक्रम : 32वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, अमदरा

**दिनांक : 02 फरवरी, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमदरा, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 32वें स्वास्थ्य शिविर शृंखला के अंतर्गत अमदरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन संबोधन में कहा कि आजकल ज्यादातर लोगों को आँख और कान की परेशानी है ऐसे में शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का निदान हो रहा है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को सभी का सहयोग भी मिल रहा है जिससे इस प्रकार के आयोजन में हम सफल हो रहे हैं। न्यास का उद्देश्य यही है कि विशेषज्ञ डॉक्टर का लाभ स्थानीय जनता को मिले इसलिए आज वह सब के बीच हैं क्योंकि सबके लिए दिल्ली या ऐसे संस्थानों में पहुँच पाना संभव नहीं है। दूरदराज के गाँव से आ रहे लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने कहा कि किसी बड़ी बीमारी में बड़े शहर या दिल्ली जाना पड़े तो उसे भरोसा होता है कि उसे मदद जरूर मिलेगी क्योंकि अपने डॉ. राकेश मिश्रजी तो यहाँ हैं। मैराथन दौड़ कराना, लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक बनाना, स्वच्छ भारत अभियान चलाना सारे काम पूरी शिद्दत से डॉ. राकेश मिश्र करते हैं। हम जैसी परिकल्पना करते हैं उससे भी कहीं बढ़कर डॉ. मिश्र जनसेवा करते हैं।

जिला कार्य समिति सदस्य महेश तिवारी ने कहा कि महाकौशल के साथ पूरे सतना क्षेत्र को डॉ. मिश्र का सामाजिक सहयोग मिलता है और वे समाजसेवा के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं।

इस अवसर पर न्यास कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ सुनील दुबे, मुरलीधर गुप्ता, मदन कोल, इंद्रपाल सिंह, मनीष दुबे, अजय दुबे, रामनिवास पटेल, पीयूष पांडे बहादुर सिंह, राजेश सिंह, रामेश्वर पटेल, रमेश परौहा प्रभात पांडे, शिवकुमार शुक्ला, दिलीप सिंह, प्रहलाद सिंह, सूरज प्रसाद दुबे और जिला पंचायत सदस्य श्री राजेश परौहा मौजूद रहे।

शिविर में 68 गाँवों के मरीज शामिल हुए जिनमें आँख के 256, कान के 145

मरीज रहे। इस प्रकार कुल 401 मरीजों की जाँचें की गई। 174 मरीजों को दवा वितरित की गई और 82 चश्मे बाँटे गए और 56 मरीजों को कान की मशीनें दी गई। आपरेशन के लिए 18 लोगों को चित्रकूट भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बघेलान में शिविर लगेगा।

कुल गाँवों की संख्या 68, आँख : 256, कान : 145, कुल जाँचें : 401, दवाइयाँ वितरण : 174, चश्मे : 82, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 18, कान की मशीनें वितरित : 56






*स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*






*शिविर में जाँच करते चिकित्सक एवं उपस्थित मरीज*

# कार्यक्रम : 33वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, रामपुर बघेलान

दिनांक : 03 फरवरी, 2024 ( शनिवार )

कार्यक्रम स्थल : सिविल अस्पताल, रामपुर बघेलान, सतना ( म.प्र. )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 33वाँ स्वास्थ्य शिविर शनिवार को रामपुर बाघेलान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया जिसका लोगों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर लाभ लिया।

शिविर के उद्घाटन संबोधन में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि इस मिट्टी से मेरा पुराना संबंध है। यह मुझे प्रेरणा देती है। छात्र जीवन से ही मैं इस मिट्टी से जुड़ा रहा। विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहने के बाद मुझे इस क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा मिली। सेवा न्यास के माध्यम से मैं जनसेवा से जुड़ा हूँ और मुझे लोगों का भरपूर जनसमर्थन भी मिल रहा है। 14 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर शृंखला के तहत जरूरतमंदों को कान की मशीन उपलब्ध की जा रही है उन्हें चश्मा प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा जिनके ऑपरेशन की जरूरत है उन्हें सद्गुरु सेवा ट्रस्ट की बस के द्वारा चित्रकूट भी भेजा जा रहा है।

शिविर में आ रहे सभी मरीजों को कपड़े के थैले बाँटे जाते हैं ताकि पर्यावरण को स्वस्थ रखा जा सके। माता अन्नपूर्णा का चित्र देकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है कि वे अन्न जल की बचत करें और भोजन बर्बाद ना करें। सब्जी के बीज बाँटकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जाता है।

उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कैंसर रोग, किडनी की बीमारी, बच्चों के हृदय में छेद आदि बीमारियों से यदि कोई ग्रसित है ऐसे में उसे सिर्फ दिल्ली आने की देर है। न्यास कार्यकर्ताओं के सहयोग से उन्हें ऐसे अस्पतालों तक पहुँचाया जाता है जिसमें आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज होता है। सेवा न्यास और दिल्ली के डॉक्टरों के टीम के तालमेल से मरीज को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सेवा न्यास के दरवाजे हमेशा समाजसेवा के लिए खुले हैं और सतना क्षेत्र से जो भी मरीज जाते हैं उनको पूरा सहयोग किया जाता है।

ऐसे शिविर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का भरपूर सहयोग करते हैं। सतना जिला पंचायत उपाध्यक्षा सुष्मिता सिंह परिहार अभी सतना में बड़े पैमाने पर कैंसर का शिविर आयोजित किया गया और इस प्रकार के शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं जो कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की

जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अलग-अलग रोगों का निदान शिविर के माध्यम से हो रहा है। अगर कोई आर्थिक रूप से कमजोर हो ऐसे में उसे इलाज में बेहद परेशानी होती है लेकिन ऐसे शिविर उनका भरपूर सहयोग करते हैं। नेत्र और कान की जाँच के लिए लगाए जा रहे शिविर का लाभ लेने वाले कई बुजुर्ग ऐसे हैं जिन्होंने राकेश मिश्र का धन्यवाद किया है। इस अभियान में सभी लोग अन्य लोगों तक इसकी जानकारी पहुँचाकर जन भागीदारी कर सकते हैं।

उच्च पदों पर रहने के बाद भी डॉ. राकेश मिश्रजी असहाय, गरीबों के प्रति संवेदना बड़ी बात है। पूर्व विधायक रामपुर बघेलान श्री प्रभाकर सिंह ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के जनसेवा के प्रति समर्पण को मैंने देखा है। मैंने डॉ. राकेश मिश्रजी को छात्र जीवन से देखा है उन्होंने खूब संघर्ष किया है। कई उच्च पदों पर रहने के बाद भी तमाम निरीह, असहाय, गरीबों के प्रति संवेदना बहुत बड़ी बात है। तुलसीदासजी ने लिखा है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई। जो दूसरे का दर्द समझे वही इंसान है। रामपुर में शिविर लगाकर आपने बड़ा काम किया है।

शनिवार को शिविर में कई गणमान्य नागरिकों के नाम शामिल हैं जिनमें रमाकांत पयासी (जिला पंचायत सदस्य), विद्याधर तिवारी (विधायक प्रतिनिधि), कमलेश कचेर नगर पंचायत अध्यक्ष, मोहम्मद इशाक खान, दिलीप सोनी, विष्णुधर भट्ट, डॉ. शंकुल द्विवेदी, लच्छू कोल अध्यक्ष कोल समाज, विवेक त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, माणिकलाल सोनी, बद्री ताम्रकार प्रमुख रहे।

"शनिवार को 96 गाँव के मरीज शिविर में पहुँचे; जहाँ आँख के 435, कान के 207 मरीजों के साथ कुल 642 मरीजों की जाँचें हुईं। इनमें दवा पाने वाले लोगों की संख्या 210 रही साथ ही 103 लोगों को चश्मे वितरित किए गए।"

चित्रकूट आपरेशन हेतु 68 लोगों को भेजा गया। कान की मशीन 69 लोगों को वितरित की गईं।

कुल गाँवों की संख्या 96, आँख : 435, कान : 207, कुल जाँचें : 642, दवाइयाँ वितरण : 210, चश्मे : 103, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 68, कान की मशीनें वितरित : 69



*दीप प्रज्ज्वलन करते, श्री प्रभाकर सिंह (पूर्व विधायक), श्री विद्याधर तिवारी (विधायक प्रतिनिधि)*




*स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,*
*श्री रमाकांत पयासी (सभापति जिला पंचायत समिति)*




*शिविर में जाँच करते चिकित्सक एवं मरीज तथा श्रीमती मधु बाल्मीकि*

# कार्यक्रम : 34वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, रामनगर

**दिनांक : 04 फरवरी, 2024 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामनगर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 34वाँ स्वास्थ्य शिविर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर-जिला मैहर में आयोजित किया गया जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर अपनी आँखों और कान की जाँच कराई।

उद्घाटन संबोधन में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि हम जब क्षेत्र का दौरा करते हैं तो लोग कहते हैं कि आप सतना में, प्रयागराज में, छतरपुर में कई जगह कैंप लगाते हैं लेकिन हमारे क्षेत्र में नहीं। ऐसे में हमने सतना जिले के हर कस्बे में कैंप लगाने का निर्णय लिया और सफलतापूर्वक लोग उसमें स्वास्थ्य लाभ भी ले रहे हैं। आज सतना एवं मैहर जिले से लोग शिविर का लाभ उठा रहे हैं जिनमें 90 साल तक के बुजुर्ग शामिल होते हैं।

हमने क्षेत्र के तमाम गाँव में जाकर देखा है कि यहाँ पर बच्चे, महिलाएँ और पुरुष बीड़ी बनाने का काम करते हैं और जिससे वह इसके आदी हो जाते हैं। सतना के कैंप में कई महिलाओं को कैंसर का पता चला है। शिविर के माध्यम से हम यह कोशिश करते हैं कि लोगों को कैंसर जैसी घातक बीमारी होने के पहले ही पता चल सके कि लोग इसके शिकार तो नहीं हो रहे। आजकल ज्यादातर औलादें अपने बूढ़े माँ-बाप की सेवा नहीं करतीं ऐसे में न्यास ने उनकी सेवा का भार उठाया है।

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से घातक बीमारियों के इलाज के लिए उनको दिल्ली के प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराने में सहयोग कर रहे हैं। आज हम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीज बाँट रहे हैं। माता अन्नपूर्णा का चित्र देकर हम अन्न की बर्बादी रोकने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। बीड़ी, तंबाकू और नशेबाजी से बचने का संकल्प दिला रहे हैं। स्व सहायता समूह को प्रेरित कर रहे हैं कि वह बुफे जैसे भोजन समारोह में अन्न की बर्बादी रोकें और खुद ही परोसकर खिलाएँ।

प्रधानमंत्री मोदी भी इस प्रकार के अभियान चलाने को लेकर बात कह चुके हैं। सोमवार को अमरपाटन में भी कैंप लगेगा जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। न्यास समाजसेवा के कई कार्य करता है चाहे वह पर्यावरण को समृद्ध बनाने के लिए पौधे लगाने की बात हो या इसे स्वच्छ रखने के लिए पॉलिथीन त्यागने की बात हो। सेवा न्यास सेवा करने के लिए ही संकल्पबद्ध है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रामखिलावन कोल ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा लगाए जा रहे ऐसे शिविर सतना जिले की जनता को ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं और सतना क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि डॉ. मिश्राजी ऐसे ही क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहे और हर पीढ़ी के लोगों का इसका लाभ मिलता रहे। ईश्वर उन्हें शतायु प्रदान करें।

श्री शिवाकांत त्रिपाठीजी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जनकल्याण की भावना में लगातार लगे हुए हैं। शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सेवाएँ दे रहे डॉ. राकेश मिश्र को विधयक नागेंद्र सिंहजी पहले ही ऋषिपुरुष की संज्ञा दे चुके हैं। अगर उन्हें आज के श्रवण कुमार कहा जाए तो सही होगा। आप इतने लोगों तक सेवा पहुँचा रहे हैं कि सभी को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं।

## डॉ. राकेश मिश्र की सेवा भावना हमारे लिए प्रेरणास्पद : श्रीमती तारा विजय पटेल

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विभाग सभापति तारा पटेल ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र का आभार व्यक्त करती हूँ, जिसने दीन दुखियों, गरीबों, असहायों की सेवा का बीड़ा उठाया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। सतना जिले के हर ब्लॉक तक आप सेवा पहुँचा रहे हैं जिसका सभी को लाभ मिल रहा है। आपका यह काम हर लिहाज से अच्छा और प्रेरणादायक है। जो भी नेत्र और कान की समस्या से पीड़ित है उनकी हर समस्या का निदान यहाँ हो पा रहा है। उनको कान की मशीन और चश्मे भी वितरित किए जा रहे हैं। गरीब, दीन-दुखियों की सेवा की जाए तो समझो भगवान की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल हरेक व्यक्ति को अपने गाँव और अपने करीबी लोगों को बता देना चाहिए कि इस प्रकार का कैंप चल रहा है जिसका सभी को लाभ मिले।

मैं सभी भाइयों और बहिनों से भी अनुरोध करती हूँ कि नशेबाजी से दूर रहें। आज महिलाएँ भी बड़ी संख्या में गुटका, पान आदि का सेवन करती हैं। यह चीज नुकसान करने वाली है इससे कोई मान या सम्मान नहीं मिलता। यह आपके शरीर को खोखला करता है। आज इस शिविर में सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम नशा नहीं करेंगे। अगर नशा करना हो तो देश मजबूत बनाने का हो, प्रदेश को मजबूत बनाने का हो, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का हो, उन्हें पढ़ा-लिखाकर डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर बनाने का होना चाहिए। नशा अपने माता-पिता की सेवा करने का होना चाहिए।

कार्यक्रम में जिले के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिनमें सूरज गुप्ता, डॉ.

विनय रवि, शिवानंद त्रिपाठी, जयप्रकाश गुप्ता, डॉ. शारदा कुशवाहा, जाह्नवी प्रसाद तिवारी, घनश्याम मिश्रा, संजय कुमार रजक, मनोज गुप्ता, हीरू चतुर्वेदी, शारदा द्विवेदी, यदुवंश चतुर्वेदी, जयप्रकाश द्विवेदी, अरूण पयासीजी, श्री बसंतलाल चौरसियाजी, श्री शालिग्राम पयासी, प्रवीण भट्टाचार्य, श्रीमती सरला निगम, बिन्नू पटेल के आदि शामिल रहे।

32 गाँवों के मरीज शिविर में पहुँचे। जहाँ आँख के 141, कान के 75 मरीजों के साथ कुल 216 मरीजों की जाँचें हुईं। इनमें दवा पाने वाले लोगों की संख्या 92 रही साथ ही 29 लोगों को चश्मे प्रदान किया गया। चित्रकूट आपरेशन हेतु 26 लोगों को भेजा गया। कान की मशीनें 39 लोगों को वितरित की गईं।

4 फरवरी, 2024 (रविवार), पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 34वाँ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर रामनगर जिला-मैहर की रिपोर्ट :

कुल गाँवों की संख्या 32, आँख परीक्षण : 141, कान परीक्षण : 75, कुल जाँचें : 216, दवाइयाँ वितरण : 92, चश्मे : 29, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 26 चयनित, कान की मशीनें वितरित : 39




*स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखिलावन कोल, श्री विजय पटेल, श्री शिवानंद त्रिपाठी एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*




*शिविर में कान की जाँच कराते जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखिलावन कोल*

# कार्यक्रम : 35वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, अमरपाटन

**दिनांक : 05 फरवरी, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सिविल अस्पताल, अमरपाटन, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 35वाँ स्वास्थ्य शिविर अमरपाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने शिविर उद्घाटन के मौके पर कहा कि न्यास का सार्थक उद्देश्य यही है कि दिल्ली और भोपाल के डॉक्टरों का लाभ क्षेत्र की जनता को कैसे मिले और इसीलिए बड़ी पैमाने पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहे हैं जिनका लाभ स्थानीय जनता को मिल रहा है। अभी तक 553 गाँव के लोग लाभ उठा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने माता-पिता की इज्जत करना सीख ली, जिन्होंने अपने बुजुर्गों का सम्मान करना सीख लिया उन्हीं का स्थान ऊँचा है। पौधारोपण के माध्यम से वातावरण को हरा भरा रखा जाता है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से घातक बीमारियों के इलाज के लिए उनको दिल्ली के प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराने में सहयोग कर रहे हैं। जो भी मरीज शिविर में शामिल होते हैं हम उनको कपड़े का थैला उपहार में देते हैं। आज हम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सब्जियों के बीज बाँट रहे हैं। जिसमें माता अन्नपूर्णा का चित्र भी होता है। "उतना ही लें थाली में व्यर्थ न जाए नाली में" का संकल्प दिलाकर बुफे जैसे भोजन समारोह में अन्न की बर्बादी रोकने का अभियान चलाते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति सहकारिता एवं उद्योग समिति रमाकांत पयासी ने कहा कि मैं डॉ. राकेश मिश्रजी की समाजसेवा से प्रभावित होकर दूसरी बार उनके शिविर में शामिल हुआ हूँ। न केवल मैं बल्कि और लोग भी उनकी समाजसेवा के कायल हैं। इनके शिविर केवल यहाँ नहीं बल्कि पूरे जिले में लग रहे हैं और हजारों लोगों को हर प्रकार की जाँच का लाभ मिल रहा है। न्यास के माध्यम से आप ऐसे बुजुर्गों की आँख-कान की जाँच करा रहे हैं जो कई कारणों से अपना परीक्षण नहीं करा पाते या जिनका कोई सहयोगी नहीं होता। आप साधुवाद के पात्र हैं कि आप सतना का ख्याल रख रहे हैं। समय आने पर सतना भी आपका ख्याल रखेगा। आप अपनी उन्नत भावनाओं के साथ आगे बढ़ते रहें ऐसी शुभकामना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रामखिलावन कोल ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास जनता की सेवा में लगा है और हमारा भी प्रयास होना चाहिए कि हम उनके उद्देश्य में भागीदार बनें। हम सभी के लिए निश्चित ही यह बहुत बड़ा कार्य है जिसमें समाज की

जरूरतमंदों की शिविर के माध्यम से मदद की जाती है। जो कान की मशीन नहीं खरीद पाते, जो चश्मा नहीं खरीद पाते उनको निःशुल्क मिल रहा है यह बड़ी बात है।

न्यास के संकल्प के साथ हम सभी को कम से कम एक पौधा अपने जन्मदिन पर जरूर लगाना चाहिए। एक पौधा जब पेड़ बनता है तो वह एक दिन में 230 लोगों के लिए ऑक्सीजन देता है। न्यास के साथ हम नशा छोड़ने का भी संकल्प लें ताकि समाज को स्वस्थ बनाया जा सके।

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विभाग सभापति श्रीमती तारा पटेल ने कहा कि न्यास नर को नारायण मानकर सेवा कर रही है यह बहुत अच्छी बात है। भगवान भी यही कहते हैं कि नर की सेवा करो बस यही मेरी सेवा है। दीन-दुखियों, गरीबों की सेवा कर आप यही कर रहे हैं। अमरपाटन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शुक्ला ने कहा कि सेवा न्यास का प्रयास इतना बड़ा है कि सभी को इसका लाभ मिल रहा है।सबसे बड़ा धर्म मानव सेवा है और डॉ. राकेश मिश्र यह सेवा बखूबी कर रहे हैं।

शिविर उद्घाटन के मौके पर विशिष्ट अतिथियों के साथ विजय पटेल, दिनेश शुक्ला (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष), श्रीमती माया विनीत पांडेय जनपद अध्यक्ष, हरीश कांत त्रिपाठी (सदस्य जिला पंचायत व जिला मंत्री भाजपा), मनीष चतुर्वेदी मंडल महामंत्री, राकेश ताम्रकार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, धीरेन्द्र द्विवेदी (मंडल अध्यक्ष अमरपाटन), शिवानन्द त्रिपाठी, पीयूष त्रिपाठी, योगेश शर्मा की उपस्थिति रही।

जिसमें 58 गाँवों के मरीज शिविर में पहुँचे, जहाँ आँख के 275, कान के 163 मरीजों के साथ कुल 438 मरीजों की जाँचें हुईं। इनमें 193 लोगों को चश्मे प्रदान किया गया। चित्रकूट आपरेशन हेतु 29 लोगों को भेजा गया। कान की मशीन 54 लोगों को वितरित की गईं।

कुल गाँवों की संख्या 58, आँख परीक्षण : 275, कान परीक्षण : 163, कुल जाँचें : 438, दवाइयाँ वितरण : 193, चश्मे : 143, चित्रकूट आपरेशन हेतु चयनित : 29, कान की मशीनें वितरित : 54




*शिविर में जाँच करते चिकित्सक एवं उपस्थित मरीज व उनके सहयोगीजन*

## कार्यक्रम : 36वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, सिंहपुर

**दिनांक : 06 फरवरी, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिंहपुर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 36वाँ स्वास्थ्य शिविर सिंहपुर स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया जिसमें मरीजों ने आँखों और कान की जाँच कराई।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने शिविर उद्घाटन के मौके पर कहा कि यह न्यास उस कर्मयोगी पुरुष का जीवंत दस्तावेज है जिसने 1948 में जब महात्मा गांधी की हत्या हुई थी तभी से सेवा का अभियान शुरू कर दिया था और आज उसी के नाम पर यह न्यास संचालित है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए मैराथन, सतना को हरा भरा बनाने के लिए ग्रीन एंबुलेंस का संचालन और शादी की सालगिरह, जन्मदिन और अपने माता-पिता की याद में पौधे लगाने का जागरूकता अभियान चलाया जाता है। पेड़ ऑक्सीजन देने से लेकर अंत समय तक साथ निभाता है। प्लास्टिक को वातावरण के लिए घातक बताते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से धरती की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है, वहाँ कुछ भी पैदावार नहीं होती। लोग अज्ञानी बनकर फिर भी इसका उपयोग कर रहे हैं। न्यास ऐसे में कपड़ों के थैले के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। घरों में रोजाना की पोषक सब्जी उगाने को इसके बीज बाँटे जाते हैं। आज के पंगत का सिस्टम खत्म हो चुका है और खड़े होकर भोजन की परंपरा चल पड़ी है। अन्न की बर्बादी हो रही है ऐसे में हमें उसकी बचत करनी चाहिए क्योंकि कहीं ऐसे ना हो कि हमें एक दिन भूखा रहना पड़ जाए।

आज मोदी सरकार में हर खेत तक पानी आ रहा है, बिजली आ रही है जिससे अच्छी पैदावार हो रही है लेकिन लोग अन्न की बर्बादी ना करें इसके लिए हम माता अन्नपूर्णा का चित्र देकर उनको पावन संकल्प अभियान से जोड़ते हैं। न्यास द्वारा नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जाता है ताकि लोग गुटखा, पान मसाला से मुक्त हों। अब हमें तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट मुक्त समाज का निर्माण करना ही चाहिए।

वरिष्ठ समाजसेवी विजयकांत पांडे ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र ने सेवा भाव का आजीवन व्रत लिया है और इसी के चलते पूरे सतना जिले में वह स्वास्थ्य शिविर आयोजित करा रहे हैं जो कि बड़े सौभाग्य की बात है।

शिविर के दौरान ग्रामीणों के अलावा श्री रामनारायण तिवारी, श्री राजेश शुक्लाजी (मंडल अध्यक्ष, सिंहपुर), श्री रामशिरोमणि कोरी (सरपंच, सिंहपुर), श्री सुरेश प्रसाद उरमलिया (पूर्व मंडल महामंत्री), श्री विष्णुनारायण पांडेय, श्री संजय पांडेय (उपसरपंच

सिंहपुर), श्री शैलेंद्र सिंह (सरपंच, बेलगामा), श्री रवि गर्ग (जनपद सदस्य प्रतिनिधि), श्री विक्रम सिंह, श्री प्रकाश पॉल, श्री कमलेश उर्मलियाजी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति रही।

कुल गाँवों की संख्या 61, आँख परीक्षण : 248, कान परीक्षण : 153, कुल जाँचें : 403, दवाइयाँ वितरण : 129, चश्मे : 36, चित्रकूट आपरेशन हेतु चयनित : 14, कान की मशीनें वितरित : 51





*स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री विष्णुनारायण पांडेजी एवं विशिष्ट जन*





*शिविर में जाँच करते चिकित्सक एवं मरीजों को हालचाल लेते डॉ. राकेश मिश्र*

# कार्यक्रम : 37वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, बिरसिंहपुर

**दिनांक : 07 फरवरी, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिरसिंहपुर, सतना ( म.प्र. )**

जनसेवा के लिए समर्पित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का 37वाँ स्वास्थ्य शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसिंहपुर आयोजित किया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने शिविर उद्घाटन के मौके पर कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान हमने देखा कि ज्यादातर पुरुष, बच्चे, यहाँ तक की महिलाएँ बड़ी संख्या में गुटका, तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। क्षेत्र में बीड़ी बनाने का काम बड़े पैमाने पर होता है। इन महिलाओं के बच्चे भी इसी बीच खेल-खेल में ही तंबाकू खाने के आदी हो जाते हैं जिससे बड़ी संख्या में लोग कैंसर के शिकार बन रहे हैं और इसीलिए सतना कैंप में 1608 मरीजों के स्वास्थ्य की जाँच की गई।

इसी बीच हमने लोगों की खास तौर पर बुजुर्गों की आँख और कान की परेशानियों को देखा और इसीलिए हमने नेत्र और कान की जाँच के लिए शिविर आयोजन का संकल्प लिया गया, जिनमें लोगों को लाभ मिल रहा है। दिल्ली के डॉक्टरों की टीम द्वारा कान के डॉक्टरों की जरूरत के मुताबिक कान की मशीन और सद्गुरु सेवा संघ के डॉक्टरों द्वारा आँखों की जाँच के बाद उनको चश्मा प्रदान किया जाता है और दवा भी वितरित की जाती है।

सेवा न्यास का उद्देश्य यही है कि कैसे लोगों की सेवा की जाए। अगर इस बीच किसी को गंभीर बीमारी का पता चलता है तो उसको दिल्ली में इलाज के लिए भरपूर सहयोग किया जाता है। एबीवीपी व संघ से जुड़ने के बाद घर-घर जाकर संपर्क किया। जब लोगों की परेशानियों को देखा तो सेवा का भाव जागृत हुआ। दिल्ली में विशिष्ट लोगों से संपर्क हुआ और तब संकल्प लिया कि इन संबंधों का फायदा सतना की जनता को कैसे मिले और इसीलिए न्यास के माध्यम से सेवा कर रहा हूँ। दिल्ली के बालाजी एक्शन कैंसर हॉस्पिटल में मरीजों के 5 लाख तक के फ्री इलाज को हम प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. राकेश मिश्र ने गुटका, पान, तंबाकू छोड़ने का संकल्प लोगों को दिलाया। ताकि लोग नशे से मुक्त हों। उन्होंने कहा कि अपने दादा दादी को इस बुरी आदत छोड़ने को प्रेरित करें। कैंप का अधिक लोगों को लाभ मिले इसलिए दूसरों तक यह जानकारी जरूर पहुँचाएँ ताकि जो लाभ अब तक नहीं ले पाए हों वह आने वाले शिविरों में इसका लाभ उठाएँ।

कार्यक्रम अध्यक्ष और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री शंकर दयाल त्रिपाठी ने कहा कि आज की जीवनचर्या में सभी लोग परेशान रहते हैं। अपनी जरूरत और अपने कामकाज

में सभी व्यस्त रहते हैं इसलिए औरों के लिए समय नहीं दे पाते। लेकिन जनसेवा कर दूसरों को समय देते हैं। आपने अथक परिश्रम से एबीवीपी के कर्मठ कार्यकर्ता तैयार किए हैं। एक बार मैंने उनसे पूछा कि आप व्यस्त कार्यकाल के बीच जनसेवा के लिए समय कैसे निकालते हैं क्या आपको परेशानी नहीं होती? उन्होंने तब कहा था परेशानी तो होती है लेकिन इस सतना की धरती ने मुझे 'राकेश' से डॉ. राकेश बनाया है इसलिए इसका कर्ज लौटा तो सकूँ।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धनीराम प्रजापति ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य की बहुत समस्याएँ हैं लेकिन अपने स्तर पर डॉ. राकेश मिश्रा अच्छा प्रयास कर रहे हैं जिससे लोगों को सहयोग मिल रहा है।

सभी का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश समदरिया ने कहा कि डॉ. मिश्र ने यह जानकर आँखों और कान की जाँच का शिविर लगाया क्योंकि वह समझ गए थे कि क्षेत्र की यह बड़ी स्वास्थ्य समस्या है।

बिरसिंहपुर में 89 गाँव के मरीज शिविर में पहुँचे जहाँ आँख के 405, कान के 175 मरीजों के साथ कुल 580 मरीजों की जाँचें हुईं। 220 लोगों को दवा वितरित की गई। 96 लोगों को चश्मे प्रदान किया गया। चित्रकूट आपरेशन हेतु 16 लोगों को भेजा गया। कान की मशीन 73 लोगों को वितरित की गईं।

शिविर उद्घाटन के मौके पर श्री धनीराम प्रजापति (पूर्व : नगर परिषद अध्यक्ष), राजकिशोर गौतम (पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष), बाबूलाल तिवारी (पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका), राकेश सेन (पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका), डॉ. राजेश समदड़िया जी, प्यारे चौरसिया, कमलेश केशरवानी, महेंद्र माली (पार्षद), उत्तम त्रिपाठी, के.के. अग्रवाल, केदार कुशवाहा, गुलजारीलाल त्रिपाठी, रुद्र दत्त पांडे (पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष), शैलेश गर्ग, अशोक प्यासी (पप्पू), रमेश चंद्र तिवारी (पूर्व मंडल अध्यक्ष), डॉ. अरुण शर्मा मौजूद रहे।





*स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री धनीराम प्रजापति, श्री राकेश सेन, राजकिशोर गौतम एवं अन्य महानुभाव*

# कार्यक्रम : 38वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, जसो

**दिनांक : 08 फरवरी, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जसो, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के 14 दिवसीय शिविर शृंखला का 38वाँ स्वास्थ्य शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जसो में आयोजित किया गया।

भाजपा जसो मंडल अध्यक्ष धुन्नी राजा ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त कान की मशीनों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। आर्थिक अभाववश मरीज अपने बीमारी का इलाज करवाने में असमर्थ है। ऐसे मरीजों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। जसो में दूर दराज गाँव देहातों के मरीज शिविर में पहुँचे। जहाँ कान के मरीजों की जाँचें हुई व दवा वितरित की गई। नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों को चश्मे प्रदान किया गया। आपरेशन हेतु 44 मरीजो को चित्रकूट भेजा गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने शिविर उद्घाटन के मौके पर कहा कि आज के आधुनिक युग में बच्चे भी नेत्र एवं कान रोगों से पीड़ित है क्योंकि स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग युवा कर रहे हैं। यह घातक है।

इसी बीच हमने लोगों की खास तौर पर बुजुर्गों की आँख और कान की परेशानियों को देखा और इसीलिए हमने नेत्र और कान की जाँच के लिए शिविर आयोजन का संकल्प लिया गया, जिनमें लोगों को लाभ मिल रहा है।

दिल्ली के एल्पस इंटरनेशनल लि. डॉक्टरों की टीम द्वारा जरूरत के मुताबिक कान की मशीन और सद्गुरु सेवा संघ के डॉक्टरों द्वारा आँखों की जाँच के बाद उनको चश्मा प्रदान किया जाता है और दवा भी वितरित की जाती है।

सेवा न्यास का उद्देश्य यही है कि सतना जिले को प्लास्टिक मुक्त कैसे बनाया जाए इसलिए सेवा न्यास के द्वारा अब तक सतना जिले के नागरिकों को निःशुल्क कपड़े के थैले लाखों की संख्या में वितरण किया जा चुके हैं।

सतना में प्लास्टिक मुक्ति होने से हमारा पर्यावरण संतुलित होगा। जनता जनार्दन को सेवा न्यास कपड़ों के थैले का निःशुल्क बाँटकर बढ़ावा देता है जिससे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोग मिलता है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की भावना जनसेवा की है और निरंतर रहेगी। न्यास द्वारा माघ मेला शिविर भी संचालित हैं जिसका श्रद्धालु लाभ उठा सकते हैं।

श्री कृष्ण शरण सिंहजी (मंडल अध्यक्ष भाजपा), श्री पुरुषोत्तम सोनीजी (मंडल

महामंत्री भाजपा), श्री नंदीलाल कुशवाहाजी (ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भाजपा), श्रीमती नीशा कुशवाहाजी (सरपंच-जसो), श्री अनिरुद्ध शर्माजी (खंड कार्यवाह नागौद), श्री सतीश तिवारीजी (पंच), श्री सुशील शर्माजी, श्री गुड्डी कुशवाहाजी (जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा), श्री राजकुमार सिंह, संजू (किसान मोर्चा-मंडल अध्यक्ष जसो) सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।



*38वें स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते श्री कृष्ण शरण सिंहजी, डॉ. राकेश मिश्र एवं अन्य महानुभाव*




*मरीजों को कपड़े के थैले, घड़ी एवं सब्जियों के बीज देते हुए*

# कार्यक्रम : 39वाँ निःशुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, परसमनिया

**दिनांक : 09 फरवरी, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, परसमनिया, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा 39वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर परस्मानिया पठार में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के पूर्वमंत्री, पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया रहे। मुख्य अतिथि डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि परोपकार से बड़ा कोई कार्य नहीं है और भारत के महापुरुषों ने इसे ही अपने जीवन का ध्येय बनाया है। डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में कई दशकों से निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। अत: उनके जीवन में भी परोपकार का साकार रूप दिखता है।

उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जैसे समाजसेवी अगर देश में दो-चार और हो जाएँ तो सामाजिक उत्थान में और गति आएगी। वैसे भी ऐसा कहा गया है कि हर पुत्र का यह पहला कर्तव्य होता है कि वह अपने माता-पिता के सपनों को साकार करे, वह उनके बताए गए मार्ग पर चले और डॉ. मिश्र ऐसा ही कर रहे हैं। उनमें अपने पिता और दादाजी दोनों के ही सपनों को साकार करने की शक्ति है और उनके बताए गए मार्ग पर चलते हुए वह जनसेवा के मार्ग पर चल भी रहे हैं।

39वाँ स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन के अवसर पर डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सेवा उनके जीवन का आधार है और ऐसा करके उन्हें खुशी मिलती है। माध्यम कोई भी हो बस सेवा ही हरेक व्यक्ति के जीवन का भी लक्ष्य होना चाहिए। न केवल जनसेवा बल्कि सामाजिक सुधार भी हरेक व्यक्ति की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीज और पशुओं के लिए तो एंबुलेंस हमारे देश में चलाई जाती है किंतु पर्यावरण संरक्षण हेतु वनस्पतियों के विकास की आवश्यकता है। पेड़ों की सुरक्षा करने और उनके जीवनदान के लिए सिर्फ सेवा न्यास के द्वारा ही ग्रीन एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है जो कि बेहद अलग कार्य है।

उन्होंने कहा कि सतना जिले में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 14 दिवसीय नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों से आर्थिक अभाव के कारण ऐसे मरीज जो बड़े शहरों में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है, उनको लाभ मिलता है।

डॉ. मिश्र ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैविक खेती के लिए किसान भाइयों को प्रोत्साहित करते हैं और किसानों की बेहतरी के लिए न्यास भी कार्य

करता है। सतना जिले में घूम-घूमकर हमने ऐसे बुजुर्ग जो आँख और कान से कमजोर हैं उनको देखा और उन्हीं के लिए यह शिविर आयोजित हो रहा है।

डॉ. राकेश मिश्र ने इस अवसर पर गुटखा, पान, तंबाकू छोड़ने का संकल्प लोगों को दिलाया। उन्होंने कहा कि कैंप का अधिक लोगों को लाभ मिले इसलिए दूसरों तक यह जानकारी जरूर पहुँचाएँ, ताकि जो लाभ अब तक ले पाए हों वह आने वाले शिविरों में इसका लाभ उठाएँ।

कार्यक्रम में श्री ईश्वरदीन यादव (पूर्व मंडल अध्यक्ष), श्री मुकेश यादव (मंडल अध्यक्ष), श्री हरिहर प्रसाद त्रिपाठी, श्री वंशगोपाल त्रिपाठी, श्री राजाराम तिवारी, श्री सुकवंतलाल विश्वकर्मा, श्री रोशनलाल विश्वकर्मा, श्री आशुतोष कोल, श्री मानदीन कुम्हार, श्री अनिल खरे, श्री अनूप मिश्रा की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम संयोजक ईश्वरदीन यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए सभी अतिथियों व क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया।

43 गाँव के मरीज शिविर में पहुँचे जहाँ आँख के 244, कान के 88 मरीजों के साथ कुल 332 मरीजों की जाँचें हुईं। 230 लोगों को दवा वितरित की गई। 48 लोगों को चश्मा प्रदान किया गया। चित्रकूट आपरेशन हेतु 42 लोगों को भेजा गया। कान की मशीनें 71 लोगों को वितरित की गईं।

कुल गाँवों की संख्या 43, आँख परीक्षण : 244, कान परीक्षण : 88, कुल जाँचें : 332, दवाइयाँ वितरण : 230, चश्मे : 48, चित्रकूट आपरेशन हेतु : 42 चयनित, कान की मशीनें वितरित : 71





*पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग आयोग म.प्र. के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*





*39वें स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रामकृष्ण कुसमरियाजी एवं मरीजों की जाँच करते चिकित्सक*

# कार्यक्रम : 40वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर, ताला

**दिनांक : 10 फरवरी, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ताला, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा 40वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री रामखिलावन पटेल, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरीशकांत त्रिपाठीजी (सभापति वन समिति जिला पंचायत), विशिष्ट अतिथि दिनेश शुक्ला (सांसद प्रतिनिधि), भाजपा ताला मंडल अध्यक्ष अखिलेश्वर सोनीजी, ताला सरपंच श्रीमती ज्योति शंकर प्रताप सिंह, डॉ. प्रभाकर सिंह, भरत लाल मिश्राजी रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता एवं सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दददाजी एवं माताजी श्रीमती शांति मिश्राजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर उद्घाटन के अवसर पर डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया। जब हम स्वस्थ रहेंगे, हमारे कान एवं नेत्र स्वस्थ रहेंगे तो हम अपना पारिवारिक जीवन सुख में व्यतीत होता हैं।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

ऐसा कहा गया है कि वृक्ष है तो जीवन है। हमें जन्म से लेकर अंतिम समय तक पेड़ों की आवश्यकता होती है।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि सतना एवं मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों पर स्थित सभी सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में 14 दिवसीय नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आज अंतिम दिन है।

इन शिविरों का प्रमुख उद्देश्य हमारे जिले के दूर दराज गाँव देहाती इलाकों में निवास करने वाले ऐसे नागरिक जो की आर्थिक अभाव के कारण बड़े शहरों में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है, ऐसे मरीजों का इलाज उनके गाँव में ही हो।

14 दिवसीय नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर की विशेषता यह रही कि इस शिविर में विश्व के जाने-माने डॉक्टरों की टीम व आधुनिकतम मशीनों के द्वारा

परीक्षण होता है। साथ ही ऐसे मरीजों को चिन्हित कर उन्हें जाँच के उपरांत श्रवण यंत्र नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि एशिया की सबसे बड़े नेत्र चिकित्सालय सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट के द्वारा नि:शुल्क दवा एवं चश्मा वितरण के साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रिजर्व बस द्वारा यहाँ से चित्रकूट ले जाकर ऑपरेशन के पश्चात पुन: गाँव तक भेजा जाता है।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि सतना एवं मैहर जिले के जनसंपर्क के दौरान हमने देखा कि ज्यादातर लोग प्लास्टिक की थैलियो का उपयोग करते हैं जबकि प्लास्टिक की थैलियाँ हमारे स्वास्थ्य एवं हमारे कृषि के लिए बहुत ज्यादा नुकसान होता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री रामखिलावन पटेल ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त मशीनों से नेत्र एवं कान परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत ताला में किया गया है ऐसे भव्य आयोजन के लिए सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत साधुवाद। भविष्य में भी इसी तरह के कैंपों का आयोजन होता रहे जिससे कि पीड़ित मानवता की सेवा इसी प्रकार से चलती रहे। मुझे कई बार सेवा न्यास की गतिविधियों व कार्यक्रमों में आने का अवसर मिला है। सभी कार्यक्रम बहुत ही व्यवस्थित गरिमामय होते हैं। सतना हाफ मैराथन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के प्रति में क्षेत्र की जनता जनार्दन की ओर से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री हरीशकांत त्रिपाठी ने कहा कि मरीजों की सेवा एवं उनका इलाज में सहयोग प्रदान करना बहुत ही पुनीत कार्य है। डॉ. राकेश मिश्रजी के द्वारा 40 मेडिकल कैंप लगाए गए हैं जिनसे गाँवों में निवास करने वाले हजारों नागरिकों को लाभ मिल रहा है।

हरीशकांत त्रिपाठी ने आगे कहा कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी सेवा के द्वारा सतना जिले की तस्वीर बदलने का कार्य कर रहे हैं।

शिविर में 22 गाँवों के 569 मरीजों की हुई जाँचें, 78 को चश्मे और 63 को कान की मशीनें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में अमरपाटन विधानसभा विस्तारक राकेश पांडे, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद प्रतिनिधि दिनेश शुक्ला, राम शंकर द्विवेदी (अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति) देवेंद्र त्रिपाठी (पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अमरपाटन) भरत

लाल मिश्रा (कार्यक्रम संयोजक एवं सांसद प्रतिनिधि), श्री हीरेंद्र द्विवेदी, (अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत अमरपाटन) डॉ. प्रभाकर सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताला, शिवानंद त्रिपाठी, नरेंद्र सिंह, मनीष चतुर्वेदी, अखिलेश्वर प्रसाद सोनी, महेश यादव, राजमती कुशवाहा, रामगोपाल कुशवाहा, कमलेश त्रिपाठी, वेद प्रकाश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या की मौजूदगी रही।




*मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*





*शिविर में मौजूद श्री रामखिलावन पटेल (पूर्व राज्य मंत्री),*
*श्री हरीशकांत त्रिपाठी (सदस्य, जिला पंचायत), श्री दिनेश शुक्ला, श्री भरत लाल मिश्रा, श्री शिवानंद त्रिपाठी एवं विशिष्ट जन जाँच करते चिकित्सक व उपस्थित मरीज*

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

द्वारा आयोजित

## कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर (दिनांक 28 जनवरी, 2024 से 10 फरवरी, 2024 तक)

| क्र. | दिनांक | स्थान | मुख्य अतिथि | अध्यक्ष | विशिष्ट अतिथि | | नेत्र (आँख) | | | | कान | | | कुल जाँचें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | गाँवों की संख्या | आँख मरीज | आँख मरीज चश्मा | दवाई | आँख मरीज आपरेशन हेतु | कान मरीज | कान की मशीन | दवाई | |
| 1 | 28.01.2024 | कोठी | श्रीमती प्रतिमा बागरीजी (राज्य मंत्री) | "डॉ. कृष्ण कुमार पांडेयजी, (जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. किसान मोर्चा)" | "श्री अनूप नारंगजी, अध्यक्ष, एल्पस इंटरनेशनल लि. श्री अमित पाठकजी, सद्गुरु सेवा संघ" | 83 | 276 | 136 | 193 | 38 | 131 | 63 | 76 | 407 |
| 2 | 29.01.2024 | मझगवां | सुरेंद्र सिंह गहरवारजी, विधायक (चित्रकूट विधानसभा) | "डॉ. राजेंद्र उपाध्याय (पूर्व मंडल अध्यक्ष)" | "श्री अभय प्रताप सिंह डॉ. रूपेश सोनी" | 35 | 278 | 64 | 153 | 14 | 212 | 109 | 109 | 490 |
| 3 | 30.01.2024 | नागौद | "श्री नागेंद्र सिंहजी, विधायक (नागौद विधानसभा)" | "श्री रमाशंकर शुक्लाजी (जिला कार्य समिति सदस्य)" | "श्री चंदन अग्रवाल श्री पुलकित टंडन श्री आयुष सोनी श्री उदयप्रताप सिंह (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष)" | 112 | 330 | 42 | 170 | 40 | 266 | 52 | 128 | 596 |
| 4 | 31.01.2024 | उचेहरा | "श्री योगेग कुमार ताम्रकारजी, (महापौर सतना)" | "श्री सोहनलाला ताम्रकारजी, (पूर्व जिला संघचालक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जिला मैहर)" | "श्री अनुराग सिंह परिहार (मंडल अध्यक्ष उंचेहरा) श्री गुलाबचंद्र पाल (जनपद उपाध्यक्ष उंचेहरा) श्री सोमचंद्र ताम्रकार" | 54 | 217 | 96 | 160 | 17 | 155 | 75 | 67 | 372 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 01.02.2024 | मैहर | "श्री श्रीकांत चतुर्वेदीजी, (विधायक मैहर विधानसभा)" | "श्री कमलेश सुहानेजी (जिला अध्यक्ष भा.ज.पा.)" | "श्रीमती जयंती महेश तिवारी (सदस्य : जिला पंचायत) श्रीमती गीता संतोष सोनी (नगरपालिका अध्यक्ष)" | 73 | 299 | 93 | 170 | 56 | 138 | 97 | 43 | 437 |
| 6 | 02.02.2024 | अमदरा | "श्री श्रीकांत चतुर्वेदीजी, (विधायक मैहर विधानसभा)" | "श्री कमलेश सुहानेजी (जिला अध्यक्ष भा.ज.पा.)" | "श्री राजेश परौहा (सदस्य : जिला पंचायत) श्री महेश तिवारी (सदस्य : जिला कार्यसमिति)" | 68 | 256 | 82 | 174 | 18 | 145 | 56 | 64 | 401 |
| 7 | 03.02.2024 | रामपुर बघेलान | "श्री रमाकांत पयासीजी" | "श्री प्रभाकर सिंहजी, (पूर्व विधायक, रामपुर बाघेलान विधानसभा)" | "श्रीमती सुष्मिता डॉ. पंकज सिंह परिहार श्रीमती रामसखी कचेर (अध्यक्ष-नगर परिषद रामपुर बाघेलान)" | 96 | 435 | 103 | 210 | 68 | 207 | 69 | 81 | 642 |
| 8 | 04.02.2024 | रामनगर | "श्री रामखेलावन कोलजी, (जिला पंचायत अध्यक्ष)" | "श्रीमती तारा पटेलजी, (सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास, जिला पंचायत सतना)" | श्री सूरज गुप्ता (मंडल अध्यक्ष रामनगर ) | 32 | 141 | 29 | 92 | 26 | 75 | 39 | 24 | 216 |
| 9 | 05.02.2024 | अमरपाटन | "श्रीमती माया विनीत पांडेजी, (जनपद अध्यक्ष)" | "श्री रामखेलावन कोल जी, (जिला पंचायत अध्यक्ष)" | "श्रीमती तारा विजय पटेल : श्री विजय पटेल श्री दिनेश शुक्ला (नगर पंचायत अध्यक्ष)" | 58 | 275 | 143 | 193 | 29 | 163 | 54 | 63 | 438 |
| 10 | 06.02.2024 | सिंहपुर | श्री रामनारायण तिवारी | श्री विजयकांत पाण्डेय | "श्री राजेश शुक्लाजी (मंडल अध्यक्ष) श्री रामशिरामणि कोरीजी (सरपंच सिंहपुर) श्री शैलेंद्र सिंह जी (सरपंच)" | 61 | 248 | 36 | 129 | 14 | 153 | 51 | 32 | 401 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 07.02.2024 | बिरसिंहपुर | "श्री धनीराम प्रजापति (पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत)" | "श्री शंकर दयाल त्रिपाठी (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी)" | "श्री राजकिशोर गौतम श्री बाबूलाल तिवारी श्री राकेश सेन श्री रूद्रदत्त पांडेय" | 89 | 405 | 96 | 220 | 16 | 175 | 73 | 58 | 580 |
| 12 | 08.02.2024 | जसो | "श्री कृष्ण शरण सिंह (धुन्नी. राजा), (मंडल अध्यक्ष)" | "श्री पुरूषोत्तरम सोनीजी (मंडल महामंत्री भाजपा)" | "श्री नंदीलाल कुशवाहा (ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भाजपा) श्रीमती निशा कुशवाहा (सरपंच-जसो) श्री अनिरूद्ध शर्मा (खंड कार्यवाह नागौद) श्री सतीश तिवारी (पंच)" | 39 | 222 | 37 | 170 | 22 | 102 | 54 | 21 | 324 |
| 13 | 09.02.2024 | परसमनिया | "श्री रामकृष्ण कुसमरिया (अध्यक्ष ओबीसी आयोग म.प्र.)" | "श्री ईश्वृरदीन यादव (पूर्व मंडल अध्यीक्ष)" | "श्री मुकेश यादव (मंडल अध्यक्ष)" | 43 | 244 | 48 | 230 | 42 | 88 | 71 | 32 | 332 |
| 14 | 10.02.2024 | ताला | "श्री रामखिलावन पटेल (पूर्व राज्य मंत्री मप्र शासन)" | "श्री हरीशकांत त्रिपाठी (सभापति वन समिति जिला पंचायत)" | "श्री दिनेश शुक्ला (सांसद प्रतिनिधि) श्री अखिलेश्वर सोनी (भाजपा ताला मंडल अध्यक्ष) श्रीमती ज्याति शंकर प्रताप सिंह (ताला सरपंच)" | 22 | 432 | 78 | 210 | 60 | 137 | 63 | 39 | 569 |
| कुल संख्या | | | | | | 865 | 4058 | 1083 | 2474 | 460 | 2147 | 926 | 837 | 6205 |

# कार्यक्रम : सेनेटरी पैड वितरण

**दिनांक : 12 फरवरी, 2024 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय इंदिरा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शासकीय इंदिरा कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को स्वच्छता जागरूकता करते हुए नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरण किया गया।

सेवा न्यास की महिला स्वच्छता टीम की बहिनों के द्वारा इंदिरा कॉलेज में सेनेटरी पैड वितरण करते हुए बेटियों को स्वच्छता व स्वस्थ रहने के लिए विस्तार से पत्रक व जानकारी दी गई। सेवा न्यास के द्वारा महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को स्वच्छता की जानकारी देते हुए सेवा न्यास की महिला स्वच्छता कार्यकर्ताओ ने कहा कि महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की जानकारी हेतु यह कार्यक्रम पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाया जा रहा है।

महिलाओं में आयरन की कमी रहती है जिसे दूर करने के लिए पोषण आहार के साथ पालक, पत्ता गोभी, अनार, चना और आयरन की गोलियों का सेवन करती रहें जिससे आप पूर्णतया स्वस्थ रहें। सेवा न्यास की महिला स्वच्छता की कार्यकर्ताओं ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा साफ-सुथरे व सूखे कपड़े पहनें। अपने शरीर की सफाई का विशेष ध्यान दें जिससे शरीर स्वस्थ रह सके।

छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा नरम नैपकिन का इस्तेमाल करें। स्वच्छ पानी से स्नान करें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क करें।

महिला स्वच्छता अभियान की कार्यकर्ता श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, पूजा वर्मा आदि उपस्थित रही।





*शासकीय इंदिरा कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को स्वच्छता जागरूकता करते हुए नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरण*




*जानकारी युक्त पैंफलेट वितरण करती श्रीमती सीलम सैनी, रश्मि सैनी, पूर्जा वर्मा आदि*




*शासकीय इंदिरा कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को स्वच्छता जागरूकता करते हुए*
*निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण*

# कार्यक्रम : सेनेटरी पैड वितरण

**दिनांक : 13 फरवरी, 2024 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहरानाला, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहरानाला में अध्ययनरत छात्राओं को स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के महत्त्व को विस्तार से जानकारी देते हुए नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरण किया गया।

सेवा न्यास की कार्यकर्ता बहन श्रीमती शीलम सैनी ने किशोरियों को जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करें स्वच्छ जल से स्नान करें।

श्रीमती रश्मि सैनी ने डिग्री कॉलेज की छात्राओं को स्वच्छता की जानकारी देते हुए बताया कि नैपकिन बदलने के बाद अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह से धोएँ, उपयोग किए गए सेनेटरी नैपकिन को उचित तरीके से नष्ट करें।

आयरन युक्त आहार का सेवन करें पलक, पत्ता गोभी, अनार खाने से शरीर स्वस्थ रहता है और शरीर में आयरन की कमी दूर होती है साथ ही समय-समय पर आयरन टेबलेट का भी सेवन करें। श्रीमती सैनी ने आगे बताया कि माहवारी के दौरान मासिक स्राव को रोकने के लिए सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करें।

इस दौरान महिला स्वच्छता अभियान जागरुकता साहित्य का भी वितरण किया गया। जिसमें आने प्रकार की बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

उन्होंने आगे बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज रीवा रोड, सतना या अपने नजदीकी स्त्री शक्ति सुविधा केंद्र से नि:शुल्क सेनेटरी नेपकिन प्राप्त किया जा अधिक जानकारी के लिए (07672 351005) पर संपर्क किया जा सकता है।





*शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहरानाला में निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरण में छात्राएँ एवं अन्य कार्यकर्त्ता*



## कार्यक्रम : बसंत पंचमी के अवसर पर नव बटुकों का उपनयन संस्कार कार्यक्रम

**दिनांक : 14 फरवरी, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर सेक्टर 3, पुल नंबर 2, दक्षिणी पटरी त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम प्रयागराज ( उ.प्र. )**

- बसंत पंचमी के अवसर पर प्रयागराज में नव बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार
- बसंत पंचमी पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में माँ सरस्वती पूजा संपन्न
- डॉ. राकेश मिश्र के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों व सेवा बस्तियों में पोषण आहार व सामग्री का हुआ वितरण

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा प्रयागराज माघ मेला में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री 1008 स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज के आशीर्वाद से 15 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ।



डॉ. राकेश मिश्र ने बताया है कि सनातन परंपरा में उपनयन संस्कार अनिवार्य होता है। विविध विद्वानों ने गायत्री मंत्र उच्चारण के बीच यज्ञोपवीत संस्कार बटुकों का किया गया।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे बताया कि सेवा न्यास धर्म व संस्कृति जागरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सेवा न्यास का उद्देश्य भूले हुए संस्कारों को पुनः स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य चल रहा है।

सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र परम पूज्य दददाजी एवं श्रीमती शांति मिश्रा बाईजी से प्राप्त सूत्र 'नर सेवा ही नारायण की सेवा' है उसे चरितार्थ करते हुए साधु संतों, महंतों कल्पवासियों के लिए निःशुल्क नेत्र एवं कान परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया है।




*बसंत पंचमी के अवसर पर प्रयागराज में नव बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार कराते श्री श्री 1008 स्वामी संकर्षणाचार्यजी महाराज*

# कार्यक्रम : आंगनबाड़ी केंद्रों व सेवा बस्तियों में पोषण आहार व सामग्री वितरण

**दिनांक : 14 फरवरी, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थलः आंगनबाड़ी केंद्र कोलगंवा, बिरला रोड,सतना ( म.प्र. )**

बसंत पंचमी के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में माँ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने माता सरस्वती की वंदना करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया। तदुपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने माता सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर माँ सरस्वती की वंदना करते हुए माता की आराधना की। हे शारदे माँ हे शारदे माँ माता की वंदना पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण का किया गया।

डॉ. राकेश मिश्र के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों व सेवा बस्तियों में सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार वितरण किया। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कोलगंवा, बिरला रोड, सेवा बस्ती एवं महुआ बस्ती में निवासरत बच्चों को मुफ्त में पोषण आहार वितरण किया गया। साथ ही कुपोषण से बचाव के उपाय बताए गए।

सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रत्येक माह बच्चों का वजन अवश्य करवाएँ। साथ ही दलिया, दूध, दाल, रोटी, चावल आदि प्रोटीन युक्त भोजन बच्चों को प्रतिदिन सेवन कराने से बीमारियों से बचा जा सकता है। पौष्टिक आहार पाकर बच्चे खुशियों से झूमने लगे और भारत माता की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो गया।

श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, विजय सिंह पटेल, सुनील यादव, अनिल सैनी, शुभम माली, करुणेश अनुरागी, नितिन मिश्रा, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता सहित स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।





*सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार वितरण किया*

## कार्यक्रम : 41वाँ नि:शुल्क कान एवं नेत्र परीक्षण शिविर

**दिनांक : 21 फरवरी, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला शिविर सेक्टर 3, पुल नंबर 2, दक्षिणी पटरी त्रिवेणी मार्ग, माघ मेला परिसर, संगम प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कल्प वासियों साधु संतों के लिए 41वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ श्री श्री 1008 श्री संकर्षणाचार्यजी, पं. राहुल शास्त्रीजी महाराज व डॉ. राकेश मिश्र ने सेवा न्यास के प्रेरणा स्त्रोत परम पूज्य दद्दाजी एवं सेवा न्यास की प्रेरणा स्त्रोत बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माघ मेला में कल्पवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नि:शुल्क नेत्र, का प्रयागराज में आयोजित किया गया।

सेवा न्यास के प्रेरणा स्त्रोत परम पूज्य पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दददाजी) एवं श्रीमती शांति मिश्रा (बाई जी) से प्राप्त सूत्र "नर सेवा ही नारायण सेवा है" उसे चरितार्थ करते हुए साधु संतों, महंतों कल्पवासियों के लिए नि:शुल्क नेत्र एवं कान परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर के शुभारंभ होने के उपरांत नि:शुल्क जाँच के उपरांत नेत्र के लिए चश्मे, दवाइयाँ नि:शुल्क जाँच किया गया व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

स्वास्थ्य शिविर में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, दिल्ली सहित कई जिलों में निवास करने वाले ऐसे मरीज जो आर्थिक अभाव के कारण बड़े चिकित्सालय



या बड़े शहरों में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है ऐसे मरीजों के लिए हुए आयोजन में 835 मरीज लाभान्वित हुए। एशिया के सबसे बड़े नेत्र चिकित्सालय सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा नेत्र ओपीडी 510, चश्मे का वितरण 405 व 400 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें से ओपीडी 210 रही, वहीं 115 बधिरों को नि:शुल्क श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।

ओझा हॉस्पिटल प्रयागराज के द्वारा विभिन्न गला, नाक एवं कान के मरीजों की ओपीडी 115 रही, वहीं 115 जरूरतमंदों मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ व परामर्श दिया गया।

41वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कल्प वासियों साधु संतों को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि मानव का परम कर्तव्य होता है कि एक-दूसरे की मदद करते। मरीजों की सेवा करने से परम सुख प्राप्त होता है।

श्री विजय सिंह, अभिलाषजी, कमल यादव, ज्योति गुप्ता हनुमना, विजयजी, स्वाती सिंह लखनऊ, रामस्वरूप, गौरव तिवारी, नरेंद्र यादव, ज्ञानी, डॉ. एल.एस. ओझा, डॉ. शशांक ओझा, डॉ. दीप्ति ओझा, डॉ. चक्रधर मिश्रा, प्रशांत, कीर्ति दुबे, लक्ष्मी शर्मा, प्रमिला मिश्रा आदि मौजूद रहे।






*श्री संकर्षणाचार्यजी, पं. राहुल शास्त्रीजी महाराज, डॉ. राकेश मिश्र श्रीमती मालती मिश्रा, श्रीमती रेखा अवस्थी, एडवोकेट संकल्प मिश्रा एवं श्री ज्योति गुप्ता मरीजों के कुशलक्षेम पूछते हुए*






*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कल्प वासियों साधु संतों के लिए 41वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एवं कान की मशीनों का वितरण*

# कार्यक्रम : प्लास्टिक मुक्त सतना अभियान

**दिनांक : 23 फरवरी, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से अपना सपना हरा भरा सतना अभियान चलाया गया। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए हम सबको प्लास्टिक मुक्त करने के लिए शपथ लेकर कपड़े का थैला लेकर बाजार जाएँ। ऐसी आदत हमें दैनिक जीवन में डालना चाहिए जिससे कि हमारा नगर प्रदूषण मुक्त हो सके।

जे.आर. बिरला मार्ग यादव पेट्रोल टंकी के पास "अपना सपना, हरा-भरा सतना अभियान' के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

सेवा न्यास की श्रीमती मनीषा सिंह ने किशोरियों को जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करें, स्वच्छ जल से स्नान करें।

श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्रीमती रश्मि सैनी, सुनील यादव, राजेश त्रिपाठी, करुणेश अनुरागी पर्यावरण प्रेमी, सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*प्लास्टिक मुक्त सतना बनाने का अभियान चलाते सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती सीलम सैनी आदि*

## कार्यक्रम : बघेली कवि सम्मेलन : 2024

**दिनांक : 28 फरवरी, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से न्यास मुख्यालय नेह निकुंज में बघेली कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने उपस्थित समस्त बघेली कवियों को अंग वस्त्र, आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि, सेवा न्यास की समस्त गतिविधियों पर आधारित पुस्तिका एवं प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने पॉलिथीन मुक्त करने के उद्देश्य से कपड़े का थैला भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. राकेश मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा की बघेली कवि सम्मेलन में बघेली



भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर यह आयोजन किया गया है।

युवा पीढ़ी को बघेली भाषा को पढ़े, जानें, समझें और बोले व अधिक से अधिक बघेली भाषा का प्रचार प्रसार हो इसी उद्देश्य से बघेली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

आज हम बघेली कवियों, लेखकों, साहित्यकारों द्वारा उत्कृष्ट रचनाओं के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए बघेली कवियों को सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

बघेली कवि सम्मेलन का सफल संचालन अरुण पयासी द्वारा बघेली भाषा में किया व उपस्थित जन समुदाय व श्रोताओं का मन मोह लिया।

कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम भारत माता एवं परम पूज्य दददाजी एवं सेवा न्यास की प्रेरणा स्त्रोत बाईजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्पांजलि अर्पित की। तदुपरांत कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। जिसमें सुप्रसिद्ध बघेली कवि ओम प्रकाश मिश्रा, श्री लवकुश तिवारी, डॉ. यू.बी.एस. परिहार, श्री अमित कुमार द्विवेदी, श्री अभिषेक द्विवेदी, श्री समरजीत वर्मा ने अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से प्रेरणादायक उद्धरण देते हुए उपस्थित साहित्यकार कवि लेखक विद्वान जनों ने तालियाँ बजाकर खुशी का इजहार करते हुए झूमने लगे। डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्र ब्यथितजी ने सेवा न्यास की गतिविधियों का वर्णन अपनी कविता के माध्यम से करते हुए कहा कि—

महतारी से बड़ा न जग माँ, कउनिउ देउता होय।
बिदुर नीति मत ज्ञान ग्रहण कय, जीवन पबरित होय॥
सेबइक लरिका बने नहीं, तू सेबइक चहते हइ।
जउन दिहे बाबू का, दादू से तउनिउ पउबे॥

डॉ. यू.बी. सिंह परिहार उदयजी, डॉक्टर लवकुश तिवारी माधवपुरी, श्री समरजीत वर्मा समर,भक्ति रस के बघेली कवि अभिषेक द्विवेदी, अमित कुमार द्विवेदी रीवा ने माँ को समर्पित रचनाओं का पाठ किया।

## डॉ. राकेश मिश्र ने किया साहित्यकारों का सम्मान :

बिरला विकास अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. संजय माहेश्वरी, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. एम.पी. तिवारी, श्री विनीत पांडे, डॉक्टर जी.पी. रिछारिया, पर्वतारोही रत्नेश पांडे, हरिप्रकाश गोस्वामी, रमाकांत प्यासी सभापति, अचला पांडे, जेपी गुप्ता, श्रीमती अंजना तिवारी, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार संजय शाह, डॉक्टर नर्मदा प्रसाद तिवारी, रामजी रघुवंशी एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।






*न्यास मुख्यालय में आयोजित बघेली कवि सम्मेलन को संबोधित करते*
*न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*






*न्यास मुख्यालय में आयोजित बघेली कवि सम्मेलन में उपस्थित विद्वान, साहित्यकार एवं कवि गण*

## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 29 फरवरी, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा नर सेवा ही नारायण सेवा है। उसे चरितार्थ करते हुए चलता फिरता मुफ्त अस्पताल "आपके द्वार-आपका अस्पताल" योजना अंतर्गत सर्व सुविधा युक्त चलता फिरता मुफ्त अस्पताल को बिरला विकास अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर संजय महेश्वरी, सार्थक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील अग्रवाल एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि अग्रवाल ने भगवा ध्वज दिखाकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व डॉ. माहेश्वरी ने तिलक लगाकर नारियल तोड़कर सबको प्रसाद वितरण किया। चलता फिरता अस्पताल को सतना जिले की सेवा बस्तियों के लिए रवाना किया।

सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज, रीवा रोड से बस स्टैंड, सिमरिया चौक, कृष्ण नगर, रेलवे स्टेशन रोड से धवारी, राजेंद्र नगर, सिविल लाइन, पन्ना नाका, सर्किट हाउस होते हुए सेवा न्यास कार्यालय पहुँची।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण बड़े शहरों में बड़े-बड़े अस्पताल में जाकर बड़े डॉक्टर को दिखाने में ऐसे अक्षम मरीज के लिए चलता फिरता मुफ्त अस्पताल "आपके द्वार-आपका अस्पताल" सेवा चलाई जा रही है। नागपुर के विभिन्न अस्पतालों ने डॉ. राकेश मिश्र द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर निःशुल्क यह एंबुलेंस सौंपी है।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि चलित अस्पताल में बीपी, शुगर के अलावा मौसमी बुखार, सर्दी, जुकाम, उल्टी दस्त, सिरदर्द, खून की कमी को दूर करने के लिए देश के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम के द्वारा परीक्षण के उपरांत निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

डॉ. राकेश मिश्रा ने आगे बताया कि "सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय" योजना अंतर्गत सर्व सुविधा युक्त चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में बीपी, शुगर, वजन, फिजिशियन द्वारा जाँच एवं मुफ्त दवाइयों का वितरण 'आपके द्वार आपका अस्पताल' चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में सेवा बस्तियों में जाकर सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा यह सेवा नर सेवा ही नारायण की सेवा है। इसी भाव से मुफ्त अस्पताल का शुभारंभ किया गया है।

डॉ. राकेश मिश्र ने उपस्थित अतिथियों को पॉलिथीन मुक्त भारत बनाने के लिए

कपड़े से निर्मित मजबूत थैला, आरोग्य के देवता धन्वंतरी भगवान का आकर्षक चित्र व अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।

चलता फिरता अस्पताल शुभारंभ के अवसर पर बिरला विकास हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय माहेश्वरी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्राजी के द्वारा सही मायने में नर सेवा ही नारायण सेवा की जा रही है। उसे चरितार्थ करने का कार्य किया जा रहा है। डॉ. राकेश मिश्राजी पीड़ित मानवता की सेवा के लिए इस पूरे क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। हम उन्हें साधुवाद देते हैं। हमारे लायक जो भी सेवा होगी, हम इसमें अपनी सेवाएँ देंगे।

कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने किया।

डॉ. संजय माहेश्वरी, डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. एम.पी. तिवारी, डॉ. जी.पी. रिछारिया, वरिष्ठ पत्रकार संजय शाह, श्री हरिप्रकाश गोस्वामी, अर्जुन तिवारी, राजीव व्यास सहित स्वास्थ्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे।






*चलता फिरता मुफ्त अस्पताल का शुभारंभ करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,*
*डॉ. संजय माहेश्वरी एवं डॉ. सुनील अग्रवाल एवं अन्य महानुभाव*





*चलता फिरता अस्पताल के माध्यम से मरीजों का इलाज करते चिकित्सक*

# कार्यक्रम : आपके द्वार-आपका अस्पताल

**दिनांक : 04 मार्च, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'आदर्श नगर, मुख्तियारगंज, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्रजी द्वारा संचालित "आपके द्वार-आपका अस्पताल" योजना अंतर्गत चलता फिरता मुफ्त अस्पताल रविवार को आई म्यूजिक मार्ट के पीछे सेवा बस्तियों में निवास करने वाली माताओं, बहिनों व नागरिकों का ब्लड प्रेशर, शुगर, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत सर्दी, खाँसी, जुखाम, बुखार की मुफ्त में दवाइयाँ वितरित की गईं। आपके द्वार-आपका अस्पताल : आदर्श नगर, मुख्तियारगंज के 394 मरीज लाभान्वित हुए।

"सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय" की भावना को चरितार्थ करते हुए पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा चलते फिरते अस्पताल की सेवा सतना शहर में चालू की गई है जिसके अंतर्गत नागपुर से आई डॉक्टर की एक टीम न्यास द्वारा संचालित सर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस में शहर भर में घूम रही है। यह सेवा मौसमी बुखार, सर्दी, जुकाम और पेट दर्द से संबंधित बीमारियों की जाँच कर रही है तथा मुफ्त में दवाइयाँ दे रही है।

न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि चलता-फिरता अस्पताल योजना शहर के सभी सेवा बस्तियों में निसहाय और गरीब लोगों की सेवा करेगी।

मुख्तियारगंज सेवा बस्ती एवं हवाई पट्टी के पीछे सेवा बस्ती में सेवा न्यास की बहिनों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाते हुए स्वच्छता का महत्त्व बताते हुए माता बहिनों को सेनेटरी पैड की विशेषताओं का भी वर्णन किया गया। बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण करते हुए कहा कि बच्चों को पौष्टिक आहार का सेवन कारण जिससे कि रोग मुक्त हो सके।

श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, विजय सिंह पटेल, राहुल सिंह, विराज तिवारी, मुकेश लोधी, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*चलता फिरता अस्पताल के माध्यम से मरीजों का इलाज करते चिकित्सक*




*चलता फिरता अस्पताल के माध्यम से सेनेटरी पैड वितरण करती न्यास की बहिनें*



## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 05 मार्च, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : रामटेकरी एवं ट्रांसपोर्ट नगर, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय'। नर सेवा-नारायण सेवा है। इसी भाव के साथ मंगलवार को रामटेकरी ट्रांसपोर्ट नगर में शिविर आयोजित किया गया। ट्रांसपोर्ट नगर में गाड़ी मोटर बनाने वाले मिस्त्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

श्री रामदत्त साहू, चेसिस मिस्त्री ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रजी के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अभी तक किसी भी समाजसेवियों ने हमारे स्वास्थ्य की चिंता नहीं की है। ना ही हमारा अभी तक स्वास्थ्य परीक्षण हुआ है। डॉ. राकेश मिश्रजी के द्वारा चलता फिरता अस्पताल का प्रयास बहुत ही सराहनीय है।

'आपके द्वार-आपका अस्पताल' के माध्यम से ऐसे मरीजों के लिए जो समयाभाव कारण या आर्थिक अभाव से बड़े अस्पतालों में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाने में असमर्थ हैं, ऐसे मरीजों के लिए चलता फिरता अस्पताल वरदान सिद्ध होगा।

सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम सबको समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाते रहना चाहिए। जिससे कि कोई भी गंभीर बीमारी न होने पाए।

### सर्दी खाँसी बुखार जुखाम के 107 मरीजों को दी मुफ्त में दवाइयाँ : बीपी, शुगर के 67 मरीजों की हुई नि:शुल्क जाँचें :

आपके द्वार-आपका अस्पताल राम टेकरी में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बदलते मौसम के कारण हमें अपने शरीर का विशेष ध्यान देना चाहिए अगर किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण प्रकट होने पर हमें तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक रूप से करवाना चाहिए, जिससे कि हम स्वस्थ और निरोगी रह सके।

आपके द्वार-आपका अस्पताल के माध्यम से सामान्य बीमारियों के 107 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ दी गईं व बीपी शुगर के 67 मरीजों की जाँच के उपरांत उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आनंद त्रिपाठी, विजय सिंह पटेल, प्रिया त्रिपाठी, राहुल सिंह, मुकेश लोधी, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के माध्यम से मरीजों का इलाज करते चिकित्सक




नागपुर से उपलब्ध बस में मरीजों का उपचार करते डॉक्टरगण व मरीज

## कार्यक्रम : आपके द्वार-आपका अस्पताल

**दिनांक : 06 मार्च, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : घूरडांग खदान बस्ती, सतना-485001 ( म.प्र. )**

'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' द्वारा घूरडांग खदान बस्ती में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके माध्यम से ऐसे मरीजों के लिए जो समयाभाव के कारण बस या आर्थिक अभाव बस बड़े अस्पतालों में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाने में असमर्थ हैं ऐसे मरीजों के लिए चलता फिरता अस्पताल आज आपके द्वार पर आया हुआ है। चलता फिरता अस्पताल योजना अंतर्गत डॉ. राकेश मिश्र के द्वारा ऐसे मरीजों के लिए जो आर्थिक अभाव के कारण बड़े शहरों में बड़े डॉक्टर के पास अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है ऐसे दीन दुखियों नगर वासियों की सेवा के लिए, आपके द्वार-आपका अस्पताल आज घूरडांग, खदान बस्ती में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बदलते मौसम के कारण हमें अपने शरीर का विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण प्रकट होने पर हमें तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य विभाग में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक रूप से करवाना चाहिए जिससे कि हम स्वस्थ और निरोग रह सके। आपके द्वार-आपका अस्पताल के माध्यम से सामान्य बीमारियों के 209 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ दी गई व बीपी शुगर के 172 मरीजों की जाँच के उपरांत उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सेवा न्यास की स्वच्छता प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह के नेतृत्व में माता बहिनों बेटियों को स्वच्छता के महत्त्व को बताते हुए उन्हें सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को पोषण आहार देते हुए कहा कि कुपोषण से मुक्ति के लिए छोटे-छोटे बच्चों को पोषण आहार देते रहे जिससे कि गंभीर बीमारियों से बचा जा सके।

रविशंकर द्विवेदी (सचिव वेंकटेश क्लब सतना), आनंद नारायण शुक्ला, अतुल सिंह मनीषा सिंह, शिवा चतुर्वेदी अजय द्विवेदी, बाबूलाल पांडेय, संजय शुक्ला, आशीष तिवारी, बीरेंद्र त्रिपाठी, बिष्णु पांडेय, नीरज गौतम, लालन सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, बेटा लाल सेन, रवि पयासी, आनंद त्रिपाठी, विजय सिंह पटेल, प्रिया त्रिपाठी, राहुल सिंह, मुकेश लोधी, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






*चलता फिरता अस्पताल के माध्यम से सेनेटरी पैड एवं पोषाहार वितरण*





*चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के माध्यम से मरीजों का इलाज करते चिकित्सक*

## कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महाशिवरात्रि पर भजन एवं सम्मान समारोह

**दिनांक : 08 मार्च, 2024 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, जिला-सतना ( म.प्र. )**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज में भजन गायन का आयोजन किया गया तथा महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। मैहर में आयोजित मातृ शक्ति सम्मान समारोह में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति में आदि काल से यही मान्यता रही है और इसी आधार पर नारी का सर्वोच्च स्थान रहा है। देश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में महिलाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जन अभियान परिषद के जिला संयोजक डॉ. राजेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समूह की बहिनों को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यों से प्रेरणा लेना चाहिए। वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं माँ अन्नपूर्णा का सम्मान जैसी योजनाओं से प्रेरणा लें। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की बहनों को सम्मानित किया गया। उन्हें कपडे का थैला, माँ अन्नपूर्णा का चित्र एवं सब्जियों के बीज प्रदान किए गए।







*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह*




*मातृ शक्ति सम्मान समारोह में सम्मानित करते पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मिश्र एवं डॉ. राजेश तिवारीजी (जन अभियान परिषद्)*




*मातृ शक्ति सम्मान समारोह में बालिकाओं को सम्मानित करते पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*




*मातृ शक्ति सम्मान समारोह में उपस्थित नर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि एवं मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मिश्र*

# कार्यक्रम : जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट : 2024
## उद्घाटन समारोह

**दिनांक : 09 मार्च, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तयारगंज, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा जिला स्तरीय वालीबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में वेंकटेश मंदिर परिसर में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्यमंत्री म.प्र. शासन एवं अध्यक्ष), श्री योगेश ताम्रकार महापौर ने कार्यक्रम में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने की। सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तदुपरांत खिलाड़ियों को अनुपम उपहार भेंट किया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल रोजगार भी देता है। हमारे जिले के हजारों की संख्या में युवा खेलों के माध्यम से अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आज देश की सीमा की रक्षा करने में सेना व अर्द्धसैनिक बलों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के द्वारा "खेलो इंडिया खेलो अभियान" के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। श्रीमती प्रतिमा नागरी ने खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त किया एवं श्री योगेश ताम्रकार ने आयोजकों व खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देकर खेल शुभारंभ की घोषणा की।



विशिष्ट अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी बीडी पांडे ने कहा कि इस समय पूरे देश में युवाओं का खेलों के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सतना जिले में गाँव-गाँव में भ्रमण करने के दौरान मैंने देखा कि यहाँ के युवा खेलों के माध्यम से अपना कैरियर बना रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अरुण द्विवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे सतना जिले में 2014 के बाद युवाओं के लिए उन्हें खेल की सुविधा मिले, इस उद्देश्य से सभी ब्लॉक स्तर पर स्टेडियम निर्माण का कार्य पूरा हुआ है। जहाँ युवा खेल के माध्यम से अपना भविष्य संवार रहे हैं।




*जिला स्तरीय वालीबाल टूर्नामेंट में उपस्थित मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री चंद्र शेखर रघुवंशी (लोकसभा विस्तारक), श्री स्वामीजी महाराज एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*





*प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि गण*

# कार्यक्रम : जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट : 2024
# समापन समारोह

**दिनांक : 10 मार्च, 2024 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तयारगंज, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता की समापन अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा, कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र का श्री वेंकटेश क्लब के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम अंग वस्त्र, माता अन्नपूर्णा का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतना जिले के गाँव-गाँव में प्रवास के दौरान हमने देखा कि गाँव-गाँव में वॉलीबॉल प्रैक्टिस के लिए नेट लगा हुआ है और वहाँ के युवा खिलाड़ी प्रैक्टिस कर रहे हैं। ऐसी प्रतिभाओं को निखारने के लिए सेवा न्यास कार्य कर रहा है। हमारे गाँव-गाँव में प्रतिभाओं का अंबार लगा है। उन्हें उभरने का कार्य सेवा न्यास निरंतर कर रहा है। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि सेवा न्यास द्वारा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव से आपके द्वार-आपका अस्पताल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाई वितरण का कार्य चल रहा है।

सेवा न्यास के द्वारा विगत माह पहले उचेहरा विकासखंड की लड़कियों ने राष्ट्रीय स्तर की सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया और इंटरनेशनल टाइम लिमिट के पूर्व अपनी दौड़ को पूरा किया था, जिसका सेवा न्यास के द्वारा स्पोर्ट्स अकादमी नई दिल्ली में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि सेवा न्यास पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वच्छता एवं निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप, खेल, युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

## मेंहुंती टीम विजेता और चूंद की उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद राशि से किया सम्मानित

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, नगद राशि, प्रमाण-पत्र भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपस्थित जन समुदाय को आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का चित्र भेंट किया गया और भगवान धन्वंतरि का महत्त्व भी बताया गया।

संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र द्वारा किए जा रहे सामाजिक क्षेत्र में कार्यों के लिए मैं सदैव डॉ. राकेश मिश्रजी के साथ में हूँ। हम सब राकेशजी से प्रेरणा लेकर कार्य करें और हम सबको ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा की सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रजी के द्वारा ऐसे आयोजनों से सामाजिक सौहार्द बना रहता है। डॉ. राकेश मिश्र द्वारा किए जा रहे खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

## रोमांचक मैच खेला गया

श्री वेंकटेश क्लब सतना के सचिव रवि शंकर द्विवेदी ने बताया है कि दो दिवसीय जिला स्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना जौहर दिखाते हुए पूल ए व बी के बीच रोमांचक मैच खेला गया। जिसमें पहला मैच पूल ए और पूल बी के बीच पहले मैच में वेंकटेश क्लब ए व मेहुती के बीच खेला गया। जिसमें में मेहूती होती विजई रही।

पूल ए और पूल के दूसरे मैच में वेंकटेश क्लब बी और मेहुति के बीच खेला गया जिसमें मैं होती के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय श्री हासिल की।

श्री वेंकटेश क्लब के सचिव रविशंकर द्विवेदी ने आगे बताया कि पूल सी और पूल डी के पहला मैच आई.टी.आई. और नयागाँव के बीच खेला गया जिसमें आईटीआई विजयी रही। दूसरा मैच मेहुती और सी.एम.ए. के बीच खेले गए। मुकाबले में सी.एम.ए. टीम विजय रही। तीसरे मैच में सीएमए और विट्स कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें विट्स कॉलेज विजयी रही।

चौथा मैच चूंद और विट्स कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें चूंद विजयी रही। पाँचवाँ मैच बिट्स कॉलेज और नयागाँव के बीच खेला गया, जिसमें बिट्स कॉलेज विजयी रही। छठवाँ मैच बिट्स और चूंद के बीच खेला गया जिसमें चूंद विजयी रही।

सुधीर रिछारिया, राजीव व्यास, अजय मिश्रा, बाबूलाल पांडे, अतुल सिंह अजय द्विवेदी, चंपारणजी, शिव मोहन सिंह, सत्येंद्र सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, आशीष तिवारी वीरेंद्र त्रिपाठी धर्मेंद्र तिवारी, राम बेटा सेन, ललन सिंह, संजय शुक्ला, आनंद नारायण शुक्ला, विष्णु नारायण पांडे, प्रभात तिवारी लाल कुशवाहा, आशीष तिवारी मौजूद रहे।

श्री वेंकटेश क्लब के सचिव रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि आज क्वार्टर फाइनल सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच में सतना जिले वालीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरे वर्ष भी मेहुंति ने जीत दर्ज कराई :

श्री वेंकटेश क्लब के सचिव रवि शंकर द्विवेदी ने आगे बताया कि पूल ए.बी. सी.डी. पूल के सेमी फाइनल जीतने वाली टीम चूंद एवं मेहुती ने फाइनल मैच खेला।

मेहुती एवं किटहा खेली जिसमें मेहुती जीती।चित्रकूट एवं घुनचिहाई में चित्रकूट जीती। चित्रकूट एवं मेहुती में जिसमे मेहुती जीती। पहला सेमी फाइनल वेंकटेश एवं चूंद जिसमे चूंद जीती। दूसरा सेमी फाइनल खुटहा एवं मेहुती खेली, जिसमें मेहुती जीती।

प्रदीप अवस्थी (स्टेशन मास्टर) वसीम खान, वरिष्ठ समाज सेविका राजकुमारी शुक्ला, विष्णु नारायण पांडे, श्रीमती मनीषा सिंह, रत्नेश पांडे पर्वतारोही, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा पांडे, शिवानंद त्रिपाठी, बाबूलाल पांडे, अतुल सिंह, अजय द्विवेदी चंपारण जी, शिव मोहन सिंह जय प्रताप गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी, राम बेटा सेन, ललन सिंह, वीरेंद्र त्रिपाठी, संजय शुक्ला, आनंद नारायण शुक्ला, प्रभात तिवारी, लाल कुशवाहा, आशीष तिवारी, केडी गौतम, वरुण शर्मा, मुकेश मिश्रा, ऋषिकेश त्रिपाठी, राजीव व्यास, अजय मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, नितिन मिश्रा, संजय सिंह, विजय सिंह पटेल, अनिल सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, प्रिया त्रिपाठी, शीलम सैनी, शुभम माली, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।







दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते श्री मणिकांत माहेश्वरी, श्री सतीश सुखेजा, श्रीमती राजकुमारी शुक्ला, श्री रत्नेश पांडे एवं डॉ. राकेश मिश्र





वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी एवं पुरस्कृत प्रतिभागी

# कार्यक्रम : विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण का संकल्प

**दिनांक : 22 मार्च, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : गांधी पुस्तकालय टाउन हॉल सतना ( म.प्र. )**

गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने गांधी पुस्तकालय टाउन हॉल सतना में युवाओं को विश्व जल दिवस के अवसर पर पीने के पानी को बचाने के लिए प्रेरित किया। संबोधित करते हुए श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि हम सबको अपने-अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से पानी के जल स्तर को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस हेतु शासन के स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जब तक हम सब जागरुक होकर अपने-अपने घरों में रेन वाटर सिस्टम के माध्यम से पानी को बचाने हेतु प्रयास नहीं करते तो सफलता नहीं मिलेगी।

इस लिए हम सब मिलकर अपने-अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग द्वारा पानी की बचत करे। पानी बचाने के जन जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सेवा न्यास द्वारा जल बचाओ अभियान चलाया जा रहा है।


विश्व जल दिवस पर युवाओं को सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने सभी युवाओं से आग्रह है कि पानी को व्यर्थ में न बहने दें व उसका संरक्षण करें। पानी की बर्बादी को रोकने, पानी को बचाने का संकल्प दिलाया।

सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने श्रीमान आयुक्त नगर निगम सतना को ज्ञापन में कहा कि गांधी पुस्तकालय टाउन हॉल के युवाओं को पीने के पानी की व्यवस्था न होने से काफी परेशानियाँ हो रही है। साथ ही पानी न होने से बाथरूम का भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। आयुक्त महोदय ने सेवा न्यास प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र ही समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने भगवान धन्वंतरि का चित्र भेंटकर नवागत आयुक्त महोदय का सम्मान किया।

सेवा न्यास की सक्रिय कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, राजेश त्रिपाठी नीलू, विजय सिंह पटेल, नितिन मिश्रा, शुभम माली, अनिल सैनी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा गांधी पुस्तकालय टाउन हॉल सतना में विश्व जल दिवस के अवसर पर संकल्प लेते न्यास के कार्यकर्ता*




*आयुक्त नगर निगम सतना को ज्ञापन एवं भगवान धन्वंतरि का चित्र देते न्यास के कार्यकर्ता*

# कार्यक्रम : होली मिलन समारोह

**दिनांक : 26 मार्च, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज, बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय सतना में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. राकेश मिश्र ने जिले के गाँव देहातों से आए हुए प्रबुद्ध जनों पर फूलों की वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों संग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य यह है कि जल संरक्षण हेतु आम जनमानस को जागरूक करना। होली महापर्व में केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल न करते हुए हम सबको प्राकृतिक होली खेलना चाहिए। इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और साथ ही पानी की बचत भी होती है।हम सब का दायित्व है की पीने के पानी का संरक्षण करें।

सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने फाग गीत फगुआ गाकर उल्लास के साथ-साथ नृत्य करते हुए होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा पर पुष्प वर्षा करते हुए फाग गाकर होली रंगों के त्यौहार को ढोलक, नगडीया, मंजीरा, वाद्य यंत्रों से फाग की जुगलबंदी की। आज ब्रज में को होली रे रसिया··· गाकर उपस्थित जन झूमने लगे।

जल संरक्षण जागरूकता अभियान अंतर्गत सेवा न्यास कार्यालय में फूलों के संग होली खेली गई साथ ही जल बचाने के लिए जागरूकता जन अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए पीने के पानी के संरक्षण करने पानी को व्यर्थ न करने की शपथ ली।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं पुरुषों ने परस्पर अपने राग द्वेष भुलाकर एक-दूसरे पर फूलों की बरसात की।इसमें जल बचत का संदेश दिया गया, जो सेवा न्यास का मुख्य उद्देश्य है। फूलों की इस होली में फाग गाने बजाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

होली रे रसिया जैसे गीत पर जनता थिरक उठी। बड़ी संख्या उपस्थित लोगों ने फाग के गाने में नाचने व झूमने लगे।सतना के समीपी ग्राम डढ़िया से आयी हुई टीम ने अपनी ढोलक व नगडिया से समाँ बाँध दिया। होली रे रसिया जैसे बघेली गीतों ने आम लोगों का मन मोह लिया है। सेवा न्यास के निमंत्रण पर जिले भर से पधारे हुए लोगों ने

एक-दूसरे पर फूलों को डालकर होली का आनंद लिया। पूरा कार्यालय परिसर बघेली गीतों से गूंज उठा व नृत्य का आनंद लिया।

होली मिलन समारोह में जिले भर से पधारे प्रबुद्ध जनों में से प्रमुख रूप से पूर्व पुलिस अधिकारी बी.डी. पांडे, सुधीर रिछारिया, वरिष्ठ पत्रकार संजय शाह, भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत गौतम, शंकर दयाल त्रिपाठी, श्रीमती राजकुमारी शुक्ला, श्रीमती मनीषा सिंह, सीलम सैनी, मधु वाल्मीकि, चंदा शर्मा, नीलम कुशवाहा, आनंद पयासी, अरविंद सिंह पप्पू, राजीव व्यास, अजय मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा पांडे, बालकृष्ण शुक्ला बेटा, शैलेंद्र त्रिपाठी, सुनील यादव, भागवत गुप्ता, विष्णु नारायण पांडे, के.डी. गौतम, महेंद्र सिंह, शिवम् बडौलिया, नर्मदा प्रसाद पांडे, प्रो. जी.पी. रिछारिया, राजेश त्रिपाठी नीलू, हर्ष त्रिपाठी, शुभम् बडौलिया, अनिल सैनी, नितिन मिश्रा, संजय अग्रवाल, कमलेश्वर अग्रवाल, सचिन त्रिपाठी, नीरज तिवारी, लखनलाल शुक्ला, करूणेश अनुरागी, लवकुश सिंह बघेल, शिवम् शुक्ला, ओमप्रकाश त्रिपाठी,बाबूलाल साहू, रश्मी सैनी, रामजस पटेल, राम विश्वास पटेल, सिंटू दहिया, राम सुरेश विश्वकर्मा, कुंजी अहिरवार, रामदीन साहू, अंकित सोनी सहित सेवा न्यास कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में होली मिलन समारोह में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री रमाकांत गौतम, डॉ. कृष्णा पांडे, श्री महेंद्र अग्रवाल एवं अन्य महानुभाव*





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में होली मिलन समारोह में होली गीतों का गायन करते न्यास के कार्यकर्ता एवं अतिथि गण*




पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
होली मिलन
( दिनांक 26 मार्च 2024
दिन मंगलवार )
द्वेष राग को भूलिए, करिये मिलन सप्रेम ।
प्यारा होली पर्व है, रहे कुशल गृह क्षेम।
जरें रोग सब लपट में, रहें स्वस्थ सब लोग ।
घृणा मिटे संसार से, उर हो निश्छल नेम ।।
जरी होलिका आग में, बचे भक्त प्रहलाद ।
दशों दिशायें गूँजती, भगवन की जय नाद ।
नहीं किसी को कष्ट हो, सुख बरषे चहुँओर ।
सबके मन सद्भावना, उर में हो आल्हाद ।।
इसी भाव को लेकर हम सबने होली मंगलमिलन का आयोजन किया है। जिसमें फाग गायन एवं फूलों की होली से समरसता का भाव बनाने हेतु आपको सादर स्मरण किया है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में फूलों की होली एवं फागों के आनंद मिलन समारोह में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक : 26 मार्च 2024 ( मंगलवार )
समय : दोपहर 2 से 4 बजे तक
स्थान : नेह निकुंज, बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )
विशेषः कार्यक्रम में रंग व गुलाल पूर्णतः वर्जित है।
कृपया रंग व गुलाल लेकर न आयें व जल संरक्षण का संदेश दीजिये।
निवेदक
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना

# समाचार-पत्रों में सेवा न्यास की झलकियाँ



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

## ब्रिटेन की संसद में 'प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड्स' से सम्मानित हुई भारतीय प्रतिभाएँ

दैनिक हटवा ताज — मध्य प्रदेश

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सभी सेवा गतिविधियां अद्भुत- कलेक्टर अनुराग वर्मा

## राकेश मिश्र समर्पण भाव से समाज की कर रहे सेवा- अभय महाजन

दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर 99 पौधों का रोपण

## सेवा न्यास की गतिविधियां गौरवपूर्ण-महापौर

दद्दा जी के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लें- उत्तम बनर्जी

स्वदेश

## सेवा ही परम धर्म है, सतनावासी हों लाभान्वित, यही है लक्ष्य : डॉ. राकेश मिश्र

स्वदेश संवाददाता, सतना

- पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी समारोह पर दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा कैंप 29-30 जुलाई को सतना में
- 24वां मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ चेक अप कैंप हेतु व्यवस्थाओं का बँटवारा

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा मेदांता दि मेडिसिटी दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन 29 एवं 30 जुलाई को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किस नगर मे आयोजित किया गया है। इस संदर्भ मे आज सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज बैठक का आयोजन किया गया। मे वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुये न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने सभी कार्यकर्ताओ को दी गई जिम्मेदारियो का बारीकी से विचार किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से आगामी गतिविधियो के विषय मे कार्यकर्ताओ ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। सतना शहर मे आ रही है मेदांता अस्पताल गुडगांव के डाक्टरो की टीम जो कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 29 और 30 जुलाई 2023 (शनिवार-रविवार) को सरस्वती शिशु मंदिर कृष्ण नगर सतना मे होगा। मेदांता अस्पताल जिसमे हार्ट संबंधित रोग, किडनी रोग, कैंसर, हड्डी एवं जोड़ रोग, सांस की बीमारी, पेट संबंधी बीमारी के विश्व प्रसिद्ध डाक्टरो से मुफ्त परामर्श कर जांचें करा सकते हैं। सभी जांचें बिलकुल फ्री मे होंगी।

मेदांता गुरुग्राम की विशेष चलित बस मेडिकल उपकरण लेकर हुई रवाना

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ चेक अप कैंप मे आठ प्रकार की जांचे जैसे ब्लड प्रेशर, ई.सी. जी., सुगर, तीन माह की सुगर की जांच, हड्डी रोगो की जांच, छाती का एक्स-रे, बॉडी फैट एनालिसिस की जांच, फेफड़ो की जांच, सब फ्री मे होंगी और वह भी विश्व प्रसिद्ध मेदांता अस्पताल गुरुग्राम दिल्ली की टीम द्वारा होगा।

## पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की बहनों ने चलाया महिला स्वच्छता अभियान

**शासकीय इंदिरा कॉलेज में वितरित किए सेनेटरी पैड**

सतना। पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शासकीय इंदिरा कॉलेज में कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को स्वच्छता जागरूकता करते हुए सेनेटरी पैड वितरण किया गया। सेवा न्यास महिला स्वच्छता की टीम की बहनों के द्वारा आज इंदिरा कॉलेज में सेनेटरी पैड वितरण करते हुए बेटियों को स्वच्छता व स्वस्थ रहने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई।

सेवा न्यास के द्वारा महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को स्वच्छता की जानकारी देते सेवा न्यास की महिला स्वच्छता कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिला स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की जानकारी हेतु यह कार्यक्रम पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाया जा रहा है। सेवा न्यास की महिला स्वच्छता के कार्यकर्ताओं ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा साफ-सुथरे व सूखे कपड़े पहने अपने शरीर की सफाई का विशेष ध्यान दें जिससे शरीर स्वस्थ रह सके। छात्राओं को जानकारी देते हुए आगे कहा कि हमेशा नरम नैपकिन का इस्तेमाल करें स्वच्छ पानी से स्नान करें किसी भी प्रकार की समस्या आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। महिला स्वच्छता अभियान की कार्यकर्ता शीलम सैनी, रश्मि सैनी, पूजा वर्मा आदि उपस्थित रहीं।



जन जन जागरण

सशक्त व समृद्ध समाज निर्माण कर रहा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

City भास्कर

सतना हाफ मैराथन में दिखी जोश और जुनून की रफ्तार

26 राज्यों के 3 हजार 139 धावकों ने लगाई दौड़, पुष्प वर्षा से स्वागत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन

- डॉ. राकेश मिश्र समाज सेवा में नये नये कीर्तिमान स्थापित कर इतिहास रच रहे: डॉ. संजय मयूख
- सतना हाफ मैराथन विंध्य के धावकों को वरदान सिद्ध हो रही है: मंत्री रामखिलावन पटेल
- सतना हाफ मैराथन में प्रथम द्वितीय तृतीय समेत 60 पुरस्कारों के चैक प्रदान किए गए
- सतना में सूरज की पहली रोशनी में तिरंगे की आकृति नजर आयी: योगेश ताम्रकार

डॉ. राकेश मिश्र समाज सेवा में नये नये कीर्तिमान स्थापित कर इतिहास रच रहे : डॉ. संजय मयूख राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी भाजपा

स्वदेश

सतना • नव स्वदेश

12 Aug 2023

पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मैराथन से सतना को दिलाई जा रही अंतर्राष्ट्रीय पहचान

सतना नगर | मारूति एक्सप्रेस

पं.गणेश मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान का हुआ शुभारंभ

सतना हाफ मैराथन जिले के धावकों को सुनहरा अवसर: डॉ. मिश्र

पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सभी सामाजिक गतिविधियां सराहनीयः अनुराग वर्मा



# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की षष्टम् पुष्प का लोकार्पण

**सतना (मारूति एक्सप्रेस)।** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतत समाज सेवा, सहयोग, पर्यावरण संरक्षण एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्रियाशील गतिविधियों का लेखा जोखा वार्षिक पुस्तिका "षष्टम् पुष्प" का लोकार्पण गत दिवस किया गया। लोकार्पण समारोह का आयोजन रुद्राणी बुंदेली कला ग्राम एवं शोध संस्थान ओरछा में संपूर्ण रामलीला मंचन के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र नाथ पाठक पूर्व विधायक, डॉ. वेद प्रकाश टंडन, राजा बुंदेला, रामतीर्थ सिंहल, राम नरेश तिवारी, अखिलेश अयाचित, श्रीराम तीर्थ सिंघल रामरतन कुशवाहा विधायक शिवशंकर सिंह, अमित राय, संतोष शर्मा, रमेश अग्रवाल, डॉ. नंद किशोर नापित, श्रीमती वंदना टंडन विकास चौधरी, श्रीमती आशा रावत मालती मिश्रा, रेखा अवस्थी, डॉ रचना मिश्रा, प्रमिला मिश्रा, अविनाश रावत, ब्रजेश अग्रवाल, विनीत रावत, श्रीमती मनीषा सिंह, नितिन मिश्र, ब्रजेश सिंह, श्रीमती अलका सिंह समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की वार्षिक कार्यों का संकलन "षष्टम् पुष्प" का लोकार्पण ओरछा में सम्पन्न

## सेवा न्यास का कार्य अद्भुत व अकल्पनीय: विजय कश्यप फिल्म अभिनेता

## डॉ. राकेश मिश्र व उनकी चारों बहिनों से सीखें माँ-पिता की सेवा: राजा बुंदेला

## सेवा न्यास की गतिविधियों का प्रकाशन समाज के प्रति हमारा उत्तरदायित्व है: डॉ. राकेश मिश्र



## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की वार्षिक कार्य विवरणी का संकलन "षष्टम् पुष्प" का लोकार्पण आज



## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की वार्षिक कार्य विवरणी का संकलन 'षष्टम् पुष्प' का लोकार्पण आज

■ ओरछा में आयोजित होगा लोकार्पण समारोह

■ कई गणमान्य महानुभावों की रहेगी उपस्थिति

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की वार्षिक कार्य विवरणी का संकलन "षष्टम् पुष्प" का लोकार्पण आज

– ओरछा में आयोजित होगा लोकार्पण समारोह, – कई गणमान्य महानुभावों की रहेगी उपस्थिति




## वार्षिक कार्य विवरणी का संकलन "षष्टम् पुष्प" का लोकार्पण कल



कामदगिरि पर्वत पर स्थित श्री कामतानाथ स्वामी
चित्रकूट, जिला-सतना (म.प्र.)



त्रिकूट पर्वत पर विराजमान माँ शारदा मंदिर मैहर
जिला-मैहर (म.प्र.)




पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय भवन
'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव )
जिला-महोबा (उ.प्र.)



**'सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र'**
**'नीलकंठ धाम'**
**ग्राम-धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा ( उ.प्र. ) 471201**

*प्रकाशक*

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)
'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)
gpmsevanyas.org gpmsnyas@gmail.com
Pt. Ganesh Prasad Mishra Seva Nyas
gpmsevanyas gpmsnyas